शोध प्रकाशन ग्रन्थमाला - ६७

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस

(श्रीसिद्धान्तशिखामणिः का अवधी दोहा-चौपाई में पद्यानुवाद)

सत्प्रेरक

श्रीकाशीविश्वाराध्य ज्ञानसिंहासनाधीश्वर
श्री 1008 जगद्गुरु डॉ. चन्द्रशेखर
शिवाचार्य महास्वामी जी महाराज

अनुवादक

प्रो. प्रभुनाथ द्विवेदी
पूर्व आचार्य, संस्कृत विभाग,
महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ,
वाराणसी

शैवभारती शोध प्रतिष्ठान
डी. 35/77, जङ्गमवाड़ी मठ, वाराणसी-221001

शैवभारती शोध प्रतिष्ठान
डी. 35/77, जङ्गमवाड़ी मठ,
वाराणसी-221001

© शैवभारती शोध प्रतिष्ठान

प्रथम संस्करण : 2014

ISBN : 978-93-82639-07-7

मूल्य रु. 300.00

मुद्रक :
मित्तल ऑफसेट्
सुन्दरपुर, वाराणसी

।। ॐ नमः पञ्चजगद्गुरुभ्यः ।।

शैवभारती शोधप्रतिष्ठान के संस्थापक
श्राजगद्गुरुविश्वाराध्य ज्ञानसिंहासनाधीश्वर
श्री श्री श्री १००८ जगद्गुरु
डॉ० चन्द्रशेखर शिवाचार्य महास्वामीजी का

शुभाशीर्वचन

श्रीसिद्धान्तशिखामणि अट्ठाईस शैवागमों पर आधारित वीरशैव धर्मग्रन्थ है। जगद्गुरु रेणुकाचार्य और अगस्त्य महर्षि के संवाद रूप में विद्यमान इस ग्रंथ की रचना महान् योगी और कवि श्री शिवयोगि शिवाचार्य ने की है। इस ग्रन्थ में समस्त मानव जाति के मनोविकास का महामार्ग बताया गया है। इसमें बताये गये एक सौ एक स्थल मनोविकास के उत्तरोत्तर अभिवृद्धि की सीढ़ियाँ हैं। इस ग्रन्थ के पारायण और स्वाध्याय से प्रत्येक जीव भोग और मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। देश-विदेश के सभी शिवभक्तों को इस ग्रंथ का प्रयोजन मिले— इस उद्देश्य से इसका अनुवाद कार्य प्रारंभ किया गया। सहृदय विद्वानों के सहयोग से एक ही वर्ष में कन्नड, मराठी, तेलुगु, मलयालम, हिन्दी, अंग्रेजी, उड़िया, गुजराती, नेपाली एवं रशियन् भाषाओं में अनुवाद कार्य पूर्ण हुआ और अनेक ग्रंथ शैवभारती शोध प्रतिष्ठान के द्वारा प्रकाशित भी हो गये।

उत्तर भारत में गोस्वामी तुलसीदास विरचित *'श्रीरामचरितमानस'* की बड़ी ख्याति है। हमारे मन में विचार आया कि *श्रीसिद्धान्तशिखामणि* भी *श्रीरामचरितमानस* के जैसे अवधी भाषा में पद्य रूपांतर हो। हमारे इस संकल्प को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, के संस्कृत-विभाग के पूर्व आचार्य प्रो. प्रभुनाथ द्विवेदी ने केवल सात महीनों में पूर्ण किया।

आपकी श्रद्धा, विद्वत्ता और कार्य के प्रति तत्परता अद्वितीय है। अवधी भाषा में यह पहला वीरशैव धर्मग्रन्थ है। उत्तर भारत के विद्वज्जनों और सामान्य भक्तजनों को भी इसका प्रयोजन अवश्य मिलेगा। प्रो. द्विवेदी जी की इस अपूर्व साहित्य सेवा से हम अत्यन्त प्रसन्न हैं। काशी विश्वनाथ, माता अन्नपूर्णा और श्रीजगद्गुरु विश्वाराध्य से प्रार्थना करते हैं कि प्रो. प्रभुनाथ जी जीवनभर स्वस्थ रहकर निरन्तर लोक कल्याण के साहित्य की रचना करते रहें। दि. २६.२.२०१४ के दिन काशी जंगमवाडी मठ में सम्पन्न हुई विद्वत् सभा में इस ग्रंथ का सांकेतिक रूप में शिवार्पण हुआ है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के संस्कृत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अमरनाथ पाण्डेय जी ने अपने कर-कमलों द्वारा इस ग्रन्थ का शिवार्पण किया। उनके ऊपर भी बाबा विश्वनाथ की कृपा सदा बनी रहे। प्रो. पाण्डेय जी ने *श्रीसिद्धान्तशिखामणि* का साहित्यिक मूल्यांकन करने का संकल्प भी किया है। हम चाहेंगे कि यह भी शीघ्र शिवार्पण हो।

प्रो. द्विवेदी जी के **श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस** का विधिवत् शिवार्पण काशी जंगमवाडीमठ में ७-७-२०१४ से ११-११-२०१४ तक होने वाले पीठारोहण के रजत महोत्सव में सम्पन्न होगा। इस शुभ संदर्भ में *श्रीसिद्धान्तशिखामणि* के विविध रूपों के २५ ग्रंथों का शिवार्पण सम्पन्न होने वाला है। देश-विदेश की विविध भाषाओं के विद्वानों से हम भविष्य में भी आशा रखते हैं कि काशी पीठ की साहित्य सेवा में आप सब लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।

शैवभारती शोध प्रतिष्ठान के टंकण कुशल चिदानंद ओ. हिरेमठ ने *श्रीसिद्धान्तशिखामणि* के संस्कृत श्लोकों का अक्षर-संयोजन किया है। श्री राजकुमार जायसवाल ने हिन्दी भाग के साथ संपूर्ण ग्रंथ का अक्षर-संयोजन का कार्य सम्पन्न किया है। अत: इन दोनों को अनन्त मंगलाशीर्वाद। इस संस्था के कार्यदर्शी डॉ. जी. सी. केण्डदमठ ने ग्रंथ मुद्रण की पूर्ण जिम्मेवारी समर्थरूप से निभाया है। अत: इनको भी अनंत मंगलाशीर्वाद।

अवधी भाषा-भाषी इस ग्रंथ का संपूर्ण लाभ प्राप्त करें।

सबको अनंतमंगलाशीर्वाद।

इत्याशीषः

प्रस्तावना

भारतीय धर्मपरम्परा में वीरशैव धर्म एक सनातन धर्म माना जाता है। इस धर्म के संस्थापक पाँच आचार्य हैं। उन्हें श्रीजगद्गुरु पञ्चाचार्य कहा जाता है। श्रीसिद्धान्तशिखामणि एक वीरशैव धर्म ग्रन्थ है, अतः इस प्रसङ्ग में जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी एवं पञ्चाचार्य का संक्षेप में परिचय देते हुए श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी एवं श्रीसिद्धान्तशिखामणि के बारे में विस्तृत विवरण दिया जा रहा है। हम आगे चलकर उपर्युक्त विषय पर यथासम्भव प्रकाश डालेंगे। उससे जिज्ञासु लोगों की जिज्ञासा का प्रचुर मात्रा में समाधान हो सकेगा।

भारतीय धर्मदर्शनों में वीरशैव धर्मदर्शन का एक विशिष्ट स्थान है। इसकी स्थापना रेणुक, दारुक, घण्टाकर्ण, धेनुकर्ण एवं विश्वकर्ण नामक पाँच प्रमुख शिवगणों ने शिव के आदेशानुसार की। इन्हीं पाँच शिवगणों को श्रीजगद्गुरु पञ्चाचार्य कहते हैं। ये पञ्चाचार्य भूलोक में क्रमशः आन्ध्रप्रदेश के कोल्लीपाकी क्षेत्र में सोमनाथ, मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थित वट क्षेत्र के सिद्धेश्वर, आन्ध्रप्रदेश के श्रीशैल क्षेत्र के मल्लिकार्जुन एवं उत्तरप्रदेश के काशी क्षेत्र के विश्वेश्वर ज्योतिर्लिंगों से प्रकट हुए। उन्होंने धर्मस्थापना के निमित्त रम्भापुरी (कर्नाटक), उज्जैन (मध्यप्रदेश एवं कर्नाटक), ओखीमठ (उत्तराञ्चल) तथा काशी (उत्तर प्रदेश)क्षेत्रों में पाँच धर्मपीठों की स्थापना की। ये पाँच पीठ वीरशैव धर्म के राष्ट्रिय पीठ माने जाते हैं। इन पाँचों पीठों के आचार्यों ने पाँच महर्षियों को सूत्र रूप में वीरशैव धर्म-दर्शन का उपदेश दिया। इनमें रम्भापुरी पीठ के श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी ने महर्षि अगस्त्य जी को पड्विडि-सूत्र का, उज्जैन पीठ के जगद्गुरु दारुकाचार्य जी ने दधीचि महर्षि को वृष्टि-सूत्र का, हिमवत् केदार पीठ के जगद्गुरु घण्टाकर्णाचार्य जी ने व्यास महर्षि को लम्बनसूत्र का, श्रीशैलपीठ के जगद्गुरु धेनुकर्णाचार्य जी ने सानन्द महर्षि को मुक्तागुच्छ-सूत्र और काशी पीठ के जगद्गुरु विश्वकर्णाचार्य जी ने महर्षि दुर्वासा को पञ्चवर्ण-महासूत्र का उपदेश दिया।

पञ्चाननमुखोद्भूतान्   पञ्चाक्षरमनूपमान्।
पञ्चसूत्रकृतो वन्दे पञ्चाचार्यान् जगद्गुरून्।।

(पञ्चमुख सदाशिव के पाँच मुखों से आविर्भूत होकर न, म, शि, वा एवं य इन पञ्चाक्षरों के समान स्वरूप वाले पाँच सूत्रों की रचना करने वाले जगद्गुरु पञ्चाचार्यों को नमस्कार)। यह परम्परागत श्लोक सुप्रसिद्ध है।

इनमें काशी पीठ के जगद्गुरु विश्वकर्णाचार्य जी के द्वारा महर्षि दुर्वासा को उपदिष्ट पञ्चवर्णमहासूत्र का भाष्य, हिन्दी व्याख्या के साथ ईसवी सन् २००५ में काशी जङ्गमवाडी

मठ के शैवभारती शोधप्रतिष्ठान के द्वारा प्रकाशित किया जा चुका है। इस शोधसंस्था के निदेशक राष्ट्रियपण्डित व्रजवल्लभ द्विवेदी जी ने अत्यन्त परिश्रम से हिन्दी अनुवाद के साथ उसका सम्पादन किया है। आशा है अन्य आचार्यों के द्वारा उपदिष्ट अवशिष्ट चार सूत्रों का संशोधन और सम्पादन भी शीघ्र ही सम्पन्न होगा।

रम्भापुरी पीठ के जगद्गुरु के द्वारा महर्षि अगस्त्य को पड्विडि-सूत्र के साथ आगमोक्त वीरशैव सिद्धान्त का जो विस्तार से उपदेश किया गया था, उसका संग्रह श्री शिवयोगी शिवाचार्य ने किया है। यही ग्रन्थ आज श्रीसिद्धान्तशिखामणि के नाम से प्रसिद्ध है।

श्रीसिद्धान्तशिखामणि वीरशैव धर्म दर्शनों का प्रतिपादक एक अद्वितीय संस्कृत ग्रन्थ माना जाता है। जैसे वेदान्त-प्रस्थानत्रयी में उपनिषदों की सारभूत भगवद्गीता भगवान् श्रीकृष्ण के द्वारा उपदिष्ट होने पर भी महर्षि व्यास के द्वारा लिपिबद्ध की गयी, उसी प्रकार जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी के द्वारा महर्षि अगस्त्य जी को उपदिष्ट वीरशैव सिद्धान्त को शिवयोगी शिवाचार्य नामक सुप्रसिद्ध वीरशैव आचार्य ने रेणुकागस्त्यसंवाद के रूप में लिपिबद्ध किया। जिस प्रकार भगवद्गीता सभी उपनिषदों का सारसर्वस्व है, उसी प्रकार श्रीसिद्धान्तशिखामणि कामिकादि वातुलान्त २८ सिद्धान्तागमों का सारभूत है।

इक्कीस परिच्छेदों में उपनिबद्ध श्रीसिद्धान्तशिखामणि में प्रायः १४०० श्लोक हैं। इस ग्रन्थ के पहले परिच्छेद से लेकर चौथे परिच्छेद तक मङ्गलाचरण, कवि का वंशवर्णन, कैलास-पर्वत-वर्णन, जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी के लिङ्गावतार का वर्णन और महर्षि अगस्त्य जी के आश्रम आदि का वर्णन किया गया है। इक्कीसवें परिच्छेद में विभीषण की प्रार्थना के अनुसार श्रीलङ्का में जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी के द्वारा तीन करोड़ शिवलिङ्गों की युगपत् स्थापना करने की महिमा वर्णित है। इस ग्रन्थ के पञ्चम परिच्छेद से बीसवें परिच्छेद तक के भाग में वीरशैव धर्म-दर्शन का षट्स्थल सिद्धान्त एक सौ एक (१०१) अवान्तर स्थलों के रूप में सविस्तर प्रतिपादित किया गया है।

श्रीसिद्धान्तशिखामणि ही ऐसा पहला ग्रन्थ है, जिसमें वीरशैव षट्स्थल सिद्धान्त को एकोत्तरशत स्थलों के रूप में शास्त्रोक्त रीत्या प्रतिपादित किया गया है। अन्य शैवागमों में षट्स्थलों का केवल नामोल्लेख तथा उनके सिद्धान्तों को प्रतिपादित किया गया है, लेकिन श्री शिवयोगी शिवाचार्य जी ने आगमोक्त षट्स्थल सिद्धान्त को आधार मानते हुए उन षट्स्थलों को १०१ स्थलों में विस्तृत करके एक अपूर्व एवम् अद्भुत पद्धति से उनका विवेचन किया है। अतः षट्स्थलों के एकोत्तरशत स्थलों के रूप में प्रथम विवेचक श्री शिवयोगी शिवाचार्य ही माने जाते हैं।

ग्रन्थनाम रहस्य– श्रीरेणुकागस्त्यसंवादात्मक इस ग्रन्थ का 'श्रीसिद्धान्त-शिखामणि' नामकरण किया गया है। इसका रहस्य यह है कि कामिकादि वातुलान्त शिवोपदिष्ट २८ शैवागम सिद्धान्तागम के नाम से प्रसिद्ध है।[१] इन सिद्धान्तागमों के उत्तर भाग में वीरशैव सिद्धान्त प्रतिपादित है। इस तरह सिद्धान्तागमों के उत्तर भाग में प्रतिपादित वीरशैव सिद्धान्त को श्री शिवयोगी शिवाचार्य ने अपनी विशिष्ट रचनाशैली में संगृहीत किया है। यह संगृहीत सिद्धान्त शिखामणि, अर्थात् शिरोरत्न के समान होने के कारण इसे 'सिद्धान्तशिखामणि' कहा जाता है। इसी अर्थ का समर्थन करते हुए ग्रन्थकार ने स्वत: कहा है–

सर्वेषां शैवतन्त्राणामुत्तरत्वान्निरुत्तरम्।
नाम्ना प्रतीयते लोके यत्सिद्धान्तशिखामणि:।।

अत: आगम प्रतिपादित अनेक सिद्धान्तों में वीरशैव सिद्धान्त एक शिखामणिसदृश होने के कारण प्रस्तुत ग्रन्थ में प्रतिपादित है। इसीलिए इस ग्रन्थ को श्रीसिद्धान्तशिखामणि कहा गया है।

ग्रन्थकार और उनका काल– ग्रन्थकार श्री शिवयोगी शिवाचार्य ने इस ग्रन्थ के प्रथम परिच्छेद में श्लोक सं० १३ से २० तक अपने वंश का वर्णन किया है। इस वर्णन से यह ज्ञात होता है कि इनके वंश में बहुत पहले शिवयोगी नामक एक महान् योगी उत्पन्न हुए थे। उनके वंश में मुद्ददेव नामक आचार्य हुए। उनके सिद्धनाथ नामक एक सुपुत्र थे। उनको पुन: शिवयोगी नामक पुत्र उत्पन्न हुए। यह शिवयोगी ही इस ग्रन्थ के रचयिता शिवयोगी शिवाचार्य हैं।

(ग्रन्थकार का वंशवृक्ष)
↓
शिवयोगी
↓
मुद्ददेव
↓
सिद्धनाथ
↓
शिवयोगी (सिद्धान्तशिखामणि के रचयिता)

१. सिद्धान्तशब्द: पङ्कजादिशब्दवद योगरूढ्या शिवप्रणीतेषु कामिकादिषु दशाष्टादशतन्त्रेषु प्रसिद्ध: (रत्नत्रयम्, पृ. ५) ।

इस वंशवर्णन से शिवयोगी शिवाचार्य जी के देश और काल के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ भी पता नहीं चलता। १७वीं शताब्दी में वर्तमान कर्नाटक के मरितोण्टदार्य नामक एक विद्वान् ने इस ग्रन्थ पर तत्त्वप्रदीपिका नामक संस्कृत व्याख्या लिखी। उन्होंने अपने व्याख्यान की अवतरणिका के प्रारम्भ में– 'अत्र कलिकालप्रवेशानन्तरं लोकहितार्थं रेणुकगणेश्वर इति प्रसिद्धो रेवणसिद्धेश्वर: कुम्भसम्भवाय वीरशैवशास्त्रमुपदिष्टवान्। तदनन्तरं रेवणसिद्धेश्वरदृष्टिगर्भसम्भूत-सिद्धरामेश्वरसम्प्रदायप्रसिद्ध: सकलनिगमागमपारग: शिवयोगीश्वर इत्यभिधानवान् कश्चिन्माहेश्वरस्तद्रेणुकागस्त्ससंवादं निर्विघ्नेन स्वशिष्यान् बोधयितुं स्वमनसि कृतसंकल्पसिद्धान्तश्रेष्ठनिगमागमैक्यगर्भीकारलक्षणस्वेष्टदेवतानमस्काररूपं मङ्गलं शिष्यशिक्षार्थं सप्तभि: श्लोकैर्निबध्नाति'[१] इस अवतरणिका में ग्रन्थकार शिवयोगी शिवाचार्यजी को श्रीसिद्धरामेश्वरजी के सम्प्रदाय से सम्बद्ध, अर्थात् उनका वंशज माना गया है। लेकिन मरितोण्टदार्यजी की यह उक्ति तर्कसङ्गत नहीं प्रतीत होती।

महाराष्ट्र प्रान्त के सोलापुर में १२वीं शताब्दी में श्री सिद्धरामेश्वर नामक एक महान् शिवयोगी आचार्य हुए। उनके पिता का नाम मुद्दगौडा था। यहाँ पर शिवयोगी शिवाचार्य ने अपने पूर्ववंशजों में एक का नाम मुद्ददेव कहा है। उधर मुद्दगौडा का पुत्र सिद्धराम था। यहाँ मुद्ददेव को मुद्दगौडा समझकर और सिद्धनाथ को सिद्धराम समझकर मरितोण्टदार्यजी के मन में भ्रम पैदा हो गया होगा। वस्तुत: सोलापुर के श्रीसिद्धरामेश्वर के वंश के साथ श्री शिवयोगी शिवाचार्यजी का कोई सम्बन्ध नहीं हो सकता। कर्नाटक के वीरशैव विद्वान् डा. ज. च. नि.[२] और एन. आर. करिबसव शास्त्री[३] आदि विद्वानों ने श्री मरितोण्टदार्यजी की विचारसरणि को विसंगत माना है।

ग्रन्थ के कालनिर्णय में दासगुप्त की अनवधानता– डॉ. एस. एन. दासगुप्त भारतीय दर्शनशास्त्र के बहुत बड़े इतिहासज्ञ माने जाते हैं। इन्होंने A History of Indian Philosophy, Vol.No.5, Page No.44 में श्रीसिद्धान्त-शिखामणि के काल के बारे में लिखते समय कहा है– 'श्रीसिद्धान्तशिखामणि में श्री बसवेश्वर जी के नाम का उल्लेख होने से यह ग्रन्थ श्री बसवेश्वर के बाद का तथा श्रीकरभाष्य में श्रीसिद्धान्तशिखामणि का उल्लेख होने से यह श्रीपति पण्डिताराध्य जी से पहले की रचना हो सकती है।' किन्तु श्री दासगुप्त जी के मत की अपेक्षा इन दो व्यक्तियों की युक्तियों के आधार पर भी सिद्धान्तशिखामणि का काल श्रीकरभाष्य की अपेक्षा प्राचीन मानना अधिक युक्त है।

१. सि.शि., पृष्ठसंख्या १-२
२. कन्नडमणिकान्तिपीठिका, पृष्ठ-१६ से २० (ई. सन् १९५१) ।
३. सिद्धान्तशिखामणि, कन्नड प्रस्तावना, पृष्ठ- ५, (ई. सन् १९२१) ।

लेकिन यह ग्रन्थ बसवेश्वर के बाद का है, यह कथन निराधार है, क्योंकि श्रीसिद्धान्तशिखामणि के मूल श्लोकों में कहीं पर भी श्री बसवेश्वर का उल्लेख नहीं मिलता। किन्तु श्री मरितोण्टदार्यकृत तत्त्वप्रदीपिका व्याख्या की अवतरणिका में वीरभद्राचार्य एवं बसवेश्वराचार्य का प्रतिपादन किया गया है।[१]

इससे यह सिद्ध होता है कि श्रीसिद्धान्तशिखामणि की तत्त्वप्रदीपिकाव्याख्या के कर्ता श्रीमरितोण्टदार्य श्री बसवेश्वर के परवर्ती थे, न कि मूल लेखक शिवयोगी शिवाचार्य। श्रीदासगुप्त जी सम्भवतः सिद्धान्तशिखामणि के काल के निर्णय के सन्दर्भ में मूलग्रन्थ तथा उसकी व्याख्या में भेद को न समझने के कारण अनवधानता कर बैठे।

यहाँ पर एक तथ्य समझ लेना चाहिये कि महात्मा बसवेश्वर ने अपने एक वचन में श्रीसिद्धान्तशिखामणि के–

प्रसादाद् देवताभक्तिः प्रसादो भक्तिसम्भवः ।
यथैवाङ्कुरतो बीजं बीजतो वा यथाऽङ्कुरः ।।

इस श्लोक को प्रमाण के रूप में उद्धृत किया है।[२] यह श्लोक श्रीसिद्धान्त-शिखामणि के नवम परिच्छेद का ३६वाँ श्लोक है। इसके अतिरिक्त १२वीं शताब्दी के चन्नबसवेश्वर आदि सन्तों ने जातिवाद के निराकरण प्रसङ्ग में–

शिवभक्तिसमावेशे क्व जातिपरिकल्पना ।
इन्धनेष्वग्निदग्धेषु को वा भेदः प्रकीर्त्यते ।। (सि.शि. ११.५५)

श्रीसिद्धान्तशिखामणि के इस श्लोक को प्रमाण रूप में उद्धृत किया है। अतः श्रीशिवयोगी शिवाचार्य १२वीं शताब्दी से पहले ही विद्यमान थे, यह स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है।

इसके अतिरिक्त श्रीपति पण्डिताराध्य विरचित श्रीकरभाष्य में[३] श्रीसिद्धान्त-शिखामणि का सप्रमाण उल्लेख होने के कारण इस ग्रन्थकार का समय श्रीपति पण्डिताराध्य से पूर्व मानना पड़ेगा। श्रीपति पण्डिताराध्यजी के कार्यकाल के बारे में भारतीय दर्शनशास्त्र के सुप्रसिद्ध विद्वान् स्वर्गीय पण्डित बलदेव उपाध्यायजी[४] ने ख्रीष्ट सन् १०६० ई० माना है और श्रीकरभाष्य में श्री रामानुजाचार्य जी का तथा उनके श्रीभाष्य का उल्लेख होने के कारण श्रीपति जी श्री

१. सि.शि., ९-३६, तत्त्वप्रदीपिकाव्याख्या, पृष्ठ १८५ (वीरशैव साहित्य संशोधन मंडल), सोलापुर प्रकाशन, (ई. १९९०) ।
२. बसवेश्वर के वचन भाग (१) पृष्ठ, १०७ कर्नाटक विश्वविद्यालय प्रकाशन, ई. सन् १९७६
३. ब्रह्मसूत्र श्रीकरभाष्य, १-१-१
४. भारतीय दर्शन, पृष्ठ-४६१ चौखम्बा ओरियंटालिया, ई. सन् १९७६

रामानुजाचार्य से परवर्ती सिद्ध होते हैं। भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् जी ने रामानुजाचार्य का काल ख्रीष्ट सन् १०२७ ई० माना है।[१]

काशीपीठ के पूर्व जगद्गुरु वीरभद्र शिवाचार्य जी[२] तथा श्री टी. एस. नारायण शास्त्री जी[३] ने श्रीकरभाष्य का काल प्राचीन शिलाशासनों के आधार पर क्रमशः ख्रीष्ट सन् १०६४ ई० तथा १०७२ ई० माने हैं। इन सभी विद्वानों के विचारों से श्रीपति पण्डिताराध्य जी का काल निश्चित रूप से ११ वीं शताब्दी सिद्ध होता है। इनके द्वारा लिखित श्रीकरभाष्य में उल्लिखित श्रीसिद्धान्तशिखामणि के रचयिता श्रीशिवयोगी शिवाचार्य जी को उससे भी पूर्ववर्ती अवश्य मानना चाहिये। इसके अतिरिक्त श्रीसिद्धान्तशिखामणि में श्रीशिवयोगी शिवाचार्य ने कहा है–

येन रक्षावती जाता शिवभक्तिः सनातनी।
बौद्धादिप्रतिसिद्धान्तमहाध्वान्तांशुमालिना।।

इस श्लोक में बौद्ध आदि प्रतिसिद्धान्तों से शिवभक्तों की रक्षा के लिये प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना की– ऐसा इनके उपर्युक्त वचन से सिद्ध होता है। भारत में बौद्ध धर्म के प्रबल प्रचार का समय ६००-८०० ईस्वी माना जाता है। अतः श्रीसिद्धान्तशिखामणि का रचनाकाल भी ६००-८०० ईस्वी मानना चाहिये। इस प्रकार श्रीसिद्धान्तशिखामणि का रचनाकाल लगभग ७वीं शताब्दी से पहले का मानने में कोई अनौचित्य नहीं है।

शिवयोगी शिवाचार्य का देश-विचार– श्रीसिद्धान्तशिखामणि के रचनाकार श्रीशिवयोगी शिवाचार्य ने अपना वंशवर्णन करते समय कहीं भी अपने गाँव या प्रदेश का नाम निर्देश नहीं किया है। अतः उनके देश के बारे में निश्चित रूप से कहना कठिन है। तथापि मैसूर के वे. पं. काशीनाथ शास्त्रीजी और डॉ. ज. च. नि. महोदय ने 'शिवयोगी शिवाचार्य जी कर्नाटक प्रदेश के रहे, तत्रापि बीजापुर जिले के सालोटगी ग्राम निवासी रहे' इस प्रकार उनके स्थान का प्रतिपादन किया है।[४]

श्रीसिद्धान्तशिखामणि के टीकाकार– वीरशैवों के धर्मग्रन्थ के रूप में प्रख्यात श्रीसिद्धान्तशिखामणि के ऊपर संस्कृत, कन्नड, हिन्दी, मराठी, तेलुगु तथा अंग्रेजी आदि

१. Indian Philosophy, Vol. No.2, Page No. 665, Published D. R. Bhagi, Bombay 1977 A.D.
२. श्रीकरभाष्य चतुःसूत्रीपीठिका, पृष्ठ-४, जङ्गमवाडी मठ, वाराणसी प्रकाशन, ई. सन् १९७५
३. 'The Indian Review' Vol. No. May 1915, Page No. 5
४. सिद्धान्तशिखामणि प्रस्तावना, पृष्ठ-७, काशीनाथ ग्रन्थमाला, मैसूर, ई. सन् १९७२.

भाषाओं में अनेक विद्वानों ने व्याख्याएँ लिखी हैं। वीरशैव धर्म-दर्शन के किसी और संस्कृत ग्रन्थ की इतनी भाषाओं में व्याख्या नहीं है। इससे इस ग्रन्थ की महत्ता और लोकप्रियता सिद्ध होती है।

१७वीं शताब्दी में वर्तमान सोसले रेवणाराध्य नामक कन्नड विद्वान् ने इस ग्रन्थ के ऊपर 'सिद्धार्थबोधिनी' नामक कन्नड व्याख्या की रचना की। उसके बाद १७वीं शताब्दी में श्री मरितोण्टदार्यजी ने 'तत्त्वप्रदीपिका' नामक संस्कृत व्याख्या की रचना की। तत्पश्चात् मैसूर के आस्थानविद्वान् लिं. एन्. आर्. करिबसव शास्त्री जी, मैसूर के ही लिं. पं. काशीनाथ शास्त्री जी, एम्. एल्. नागण्णा जी, बीजापुर के ज्ञानयोगाश्रम के संस्थापक श्री मल्लिकार्जुन स्वामीजी आदि बीसवीं शताब्दी के विद्वानों ने कन्नड भाषा में अपनी-अपनी शैली में व्याख्या लिखी है।

कर्नाटक के चित्रदुर्ग के एस्. एम्. सिद्धय्या नामक विद्वान् ने श्रीसिद्धान्तशिखामणि के ऊपर कन्नड भाषा में 'भामिनीषट्पदी' नामक कन्नड छन्द में पद्य रूप में व्याख्या लिखी है। यह एक विलक्षण कृति है। बंगलोर विश्वविद्यालय के भूतपूर्व संस्कृतविभागाध्यक्ष डॉ. एम्. शिवकुमार स्वामी जी ने १९६८ ईस्वी में श्रीसिद्धान्तशिखामणि के चुने हुए श्लोकों पर अंग्रेजी अनुवाद करके इसे 'श्रीरेणुकगीता' के नाम से प्रकाशित किया है। अभी उन्हीं विद्वान् ने मरितोण्टदार्य जी की व्याख्या के साथ मूल सम्पूर्ण ग्रन्थ का अंग्रेजी भाषा में विस्तृत अनुवाद किया है। इसका प्रकाशन ई. सन् २००७ में जंगमवाडी मठ के शैवभारती शोधप्रतिष्ठान के द्वारा सम्पन्न हो गया है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के पूर्व आचार्य पं. राधेश्याम चतुर्वेदी ने श्रीसिद्धान्तशिखामणि पर 'ज्ञानवती' नामक हिन्दी व्याख्या लिखी है। वह ई. सन् २००६ में प्रकाशित हो चुका है।

कर्नाटक के सुप्रसिद्ध संशोधक एवं बहुत बड़े साहित्यरचनाकार डॉ. ज. च. नि. (निडुमामिडि संस्थान के श्री ष. ब्र. डॉ. चन्नबसवराज देशिकेन्द्र महास्वामी जी) महोदय ने श्रीसिद्धान्तशिखामणि ग्रन्थ के ऊपर 'जीवनसिद्धान्त' के नाम से विस्तृत विवेचनात्मक व्याख्या लिखी है, जो छः भागों में १९६९-१९७० ईस्वी में प्रकाशित होकर कर्नाटक में विद्वन्मान्य हो गयी है।

मैं अपने पूर्वाश्रम में श्रीसिद्धान्तशिखामणि के ऊपर कन्नड भाषा में प्रवचन करता रहा। धीरे-धीरे उस ग्रन्थ के १०१ स्थलों पर अलग-अलग प्रवचन ग्रन्थ प्रकाशित करने की इच्छा हुई। 'श्रीसिद्धान्तशिखामणिप्रवचनप्रभे' नाम से ई.सन् १९८९ तक इसके छः

भाग प्रकाशित हो गये। काशी जंगमवाडी मठ के पीठाधीश्वर बनने के पश्चात् मैंने अवशिष्ट सभी स्थलों पर प्रवचन लिखकर पूरे १०१ स्थलों को २ बृहद् भागों में (१९४९ पृष्ठ) ई. सन् २००० में छपवाकर पहली बार प्रकाशित कराया।

कन्नड भाषा में प्रकटित प्रवचनशैली के इन दोनों भागों के अभी तक अतिशय लोकप्रिय होने के कारण पाँच संस्करण निकल चुके हैं। इन दोनों भागों के संकलनकार्य में काशी जंगमवाडी मठ के वरिष्ठ शोधच्छात्र और बबलेश्वर बृहन्मठ के पट्टाध्यक्ष श्री ष.ब्र. डॉ. महादेव शिवाचार्य एवं हिप्परगी व एडूर मठाध्यक्ष श्री ष.ब्र. डॉ. सिद्धराम पण्डिताराध्य शिवाचार्य स्वामी जी का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है, अतः वे भी साधुवाद के पात्र हैं।

श्री सिद्धान्तशिखामणि पर आधृत हमारे प्रवचनों का सोलापुर के मराठी वीरशैव साहित्य के बहुत बड़े विद्वान् डॉ. शे. दे. पसारकर ने संग्रह करके मराठी भाषा में उनका अनुवाद किया। उन मराठी प्रवचनों का संग्रह 'जन्म हा अखेरचा' नाम से प्रकाशन हुआ है। उसके भी अभी तक पाँच संस्करण निकल चुके हैं। इस तरह श्रीसिद्धान्तशिखामणि में प्रतिपादित वीरशैव दार्शनिक सिद्धान्त को लोगों को समझाने के लिए अनेक विद्वानों ने विभिन्न भाषाओं में टीका, व्याख्यान और प्रवचनादि लिखकर वीरशैव साहित्य के संवर्धन में अपना बहुत बड़ा योगदान किया है।

श्रीसिद्धान्तशिखामणि पर आधृत शोधप्रबन्ध– एक दार्शनिक ग्रन्थ होने के कारण श्रीसिद्धान्तशिखामणि के ऊपर एक समीक्षात्मक अध्ययन करने की इच्छा हमारे मन में हुई। १९७३ ईसवी में वेदान्ताचार्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात् सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के तत्कालीन वेदान्तविभागाध्यक्ष स्वर्गीय पं. देवस्वरूप मिश्र के मार्गदर्शन में 'श्रीसिद्धान्तशिखामणेर्दर्शनान्तरीयसिद्धान्तैः सह समीक्षा' विषय पर अनुसन्धान कार्य १९७४ में प्रारम्भ हुआ। ई. सन् १९८४ में अनुसन्धान कार्य पूरा हुआ। बाद में ई. सन् १९८९ में शैवभारती भवन जंगमवाडी मठ के द्वारा इसका प्रकाशन हुआ। इसके प्रकाशन के लिए केन्द्र सरकार के मानवसंसाधनविकास मन्त्रालय के शिक्षा विभाग के द्वारा आर्थिक सहायता प्राप्त हुई थी। 'श्रीसिद्धान्तशिखामणिसमीक्षा' नामक यह शोध-प्रबन्ध सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदान्त विभाग में शक्तिविशिष्टाद्वैत वेदान्ताचार्य की एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृतविद्या-धर्मविज्ञान संङ्काय के धर्मागम विभाग की आचार्य परीक्षा के लिए पाठ्यग्रन्थ के रूप में स्वीकृत हुआ है।

काशी जंगमवाडी मठीय जगद्गुरु विश्वाराध्य गुरुकुल के शोधच्छात्र श्री. ष. ब्र. डॉ. सिद्धराम पण्डिताराध्य शिवाचार्य (सिद्धराम देव हिप्परगी) ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के

संस्कृतविद्या-धर्मविज्ञान सङ्काय के वेदान्त विभाग में प्रोफेसर पण्डित सुधांशुशेखर शास्त्री जी के मार्गदर्शन में श्रीसिद्धान्तशिखामणि एवं श्रीमद्भगवद्गीता का तुलनात्मक अध्ययन कर डाक्टरेट उपाधि प्राप्त की। इस शोधप्रबन्ध में श्रीसिद्धान्तशिखामणि एवं श्रीमद्भगवद्गीता के तात्त्विक सिद्धान्तों की तुलना की गयी है।

बेंगलोर विभूतिपुर वीरसिंहासन संस्थान मठ के पट्टाध्यक्ष श्री ष.ब्र. डॉ. महान्तलिंग शिवाचार्य स्वामीजीने बेंगलोर विश्वविद्यालय से "शैवागम और श्रीसिद्धान्तशिखामणि" इस विषय पर शोध कार्य करके डाक्टरेट उपाधि प्राप्त की है। यह ग्रंथ २०१३ में प्रकाशित हुआ है।

श्रीसिद्धान्तशिखामणि पर राष्ट्रिय शास्त्रसङ्गोष्ठी– दिनांक १५ अक्टूबर से १७ अक्टूबर १९९७ तक काशी जंगमवाडी मठ में 'श्रीसिद्धान्तशिखामणि के विविध आयामों पर विचार विमर्श' नामक एक राष्ट्रस्तरीय शास्त्रसंगोष्ठी का आयोजन हुआ था। उसमें पूरे भारतवर्ष के विभिन्न प्रान्तों से बीस प्रमुख विद्वानों ने भाग लिया था। इस गोष्ठी में विद्वानों के निबन्धवाचन तथा उसके ऊपर चर्चाएँ हुई। इन सारे विषयों को 'सिद्धान्तशिखामणि मीमांसा' नामक शोध ग्रन्थ के रूप में जंगमवाडी मठ के शैवभारती शोधप्रतिष्ठान के द्वारा ईसवी सन् २००० में प्रकाशित किया गया। इस प्रकार अनेक विद्वानों ने श्रीसिद्धान्तशिखामणि ग्रन्थ के ऊपर व्याख्यान, प्रवचन, संशोधन आदि कार्य करके दार्शनिक क्षेत्र में इसकी महत्ता को समझाया है।

श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्यजी की लिङ्गोद्भव लीला– शिव के आदेशानुसार वीरशैव धर्म के संस्थापक श्री जगद्गुरु पञ्चाचार्य भूलोक में शिवलिंग से प्रकट हुए। यह विषय शिवागमों में प्रतिपादित है। श्रीसिद्धान्तशिखामणि के तृतीय एवं चतुर्थ परिच्छेद में श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी की लिंगोद्भव लीला वर्णित है। उसके अनुसार एक बार कैलास में भगवान् शिव की सभा चल रही थी। तब भगवान् शिव ने ताम्बूल प्रसाद देने के लिए रेणुक गणेश्वर का आह्वान किया। उस आह्वान से प्रसन्न रेणुक गणेश्वर शीघ्रता में पास में बैठे हुए दारुक गणेश्वर को लांघ कर शिवजी के पास पहुँच गये। इसे देखकर क्रुद्ध शिवजी ने रेणुक गणेश्वर को भूलोक में जन्म लेने के लिए आदेश दे दिया।

उसी समय रेणुक गणेश्वर ने भगवान् शिवजी से प्रार्थना की– "हे भगवन्! आपके आदेश से मैं भूलोक जाने को तैयार हूँ लेकिन सामान्य मनुष्यों जैसा जन्म मुझे न लेना पड़े, आप ऐसी कृपा करें।" इस प्रार्थना से सन्तुष्ट शिवजी ने कहा– "हे रेणुक! तुम बिल्कुल भयभीत न हो। भूलोक के त्रिलिङ्ग देश (आन्ध्र प्रदेश) में विद्यमान सुप्रसिद्ध श्रीशैल क्षेत्र

की उत्तर दिशा में 'कोल्लिपाक' नामक एक क्षेत्र है। वहाँ मैं सोमेश्वर लिङ्ग के नाम से विद्यमान हूँ। तुम उस शिवलिङ्ग में प्रकट हो जाओ। तब तुम्हें मानुष भाव का स्पर्श नहीं होगा। इस प्रकार तुम लिङ्गोद्भव होकर सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए मेरे द्वारा उपदिष्ट वेद-वेदान्तसम्मत शिवाद्वैत सिद्धान्त अर्थात् वीरशैव सिद्धान्त की स्थापना करोगे।" शिव के आदेशानुसार रेणुक गणेश्वर उस सोमेश्वर शिवलिङ्ग से दिव्य देहधारी होकर प्रकट हुए। उसी घटना को जगद्गुरु रेणुकाचार्यजी की लिङ्गोद्भव लीला कहते हैं।

मार्कण्डेय महर्षि को यम के भय से मुक्त करने के लिए जैसे शिव एक स्थावर लिङ्ग से प्रकट हुए थे एवं प्रह्लाद को अनुगृहीत करने के लिए नृसिंह भगवान् जैसे राजमहल के स्तम्भ से प्रकट हुए थे, उसी प्रकार जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी लोकोद्धार के लिए श्री सोमेश्वर शिवलिङ्ग से प्रकट हुए। जन्म और प्राकट्य में बहुत बड़ी भिन्नता है। जन्म होने के लिए जन्म से पहले जनक और जननी की सहविद्यमानता नितान्त जरूरी होती है, किन्तु प्रकट होने के लिए जननी-जनकों की आवश्यकता नहीं होती। जो लोग योगसिद्ध होते हैं, उनका अस्तित्व पहले से ही विद्यमान होता है। वे जहाँ चाहे वहाँ प्रकट होने की क्षमता रखते हैं। श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य शिव के ही समान अणिमादि अष्ट सिद्धियों के धनी थे। अतः उनका भूलोक में शिवलिंग से प्रकट होना कोई आश्चर्य की बात नहीं।

महर्षि पतंजलि– 'ततोऽणिमादिप्रादुर्भावः कायसम्पत् तद्धर्मानभिघातश्च' (यो.सू. ३.४५) के योगसूत्र में और 'यथा परमाणुत्वं प्राप्तो वज्रादीनामप्यतः प्रविशति' भोजवृत्ति में कहा गया है, योगसामर्थ्य के द्वारा अणिमादि अष्ट सिद्धियों को प्राप्त योगी अणुरूप धारण करके अत्यन्त कठिन से कठिन वज्रादि में भी प्रविष्ट होकर पुनः प्रकट हो सकता है।

ऐसी अलौकिक घटनाएँ सामान्य जनता के लिए असम्भव सी लगती है, पर योगसिद्धों के लिए यह सहज घटना मानी जाती है। काशी में विशुद्धानन्द नामक एक दिव्य योगी २०वीं शताब्दी में हुए थे। महामहोपाध्याय पं. गोपीनाथ कविराज जी उनके परमशिष्य रहे। एक बार योगसामर्थ्य की चर्चा करते हुए विशुद्धानन्दजी ने 'जात्यन्तरपरिणाम' इस विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक जाति की वस्तु को दूसरी जाति में परिवर्तित किया जा सकता है। इसे सुनकर पं. गोपीनाथ कविराज के– "यह कैसे सम्भव होगा?" ऐसा तर्क प्रस्तुत करने पर विशुद्धानन्द जी ने अपने हाथ में स्थित एक गुलाब के फूल को योगसामर्थ्य से उनकी (गोपीनाथ की) इच्छा के अनुसार लाल बन्धूक कुसुम के रूप में परिवर्तित करके दिखाया। इस विषय की चर्चा पं. गोपीनाथ कविराज जी ने कल्याण मासिक के योगाङ्क के पृष्ठ ७४८ में 'सूर्यविज्ञान' नामक लेख में की है।

काशी के प्रसिद्ध तैलङ्ग स्वामी जी ने २८० वर्ष तक जीवित रहकर अनेक लीलाएँ की हैं। उनकी लीलाओं के बारे में श्री राजेन्द्रप्रसाद पाण्डेय नामक लेखक ने २८.०१.१९८३ में यहाँ के प्रसिद्ध दैनिक 'आज' अखबार में एक लेख लिखा था। उसके अनुसार एक ब्रिटिश अधिकारी ने तैलङ्ग स्वामीजी को नङ्गे घूमने की वजह से जेल में बन्द कर दिया। लेकिन दूसरे दिन ताला बन्द रहने के बावजूद तैलङ्ग स्वामीजी बाहर निकल आये थे। इस तरह सारे देश में योग की चमत्कारिक घटनाएँ घटती आयी हैं। अत: साक्षात् शिव के सान्निध्य में रहने वाले एक शिवगण श्रीरेणुक गणेश्वर की शिव के समान अणिमादि अष्टसिद्धि से युक्त होने के कारण लिङ्गोद्भव लीला-एक सहज सम्भवनीय घटना है।

श्रीजगद्गुरु रेणुकाचार्य द्वारा त्रिकोटि शिवलिङ्ग स्थापनलीला- श्रीसिद्धान्तशिखामणि के अन्तिम २१वें परिच्छेद में त्रिकोटि शिवलिंग स्थापन-लीला का वर्णन आया है। उस परिच्छेद का सार यह है कि लङ्काधिपति रावण ने नवकोटि लिङ्ग की स्थापना करने का सङ्कल्प किया था। अपने जीवन काल में ही उसने छ: कोटि लिङ्गों की स्थापना की थी। श्रीराम के साथ युद्ध करते-करते स्वर्ग को प्राप्त कर रहे रावण ने अपने छोटे भाई विभीषण को बुलाकर अपने शेष संकल्प को पूरा करने का दायित्व सौंपा। एक ही मुहूर्त में तीन कोटि शिवलिङ्गों की स्थापना करने के लिए विभीषण बहुत दिन तक चिन्तित रहे।

उसी समय श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी महर्षि अगस्त्य को शिवाद्वैत सिद्धान्त का उपदेश करने के बाद व्योम मार्ग से श्रीलङ्का नगरी आ पहुँचे। श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी के श्रीलङ्का में पधारने का समाचार सुनकर विभीषण उनके पास आए और उन्हें गौरव के साथ अपने राजमहल में ले गये। वहाँ पर उनकी वैभव के साथ पादपूजा करके उन्हें अपने ज्येष्ठ भ्राता रावण के सङ्कल्प को सुनाया। उस समय जगद्गुरु रेणुकाचार्य जी ने रावण के सङ्कल्प को पूर्ण करने के लिए एक ही समय में तीन कोटि गुरु-रूप धारण करके तीन कोटि शिवलिङ्गों की स्थापना की। जगद्गुरु रेणुकाचार्य ने अपनी योगसिद्धि से अपने ही जैसे तीन करोड़ आचार्यों का रूप धारण करके अपनी महिमा को दिखाया।

इस प्रकार, श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य ने भूलोक में सोमेश्वर लिङ्ग से आविर्भूत होकर महर्षि अगस्त्य को शिवाद्वैत सिद्धान्त का उपदेश दिया। बाद में श्रीलङ्का में त्रिकोटि शिवलिङ्गों की स्थापना करके अपनी महती शक्ति का प्रदर्शन किया। अवतार का प्रयोजन पूर्ण होने के पश्चात् रेणुकाचार्य पुन: उसी सोमेश्वर शिवलिङ्ग में अन्तर्हित हो गये।

सारांश यह कि श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य ने लोककल्याण एवं वीरशैव धर्म की स्थापना के लिए अवतीर्ण होकर लोगों को अपनी महिमा का भान कराया और महर्षि

अगस्त्य को शिवाद्वैत सिद्धान्त का ज्ञान दिया। वह ज्ञान श्री शिवयोगी शिवाचार्य के द्वारा संगृहीत होकर आज श्रीसिद्धान्तशिखामणि के रूप में सबके लिए सुलभ हो गया है। यह ग्रन्थ वीरशैव धर्म का प्रमुख आकर ग्रन्थ माना जाता है।

श्रीजगद्गुरु चन्द्रशेखरशिवाचार्य महास्वामी जी
जंगमवाडी मठ, वाराणसी

आत्मनिवेदन

परमपूज्य जगद्गुरु डॉ. चन्द्रशेखर शिवाचार्य महास्वामी जी महाराज काशीस्थ जंगमबाड़ी मठ में प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि की पूर्वसंध्या में अनेक पवित्र धर्मानुष्ठानों के साथ ही विद्वत्सत्कार का आयोजन करते हैं। मैं विगत वर्षों से उनका कृपा-भाजन हूँ। महाशिवरात्रि, सं. 2069 वि. की पूर्वसन्ध्या के शुभ अवसर पर मैंने अवधी दोहों में विरचित **श्रीरामानन्दसतसई** श्रद्धेय स्वामी जी की सेवा में भेंट की। उसे देखकर वे परम प्रसन्न हुए। उन्होंने मुझसे कहा— "वीरशैव सम्प्रदाय का श्रेष्ठ सम्मानित आधार ग्रन्थ है- **श्रीसिद्धान्तशिखामणि**। इसका अनुवाद, हिन्दी सहित अनेक भारतीय भाषाओं में हो चुका है और कई विदेशी भाषाओं में भी हुआ है। महाराष्ट्री भाषा की अभंग शैली (गेय पदों) में भी इसका अनुवाद हो चुका है। उत्तर भारत में भक्तजन **श्रीरामचरितमानस** का सङ्गीतमय पाठ करते हैं। सुनकर मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरी हार्दिक इच्छा है कि श्रीसिद्धान्तशिखामणि की भी इसी पद्धति में गेय पदों में प्रस्तुति हो। आपकी श्रीरामानन्दसतसई देखकर मुझे लगा कि आप ऐसा कर सकते हैं।"

मैंने विनयपूर्वक पूज्य महास्वामी जी से कहा कि प्रयत्न करूँगा। इसके पूर्व भी मैंने पूज्य स्वामी जी के निर्देशानुसार वीरशैव सम्प्रदाय के दो लघु ग्रन्थों का भाषिक परिमार्जन करके उन्हें नूतन कलेवर प्रदान किया था। सम्भवतः उन कार्यों से सन्तुष्ट रहने के कारण ही उन्होंने मुझसे ऐसा प्रस्ताव किया होगा। जो भी हो, मैंने इसे भगवान् श्रीकाशी विश्वनाथ एवं माता अन्नपूर्णा का प्रसाद ही माना।

पूज्य महास्वामी जी ने अभीष्ट कार्य सम्पन्न करने के लिए प्रसाद स्वरूप श्रीसिद्धान्तशिखामणि (हिन्दी अनुवाद सहित) ग्रन्थ अनुग्रहपूर्वक दे दिया। मैं उसे लेकर घर चला आया और मनोयोगपूर्वक निर्दिष्ट कार्य में संलग्न हुआ। काशी से बाहर की यात्राओं और प्रवास में यह कार्य स्थगित रहता था किन्तु जब मैं घर रहता था तो मात्र इसी पवित्र कार्य में अपना समय लगाता था। इसके लए मैंने इतर पठन और लेखन कार्यों को विराम दे दिया था। इस प्रकार, श्रीसिद्धान्तशिखामणि का अवधी छन्दोबद्ध रूपान्तरण प्रायः सात महीनों में सम्पन्न हो सका।

परमेश्वर जो कार्य जब और जिससे कराना चाहते हैं, करा लेते हैं। इस कार्य के सम्बन्ध में भी यह मान्यता पूर्णतः चरितार्थ है। पूज्य महास्वामी जी की प्रबल

हार्दिक इच्छा और मेरे श्रद्धेय गुरुवर्य का शुभाशीष इसमें मुख्य हेतु हैं। श्रीसिद्धान्तशिखामणि एक गूढ़ दार्शनिक ग्रन्थ है किन्तु उसकी 'तत्त्वप्रदीपिका' संस्कृत व्याख्या और 'ज्ञानवती' हिन्दी अनुवाद से मुझे पर्याप्त सहायता मिली। अतः, हिन्दी व्याख्याकार डॉ. राधेश्याम चतुर्वेदी जी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता सम्प्रेषित करना मेरा धर्म है।

'श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस' आप सहृदय विज्ञजनों के हाथों में पहुँच गया- यह परमेश्वर का अनुग्रह है। मुख्यतः यह अवधी की चौपाइयों और दोहों में ही निबद्ध है। किन्तु कहीं-कहीं छन्द और सोरठा का भी प्रयोग हो गया है। दर्शन के पारिभाषिक पदों को बैठाने में आयास अवश्य हुआ और अनेकत्र लय बनाये रखने के लिए उन्हें तोड़ना भी पड़ा है। तथापि, विज्ञजन अन्वयपूर्वक उनका समायोजन करके मूल अर्थ तक पहुँच जायेंगे। श्लोकों में निबद्ध मान्य सैद्धान्तिक प्रतिपाद्य की रक्षा करने का पूरा ध्यान रखा गया है; किन्तु यदि कहीं एतद्विषयक त्रुटि या प्रमाद परिलक्षित हो तो वह मेरी असमर्थता का सूचक है और तदर्थ क्षमाप्रार्थी हूँ।

आगमिक मान्यताओं के परिवेश में वीरशैवसिद्धान्त का निरूपण होने के कारण **श्रीसिद्धान्तशिखामणि** के इस अवधी रूपान्तर **श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस** में काव्यात्मकता तो नहीं आ पायी है किन्तु प्रयुक्त छन्दों के अनुरूप लयात्मक गेयता का अभाव नहीं है। इसका सङ्गीतमय पाठ करके भक्तजन पुण्य के साथ ही आनन्द भी प्राप्त करेंगे।

यह अनूदित कृति कैसी बन पड़ी है— इसका निर्णय तो सहृदय जन करेंगे। तथापि, यदि पूज्य महास्वामी जी को इसका अवलोकन तथा श्रवण कर मनस्तोष और प्रसन्नता होती है तो उनकी हार्दिक इच्छा-सम्पूर्ति में निमित्तभूत यह जन अवश्य ही कृतार्थ होगा।

अन्ततः,

उमा संभु मय सब जग जानी। करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी।।
मोहि ते बनेउ जो साधु असाधू। छमहु सन्त जन मम अपराधू।।

।।शं करोतु श्रीशङ्करः।।

वाराणसी
मकर-सङ्क्रान्ति, 2070 वि.
दि. 15 जनवरी, 2014 ई.

विद्वच्चरणचञ्चरीक-
प्रभुनाथ द्विवेदी

विषयानुक्रमणिका

शुभाशीर्वचन	***iii-iv***
प्रस्तावना	***v-xvi***
आत्मनिवेदन	***xvii-xviii***
विषयानुक्रमणिका	***xix-xx***
श्रीसिद्धान्तशिखामणिन्यासादि	***xxi-xxii***
श्रीसिद्धान्तशिखामणिध्यानम्	***xxiii***
श्रीसिद्धान्तशिखामणिमाहात्म्यम्	***xxiv***
फलश्रुति	***xxiv***
प्रथमः परिच्छेदः	**०१-११**
द्वितीयः परिच्छेदः	**१२-२१**
तृतीयः परिच्छेदः	**२२-४३**
चतुर्थः परिच्छेदः	**४४-५७**
पञ्चमः परिच्छेदः	**५८-७५**
षष्ठः परिच्छेदः	**७६-९१**
सप्तमः परिच्छेदः	**९२-१०७**
अष्टमः परिच्छेदः	**१०८-११९**
नवमः परिच्छेदः	**१२०-१४१**
दशमः परिच्छेदः	**१४२-१५९**
एकादशः परिच्छेदः	**१६०-१७७**

द्वादशः परिच्छेदः	**१७८-१८९**
त्रयोदशः परिच्छेदः	**१९०-१९९**
चतुर्दशः परिच्छेदः	**२००-२११**
पञ्चदशः परिच्छेदः	**२१२-२२७**
षोडशः परिच्छेदः	**२२८-२४५**
सप्तदशः परिच्छेदः	**२४६-२६३**
अष्टादशः परिच्छेदः	**२६४-२७९**
एकोनविंशः परिच्छेदः	**२८०-२९९**
विंशः परिच्छेदः	**३००-३१७**
एकविंशः परिच्छेदः	**३१८-३३०**

॥ श्री जगद्गुरवः पंचाचार्याः प्रसीदन्तु ॥



ॐ नमः पञ्चाचार्येभ्यो
नमः पञ्चाननमुखोद्भूतेभ्यो
नमः पञ्चसूत्रकर्तृभ्यो
नमः पञ्चाक्षरमनुस्वरूपेभ्यो
नमः शिवाद्वैतविद्यासम्प्रदायकर्तृभ्यो
नमो वीरशैवमहामतसंस्थापकेभ्यो
नमो जगद्गुरुभ्यः॥

।। अथ श्रीसिद्धान्तशिखामणि न्यासादिः।।

अथ ऋष्यादिन्यासः

अस्य श्रीसिद्धान्तशिखामणिशास्त्रमहामन्त्रस्य
भगवान् श्रीशिवयोगिशिवाचार्य ऋषिः।
अनुष्टुप् छन्दः। श्री सच्चिदानन्दस्वरूपः परशिवो देवता।

सच्चिदानन्दरूपाय शिवाय ब्रह्मणे नमः
इति बीजम्।

अमृतार्थं प्रपन्नानां या सुविद्याप्रदायिनी
इति शक्तिः।

शिवज्ञानकरं वक्ष्ये सिद्धान्तं श्रुणु सादरम्
इति कीलकम्।

●

अथ करन्यासः

एक एव शिवस्साक्षाच्चिदानन्दमयो विभुः
इति अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।

निर्विकल्पो निराकारो निर्गुणो निष्प्रपञ्चकः
इति तर्जनीभ्यां नमः।

अनाद्यविद्यासम्बन्धात्तदंशो जीवनामकः
इति मध्यमाभ्यां नमः।

देवतिर्यङ्मनुष्यादिजातिभेदे व्यवस्थितः
इति अनामिकाभ्यां नमः।

मायी महेश्वरस्तेषां प्रेरको हृदि संस्थितः
इति कनिष्ठिकाभ्यां नमः।

बीजे यथाऽङ्कुरः सिद्धस्तथाऽत्मनि शिवः स्थितः
इति करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

●

अथ अंगन्यासः

एक एव शिवस्साक्षाच्चिदानन्दमयो विभुः
इति हृदयाय नमः।

निर्विकल्पो निराकारो निर्गुणो निष्प्रपञ्चकः
इति शिरसे स्वाहा।

अनाद्यविद्यासम्बन्धात्तदंशो जीवनामक:
इति शिखायै वषट्।
देवतिर्यङ्मनुष्यादिजातिभेदे व्यवस्थित:
इति कवचाय हुम्।
मायी महेश्वरस्तेषां प्रेरको हृदि संस्थित:
इति नेत्रत्रयाय वौषट्।
बीजे यथाऽङ्कुर: सिद्धस्तथाऽत्मनि शिव: स्थित:
इति अस्त्राय फट्।

श्रीशिवप्रीत्यर्थे श्रीसिद्धान्तशिखामणिपाठे विनियोग:।

●●●

।। अथ श्रीसिद्धान्तशिखामणिध्यानम्।।

स्वस्ति श्रीगणनायकेन मुनयेऽगस्त्याय तत्त्वार्थिने
शिष्याय प्रतिबोधिते भगवता श्रीरेणुकेन स्वयम्।
तात! त्वं शिवयोगिवर्यसुकृतिर्मे मानसे मन्दिरे
श्रीसिद्धान्तशिखामणे वस सदा ज्ञानप्रदीपो भव।।१।।

शरणागतदीनार्तपरित्राणैकहेतवे।
श्रीरेणुकगणेशाय ज्ञानमुद्राय ते नम:।।२।।

अगस्त्यसंशयव्रातमहाध्वान्तांशुमालिनम्।
वन्दे शिवसुतं देवं रेणुकाख्यं जगद्गुरुम्।।३।।

नम: शिवाचार्यवराय तुभ्यं श्रीवीरशैवागमसागराय।
विनाऽपि तैलं भवताऽत्र येन प्रज्वालितो ज्ञानमणिप्रदीप:।।४।।

यस्मिन्नागमशास्त्रतत्त्वमखिलं सम्यक् च संसूचितं
भक्तैर्वांञ्छितभुक्तिमुक्तिफलदं यत्कल्पवृक्षात्मकम्।
तं शैवागमसम्मतं निगमविद् विद्वद्भिरासेवितं
श्रीसिद्धान्तशिखामणिं प्रतिदिनं ध्यायेत् सदा सादरम्।।५।।

पूज्यश्रीशिवयोगिवर्यरचितं सिद्धान्तरत्नाकरं
सूक्ष्मं धार्मिकतात्त्विकस्थलयुतं चैकाधिकं तत् शतम्।
त्रैलोक्यं पदमादिमं परपदं सर्वान्तिमे योजितं
श्रीसिद्धान्तशिखामणिं दिनदिनं ध्यायेत् सदा शांतिदम्।।६।।

●●●

।। अथ श्रीसिद्धान्तशिखामणिमाहात्म्यम्।।

य: पठेत् प्रयतो नित्यं श्रीसिद्धान्तशिखामणिम्।
शिवसायुज्यमाप्नोति भयशोकादिवर्जित:।।१।।

सदाऽध्ययनशीलस्य श्रीसिद्धान्तशिखामणे:।
क्षीयन्ते सर्वपापानि पूर्वजन्मकृतानि च।।२।।

जलस्नानाद् वरं पुंसां श्रीसिद्धान्तशिखामणौ।
ज्ञानार्णवे सदा स्नानं संसारमलनाशनम्।।३।।

श्रीरेणुकगणाध्यक्षमुखपद्माद्विनि:सृत:।
कण्ठपीठे सदा धार्य: श्रीसिद्धान्तशिखामणि:।।४।।

श्रीरेणुकगणाध्यक्षवचनामृतसागरम्।
पायं पायं सदा पुंसां पुनर्जन्म न विद्यते।।५।।

सर्वागमव्रजो गावस्तासां दोग्धा च रेणुक:।
वत्सोऽगस्त्य: सुधीर्भोक्ता दुग्धं शिखामणिर्महान्।।६।।

एकं शास्त्रं श्रीशिवाद्वैतसंज्ञम् एको देव: श्रीमहादेव एव।
एको मन्त्र: शैवपञ्चाक्षरोऽयम् कर्माप्येकं इष्टलिङ्गार्चनं हि।।७।।

।। अथ फलश्रुति:।।

श्रीवेदागमवीरशैवसरणिं श्रीषट्स्थलोद्यन्मणिं
श्रीजीवेश्वरयोगपद्मतरणिं श्रीगोप्यचिन्तामणिम्।
श्रीसिद्धान्तशिखामणिं लिखयिता यस्तं लिखित्वा परान्
श्रुत्वा श्रावयिता स याति विमलां भुक्तिं च मुक्तिं पराम्।।

॥ॐ नमः शिवाय॥

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस

मंगलाचरन

दोहा - श्री गुरु परम उदार चित करुना कँह सुभ खान।
प्रनवउँ तेहि के पदपदुम जे भवसागर जान।।१।।
परम अग्य हौं जड़मती सुमिरौं सम्भु सुजान।
सकल लोक कल्यान हित जे कीन्हें बिष पान।।२।।
जाकी महिमा अगम अति पार न पावहिं बेद।
सो जोगीस्वर परमसिव ब्यापक अनत अभेद।।३।।
बिना ग्यान नहिं मुकुति महि कहहिं सास्त्र सबु लोग।
मुकुति हेतु नर जतन बहु जप तप नाना जोग।।४।।
बीरसैवसिद्धांत यहु ग्यानहि दिब्य प्रकास।
जौ उर अंतर प्रबिसि तौ भव बंधन को नास।।५।।
रिसि अगस्ति कँह दीन्ह जस श्री रेनुक यहु ग्यान।
जगत बिदित संबाद सुभ निगमागमहि प्रमान।।६।।
श्रीसिवजोगी उर धरेउ सिवाचार्ज महराज।
श्रीसिद्धांतसिखामनी तारन भयउ जहाज।।७।।
सिवाचार्ज सिवजोगि पुनि किरिपा करि मति धीर।
निज सिष्यन्ह उपदेसेउ बिमल ग्यान गंभीर।।८।।
बीरसैवसिद्धांत यहु सहजहिं जानउ लोग।
अवधी छंदन्हि रचि रहेउँ नासन कौ भवरोग।।९।।
'श्रीसिद्धांतसिखामनिमानस' धरि सुभ नाउँ।
बीरसैवसिद्धांत यहु परम मुकुति कै ठाउँ।।१०।।
जे गावहिं अरु सुनहिं एहि भरि श्रद्धा बिस्वास।
सिवसाजुज्य पाइ ते भव तर बिनहिं प्रयास।।११।।

अथ
श्रीसिद्धान्तशिखामणिः
प्रथमः परिच्छेदः

त्रैलोक्यसम्पदालेख्यसमुल्लेखनभित्तये।
सच्चिदानन्दरूपाय शिवाय ब्रह्मणे नमः।।१।।

ब्रह्मेति व्यपदेशस्य विषयं यं प्रचक्षते।
वेदान्तिनो जगन्मूलं तं नमामि परं शिवम्।।२।।

यस्योर्मिबुद्बुदाभासः षट्त्रिंशत्तत्त्वसञ्चयः।
निर्मलं शिवनामानं तं वन्दे चिन्महोदधिम्।।३।।

यद्भासा भासते विश्वं यत्सुखेनानुमोदते।
नमस्तस्मै गुणातीतविभवाय परात्मने।।४।।

सदाशिवमुखाशेषतत्त्वोन्मेषविधायिने ।
निष्कलङ्कस्वभावाय नमः शान्ताय शम्भवे।।५।।

स्वेच्छाविग्रहयुक्ताय स्वेच्छावर्तनवर्तिने।
स्वेच्छाकृतत्रिलोकाय नमः साम्बाय शम्भवे।।६।।

यत्र विश्राम्यतीशत्वं स्वाभाविकमनुत्तमम्।
नमस्तस्मै महेशाय महादेवाय शूलिने।।७।।

।।ॐ नमः शिवाय।।

अथ
श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस
पहिला परिच्छेद

दोहा - **परम रम्य तिरलोकु यहु संपति रही सुहाय।**
तेहि कँह रचना रचन कौ सुभ आधार लहाय।।1।।

चौपाई - सोइ आधार रूप भगवाना। चिदानंद सत को नहिं जाना।।
परम तत्व सिव कहहिं सुजाना। ब्रम्हरूप ब्रम्हांड समाना।।
सुमिरउँ ब्रम्हरूप जगदीसा। बार बार नावउँ पद सीसा।।
जेहि बेदांत बिग्य अस कहहीं। ब्रह्म चराचर कारन अहहीं।।
सोइ ब्यवहार बिषय सब जानहिं। सगुन अगुन कछु भेद न मानहिं।।
सो परमातम सिव अबिनासी। सुमिरत भजत सकल सुखरासी।।
तेहि सिव करउँ सतत परनामा। श्रद्धा सहित सकल तजि कामा।।

दोहा - **छत्तिसतत्वसमूह जेहि उर्मिबुद्‌बुदाभास।**
सो सिव चित्सागर बिमल हिअ मँह भरत हुलास।।2।।

चौपाई - करउँ ताहि पुनि पुनि परनामा। अखिल लोक दायक बिश्रामा।।
जेहि ते लहि सुचि सुठि परकासू। सकल जगत आलोक निवासू।।
जेहि सुख खानि मानि सब लोगू। लहि आनन्द अनंदित भोगू।।
गुनातीत बैभव बिख्याता। परमातमा परम सुख दाता।।
तेहि पद कमल नवावउँ सीसा। सुमिरत जपत जाँहिं अघ खीसा।।
जहँ लगि उत्पति प्रलय कहानी। सो सबु संभु लागि बिग्यानी।।
निष्कलंक निरमल सति भाऊ। छाँड़ि संभु नहिं औरउ काऊ।।
परम सान्त सचराचर स्वामी। संभु नमामि नमामि नमामी।।

दोहा - **जथा मोर के अण्डरस बिबिध बरन परिछिन्न।**
जथाकाल प्रगटहिं तथा संभु ते सबु उद्‌भिन्न।।3।।

यामाहुः सर्वलोकानां प्रकृतिं शास्त्रपारगाः।
तां धर्मचारिणीं शम्भोः प्रणमामि परां शिवाम्।।८।।

यया महेश्वरः शम्भुर्नामरूपादिसंयुतः।
तस्यै मायास्वरूपायै नमः परमशक्तये।।९।।

शिवाद्यादिसमुत्पन्नशान्त्यतीतपरोत्तराम्।
मातरं तां समस्तानां वन्दे शिवकरीं शिवाम्।।१०।।

इच्छाज्ञानादिरूपेण या शम्भोर्विश्वभाविनी।
वन्दे तां परमानन्दप्रबोधलहरीं शिवाम्।।११।।

अमृतार्थं प्रपन्नानां या सुविद्याप्रदायिनी।
अहर्निशमहं वन्दे तामीशानमनोरमाम्।।१२।।

कश्चिदाचारसिद्धानामग्रणीः शिवयोगिनाम्।
शिवयोगीति विख्यातः शिवज्ञानमहोदधिः।।१३।।

शिवभक्तिसुधासिन्धुजृम्भणामलचन्द्रिका।
भारती यस्य विदधे प्रायः कुवलयोत्सवम्।।१४।।

चौपाई - जगदम्बिका सकल गुन खानी। अर्धांगिनि सिव संभु भवानी।।
करउँ प्रनाम दुहूँ कर जोरे। संभु सहित निज भाग निहोरे।।
संभु स्वबस संतत भगवंता। कहहिं बेदसम्मत सबु संता।।
निज इच्छा बल बिग्रह धरहीं। निज इच्छा सबु कारज करहीं।।
निज इच्छा बल रचहिं त्रिलोकी। संभुहि करउँ प्रनाम बिलोकी।।
जहाँ पहुँचि ऐश्वर्ज बिलाहीं। जिन्हहिं देखि सौन्दर्ज लजाहीं।।
सोइ त्रिसूलधारी सिव नामा। करउँ ताहि सादर परनामा।।
निगमागम सद्ग्रंथ पुराना। सास्त्र सोधि जिन्ह मरम बखाना।।

दोहा - जे पंडित ते दृढ़ कहहिं प्रकृति लोक को मूल।
सोइ सिवा सहगामिनी बान्हे गाँठि दुकूल॥4॥

चौपाई - परमसिवा जे अहहिं भवानी। तेहि प्रनवउँ सिसु अहउँ अमानी।।
जेहि सहचार संभु अबिनासी। नाम रूप जुत सोउ उदासी।।
सो माया कछु बरनि न जाई। रहइ न कबुहिं संभु बिलगाई।।
परमसक्ति सिव संभु घनेरी। भइ सहाय पिय परम अहेरी।।
नानारूप सृष्टिगुनसीला। जेहि मिलि करहिं संभु सबु लीला।।
ताहि जोरि कर नितहि मनावउँ। श्रीपदरज निज सीस चढ़ावउँ।।
आदि सक्ति जो प्रगट भवानी। रूप सील गुन तेज बखानी।।
महाजोति सत जोति प्रकासा। परा कला सत कोटि बिलासा।।

दोहा - सान्त्यतीतपरोत्तरा सिव सो प्रथमहि जात।
बंदउँ तेहिं सिवदाइनिहिं सकल जगत कै मात॥5॥

चौपाई - जेहि सबु कहहिं सक्ति अबिनासी। सिवा रूप नित सहज प्रकासी।।
इच्छा ग्यान क्रिया त्रिक् रूपा। संभु सक्ति मंगला अनूपा।।
बिस्वबिभावनि ब्यापक सोई। सिव मँह सिव ते सिवमय होई।।
परमानन्द प्रबोधतरंगिनि। लहर लहर लहरइ चउ रंगिनि।।
सिवा जगत जननी अभिरामा। सादर ताहि करउँ परनामा।।
मुकुतिहेतु जे सरनहिं आवहिं। अनायास सद्विद्या पावहिं।।

दोहा - सद्बिद्याजुत जो करइ जो सिवसन्निधि देइ।
सदा सिवानी सुंदरी सुभ असीस मोंहि देइ॥6॥

तस्य वंशे समुत्पन्नो मुक्तामणिरिवामलः।
मुद्देवाभिधाचार्यो मूर्धन्यः शिवयोगिनाम्।।१५।।

मुद्दानात्सर्वजन्तूनां प्रणतानां प्रबोधतः।
मुद्देवेति विख्याता समाख्या यस्य विश्रुता।।१६।।

तस्यासीन्नन्दनः शान्तः सिद्धनाथाभिधः शुचिः।
शिवसिद्धान्तनिर्णेता शिवाचार्यः शिवात्मकः।।१७।।

वीरशैवशिखारत्नं विशिष्टाचारसम्पदम्।
शिवज्ञानमहासिन्धुं यं प्रशंसन्ति देशिकाः ।।१८।।

यस्याचार्यकुलाज्जाता सतामाचारमातृका।
शिवभक्तिः स्थिरा यस्मिन् जज्ञे विगतविप्लवा।।१९।।

तस्य वीरशिवाचार्यशिखारत्नस्य नन्दनः।
अभवच्छिवयोगीति सिन्धोरिव सुधाकरः।।२०।।

चिदानन्दपराकाशशिवानुभवयोगतः ।
शिवयोगीति नामोक्तिर्यस्य याथार्थ्ययोगिनी।।२१।।

चौपाई - तासु चरन बन्दउँ दिनराती। तबहूँ भगति न मोर अघाती।।
जिअँ प्रसन्न जाना मैं माई। आपन कथा कहउँ अब गाई।।
कुल प्रसिद्ध सिवजोगी काहू। सुभ आचरन सिद्ध नरनाहू।।
प्रथम रेख सिवजोगिन्ह जोई। जो सिवग्यान पयोनिधि होई।।
सुधासिन्धु सिवभगति घनेरी। उफनत जाहि चंद्रिका हेरी।।
ता सम विमल भारती जाकी। कुबलय उत्सव कर तन थाकी।।

दोहा - मुकुतामनि जस बिमल एक, तेहि कुल पुरुष सुजात।
सिवजोगिन्ह सिरसस्थ सो सकल भुवन बिख्यात॥7॥

चौपाई - मुद्देव तेहिकर सुभ नामा। देवोपम काया अभिरामा।।
सिद्धि सकल तिन्ह चरननि लागी। आचारज त्यागी बड़भागी।।
सबु प्रानिन्ह कँह करि परितोषा। देहिं तिन्हहिं आनन्द असेषा।।
प्रनतजनन्ह कँह करइँ प्रबोधा। सकल सास्त्रमत करि करि सोधा।।
तेहि ते मुद्देव बिख्याता। कीन्ह नामु जनु स्वयं विधाता।।
जगत प्रसिद्ध भयउ यहु नामा। अखिल लोक दायक बिश्रामा।।

दोहा - मुद्देव के सुत भयउ सिद्धनाथ अति धीर।
परम सान्त आचार सुचि सास्त्र ज्ञान गंभीर॥8॥

चौपाई - पितहि प्रसन्न करत जे अइहीं। जेहि पितुमातु मोद मन भरहीं।।
सोइ सुत लोगु जथारथ कहहीं। आसिरबाद बड़न्ह ते लहहीं।।
ऐसेइ सिद्धिनाथ मनभावा। सिवाचार्ज सिवरूप कहावा।।
सिवसिद्धान्त जथामति गहहीं। परमतत्व कँह निर्नय करहीं।।
जिन्हहिं प्रसंसहि सकल समाजा। बीरसैवचूड़ामनि छाजा।।
बीरसैव आचारज ग्यानी। जिन्ह के सुभ आचरन बखानी।।

दोहा - अति विसिष्ट आचारधन महासिन्धु सिवग्यान।
कहि कहि जेहि प्रसंसहिं देसिक जन बहु मान॥9॥
जे आचारजकुल भई सदाचार कहुँ मात।
जामे सोइ सिवभगति थिर होइ निष्कलुस समात॥10॥

शिवागमपरिज्ञानपरिपाकसुगन्धिना ।
यदीयकीर्तिपुष्पेण वासितं हरितां मुखम्।।२२।।

येन रक्षावती जाता शिवभक्तिः सनातनी।
बुद्धादिप्रतिसिद्धान्तमहाध्वांतांशुमालिना।।२३।।

स महावीरशैवानां धर्ममार्गप्रवर्तकः।
शिवतत्त्वपरिज्ञानचन्द्रिकावृतचन्द्रमाः ।।२४।।

आलोक्य शैवतन्त्राणि कामिकाद्यानि सादरम्।
वातुलान्तानि शैवानि पुराणान्यखिलानि तु।।२५।।

वेदमार्गाविरोधेन विशिष्टाचारसिद्धये।
असन्मार्गनिरासाय प्रमोदाय विवेकिनाम्।।२६।।

सर्वस्वं वीरशैवानां सकलार्थप्रकाशनम्।
अस्पृष्टमखिलैर्दोषैरादृतं शुद्धमानसैः।।२७।।

तेष्वागमेषु सर्वेषु पुराणेष्वखिलेषु च।
पुरा देवेन कथितं देव्यै तन्नन्दनाय च।।२८।।

चौपाई - परम पुनीत पूत तेहि भयऊ। सिन्धु सुधाकर सुत जस लयऊ।।
बीरसैव चूड़ामनि नन्दन। सिवजोगी सिसु प्रीति निकन्दन।।
चिदानन्दमय परम प्रकासा। ब्रम्हसरीर प्रथित आकासा।।
पराकासबपु सिव सब कहहीं। सोइ सिवतत्व सु-अनुभव करहीं।।
सिवजोगी सुभ नाउँ जथारथ। आगम निगम जानि परमारथ।।
प्रगटेउ सुत सों पुन्य पुरातन। परमसैव आचार्ज सनातन।।

दोहा - सिवागमहि परिग्यान कँह पाक सुगन्धहि पूर।
रहेउ गमकि कीरति कुसुम जाकी दिसि दिसि दूर॥11॥
सो सिवभगति सनातनी सिवजोगिहि तेहि पाइ।
भई सनाथ जथारथ भुवन फिरत हरषाइ॥12॥

चौपाई - जे आखिन्ह आगे पट डारहिं। भरमावहिं अरु बुद्धि बिगारहिं।।
सौगतमत बिपरीत बिबादा। उपजावहिं जे लोक बिषादा।।
तेहि रबि प्रगट महा तम नासा। सो सिवजोगी बिसद प्रकासा।।
ताकी जोति सकल महि छाई। तिमिर पटल नहिं सकइ दुराई।।
महाबीर सिवजोगी स्वामी। बीरसैव बिचरहिं अनुगामी।।
संरच्छन सो सबु बिधि कीन्हा। सुगम धरम मारग तेहि कीन्हा।।
सौम्य सुसीतल ससिसम सोहा। सैवतत्व जोन्हा मन मोहा।।

दोहा - सैवतंत्र सबु सादर कामिक बातुल आदि।
सोधे सकल पुरान पुनि बिरचेउ तन्त्र सुबादि॥13॥
बीरसैव सुठि धरम कँह कीन्ह पन्थ निर्मान।
सोधि सोधि बिरचेउ सुथल आगम निगम पुरान॥14॥

चौपाई - श्रुतिसम्मत सबु कही सुबानी। कतहूँ बेद बिरोध न आनी।।
सिष्टाचार बिसेष पुराना। सिद्धि हेतु सबु आगम आना।।
प्रभुसम्मत जँह लगि उपदेसा। निरसन करहिं असेष भदेसा।।
जे विवेकजुत परम सयाने। लहहिं प्रमोद साधु सनमाने।।
बीरसैव सरबस निधि आही। पुलकित सुजन ताहि अवगाही।।
मरम सहित सबु अरथ सुबासा। अगम सुगम करि करइ प्रकासा।।

तत्सम्प्रदायसिद्धेन रेणुकेन महात्मना।
गणेश्वरेण कथितमगस्त्याय पुनः क्षितौ।।२९।।

वीरशैवमहातन्त्रमेकोत्तरशतस्थलम् ।
अनुग्रहाय लोकानामभ्यधात् सुधियां वरः।।३०।।

सर्वेषां शैवतन्त्राणामुत्तरत्वान्निरुत्तरम्।
नाम्ना प्रतीयते लोके यत्सिद्धान्तशिखामणिः।।३१।।

अनुगतसकलार्थै शैवतन्त्रैः समस्तैः
प्रकटितशिवबोधाद्वैतभावप्रसादे ।
विदधतु मतिमस्मिन् वीरशैवा विशिष्टाः
पशुपतिमतसारे पण्डितश्लाघनीये।।३२।।

ॐ तत्सदिति श्रीशिवगीतेषु सिद्धान्तागमेषु शिवाद्वैतविद्यायां शिवयोगशास्त्रे श्रीरेणुकागस्त्यसंवादे वीरशैवधर्मनिर्णये श्रीशिवयोगिशिवाचार्यविरचिते श्रीसिद्धान्तशिखामणौ मङ्गलाचरण-श्रीशिवयोगिशिवाचार्यवंशवर्णनं नाम प्रथमः परिच्छेदः।

दोहा - **दोस न जामे लेस कहुँ सकल गुनन्ह कँह खान।**
सुद्धहृदय बुध आदरहिं संतत करहिं बखान॥15॥
जहँ लगि आगम बिदित सबु जँह लगि मिलत पुरान।
सैवतंत्र यहु प्रथित अति करन बिस्व कल्यान॥16॥

चौपाई - सिव करि कृपा तन्त्रु यहु गावा। पारबतिहि षण्मुखहि सुनावा।।
यहु सुभ कथा पुनीत पुरानी। जानहिं रिसि मुनि सबु विज्ञानी।।
सिद्ध गनेस्वर रेनुक नामा। संप्रदायमहिमा अभिरामा।।
सैवसास्त्र सोइ छितितल आना। रिसि अगस्ति सन कीन्ह बखाना।।
सान्त सुचित्त सुनेउ रिसिराया। सैवतंत्र सुंदर मनभाया।।
सिद्ध गनेस्वर रेनुकबानी। सब गुन सहित प्रीतिरस सानी।।

दोहा - **किएउ अनुग्रह लोक पर कहेउ सुधी बर बीर।**
थल सत एक अधिक पुनि सैवतंत्र गम्भीर॥17॥

छन्द - जद्यपि सर्वोत्तर तदपि निरुत्तर सैवतंत्र सुठि सबु माना।
जेहि लागि बिरागी अति अनुरागी तंत्र न उर आनहिं आना।।
संसार अपारा अति दुस्तारा पार करइ सोइ जलजाना।
जाके पतवारा सुदृढ़ सँवारा सिद्धान्तसिखामनि नहिं आना।।
सिवजोगि सुधारा श्रुति अनुसारा पावन परम अनूपा।
यहु तंत्र जे गावहिं अति सुख पावहिं ते न परहिं भवकूपा।।

दोहा - **यहु सिद्धान्तसिखामनी सैवतन्त्रसमुदाय।**
अरथ समाहित सकल एहि सोहत तत्व निकाय॥18॥
पसुपतिमतसारांस यहु पंडित करइँ बखान।
सावधान मन साधि कै लेहु परम सिव ग्यान॥19॥
पढ़हु सुनहु पुनि गुनहु एहि पइहहु परमानन्द।
रमहु भाव अद्वैत मँह मिलिहहि मुकुति अमन्द॥20॥

।।श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस मँह पहिला परिच्छेद समाप्त।।

अथ
श्रीसिद्धान्तशिखामणिः
द्वितीयः परिच्छेदः

सच्चिदानन्दरूपाय सदसद्व्यक्तिहेतवे।
नमः शिवाय साम्बाय सगणाय स्वयम्भुवे।।१।।

सदाशिवमुखाशेषतत्त्वमौक्तिकशुक्तिकाम्।
वन्दे माहेश्वरीं शक्तिं महामायादिरूपिणीम्।।२।।

अस्ति सच्चित्सुखाकारमलक्षणपदास्पदम्।
निर्विकल्पं निराकारं निरस्ताशेषविप्लवम्।।३।।

परिच्छेदकथाशून्यं प्रपञ्चातीतवैभवम्।
प्रत्यक्षादिप्रमाणानामगोचरपदे स्थितम्।।४।।

स्वप्रकाशविराजन्तमनामयमनौपमम्।
सर्वज्ञं सर्वगं शान्तं सर्वशक्तिनिरङ्कुशम्।।५।।

शिवरुद्रमहादेवभवादिपदसंज्ञितम्।
अद्वितीयमनिर्देश्यं परं ब्रह्म सनातनम्।।६।।

तत्र लीनमभूत् पूर्वं चेतनाचेतनं जगत्।
स्वात्मलीनं जगत्कार्यं स्वप्रकाश्यं तदद्भुतम्।।७।।

।।ॐ नमः शिवाय।।

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस

दूसरा परिच्छेद

चौपाई - प्रनवउँ साम्ब संभु परमेसा। जेहिं सेवहिं गन नाना भेसा।।
उतपति कारन रहित अनूपा। नित सत्‌चित् आनन्दसरूपा।।
भाव अभाव सकल जे अहहीं। परमेस्वर कारन सबु कहहीं।।
बिनवउँ परम सक्ति कल्यानी। आदि अनन्त अखण्ड अमानी।।
माया महा जगत आधारा। सम्भु सक्ति को बरनै पारा।।
तत्व सदासिव लागि अरम्भा। सकल तत्व को गनइ अचम्भा।।
सबु कँह मुकुता सुक्ति समाना। सिरजइ करि प्रपंच बिधि नाना।।

दोहा - सकलहेतु सो सिव परम, ब्रम्ह सच्चिदानन्द।
निराकार लच्छनरहित बिभु प्रभु परमानन्द।।21।।

चौपाई - निरबिकल्प जिन्ह जोगिन्ह देखा। करहिं उपद्रव सान्त असेषा।।
कथमपि परिच्छेद नहिं होई। जाकर सोइ प्रपंच सबु गोई।।
सुनत सतत बैभव जिसु काना। बिस्वबिदित नहिं कबहुँ अघाना।।
सकल सास्त्र मँह जे परमाना। तासु कबहुँ नहिं ब्रम्ह अमाना।।
अकथ अगोचर सो परमेसा। सर्ब अचिन्त्यसरूप महेसा।।
स्वयं प्रकास रूप भगवाना। दोसरहित गुनरासि निधाना।।

दोहा - निरुपमेय ब्यापक अमित निरमल सान्त सुसोह।
सर्बसक्ति सर्बग्य पुनि स्वबस प्रीतिसन्दोह।।22।।

चौपाई - जाके नाम अनेक बखाना। गावहिं आगम निगम पुराना।।
रुद्र संभु सिव भव भयहारी। महादेव संतत अबिकारी।।
अनिर्देस्य तेहि सम नहिं कोऊ। ब्रम्ह सनातन परम सो होऊ।।
जीव अजीव जगत तेहि माहीं। सृष्टि काल पुनि पुनि बिलगाहीं।।

शिवाभिधं परं ब्रह्म जगन्निर्मातुमिच्छया।
स्वरूपमादधे किञ्चित्सुखस्फूर्तिविजृम्भितम्।।८।।

निरस्तदोषसम्बन्धं निरुपाधिकमव्ययम्।
दिव्यमप्राकृतं नित्यं नीलकण्ठं त्रिलोचनम्।।९।।

चन्द्रार्धशेखरं शुद्धं शुद्धस्फटिकसन्निभम्।
शुद्धमुक्ताफलाभासमुपास्यं गुणमूर्तिभिः।।१०।।

विशुद्धज्ञानकरणं विषयं सर्वयोगिनाम्।
कोटिसूर्यप्रतीकाशं चन्द्रकोटिसमप्रभम्।।११।।

अप्राकृतगुणाधारमनन्तमहिमास्पदम्।
तदीया परमा शक्तिः सच्चिदानन्दलक्षणा।।१२।।

समस्तलोकनिर्माणसमवायस्वरूपिणी।
तदिच्छयाऽभवत् साक्षात्तत्स्वरूपानुसारिणी।।१३।।

जगत्सिसृक्षुः प्रथमं ब्रह्माणं सर्वदेहिनाम्।
कर्तारं सर्वलोकानां विदधे विश्वनायकः।।१४।।

सो सबु कारन ईस कहावा। प्रगट होइ कारज बनि आवा।।
अति बिचित्र सो बरनि न जाई। ब्रम्ह ते प्रगट को सकइ दुराई।।

दोहा - **परब्रम्ह सिवसंग्यक करइ जो सृष्टि बिचार।**
धरइ रूप आनन्दमय प्रगटि हुलास अपार।।23।।

चौपाई - जे सरूपगत दोस कहाहीं। ते परमेस्वर मँह कछु नाहीं।।
रहित उपाधि संभु अबिनासीं। जेहि सेवहिं सबु गृही उदासी।।
प्राकृत तँह न रहइ लवलेसा। दिब्य मनोहर रूप असेसा।।
नित्य त्रिलोचन रूप सुहावा। नीलकंठ सुभ नाम कहावा।।
निरमल फटिक समान सरीरा। कहहिं सुनहिं समुझहिं सबु धीरा।।
अतिसय पावन बेद बखाना। सोह भाल बिधु अरध सुहाना।।

दोहा - **मुकुताफल जस बिसद सिव तेहि ते लोक प्रकास्य।**
त्रिगुनमूर्ति ब्रम्हा बिसुन रुद्रहु केर उपास्य।।24।।

चौपाई - सबु जोगिन्ह के बिसय जे अहहीं। ग्यान बिसुद्ध करन सबु कहहीं।।
कोटि सुरुज सम जासु प्रकासा। कोटि चन्द सम प्रभा बिलासा।।
सो सबु परमतत्व सिव माना। जेहि कर करहिं जोगिजन ध्याना।।
जेहि सर्वग्य भाव बुध कहहीं। तृप्ति अनादि बोध सबु अहहीं।।
प्राकृत गुन सों बिलग बखाने। गुनाधार परमेस समाने।।
महिमा अमित जाइ नहिं बरनी। को कहि सकइ ईस कै करनी।।

दोहा - **परमसक्ति ताकी सुभग लछन सच्चिदानन्द।**
सकल लोक निर्मान हित रासि सरूप अमन्द।।25।।

चौपाई - सो समवायरूप सबु जाना। इच्छा जबहि करहिं भगवाना।।
तब धरि रूप प्रभुहि अनुसारी। प्रगट समान सरूप सँवारी।।
सकल बिस्वनायक भगवाना। करन चहहिं जबु लोक बिताना।।
जीवाजीव चराचर जेते। नाना रूप बरन जगु तेते।।

तस्मै प्रथमपुत्राय शङ्करः शक्तिमान् विभुः।
सर्वज्ञः सकला विद्याः सानुग्रहमुपादिशत् ।।१५।।

समस्तलोकान्निर्मातुं समुद्यमपरोऽभवत्।
कृतोद्योगोऽपि निर्माणे जगतां शङ्कराज्ञया।
अज्ञातोपायसम्पत्तेरभवन्माययाऽऽवृतः।।१६।।

विधातुमखिलाँलोकानुपायं प्राप्तुमिच्छया।
पुनस्तं प्रार्थयामास देवदेवं त्रियम्बकम्।।१७।।

नमस्ते देवदेवेश नमस्ते करुणाकर।
अस्मदादिजगत्सर्वनिर्माणनविधिक्षम।।१८।।

उपायं वद मे शम्भो जगत्स्रष्टः! जगत्पते।
सर्वज्ञः सर्वशक्तिस्त्वं सर्वकर्ता सनातनः।।१९।।

इति संप्रार्थितः शम्भुर्ब्रह्मणा विश्वनायकः।
उपायमवदत् तस्मै लोकसृष्टिप्रवर्तनम्।।२०।।

उपायमीश्वरेणोक्तं लब्ध्वाऽपि चतुराननः।
न समर्थोऽभवत् कर्तुं नानारूपमिदं जगत्।।२१।।

रचना चतुर निपुन गुनसीला। बिरचि बिरंचि कीन्ह प्रभु लीला।।
प्रथमहिं तेहि ब्रम्हहि उपजायउ। सो ब्रम्हा सबु लोक बनायउ।।

दोहा - **प्रथम सुतहि तेहि संकर सक्तिमान सर्वज्ञ।**
उपदेसेउ बिद्या सकल जाते रहइ न अग्य॥26॥

चौपाई - ब्रम्हा परम अनुग्रह माना। पिता दीन्ह निमरल बिज्ञाना।।
संकर सरिस पिता सुत पावा। धन्य भाग्य निज भूरि मनावा।।
लहि असीस संकर सन ब्रम्हा। लोक बनावन कीन्ह अरम्भा।।
कीन्हेउ बहुत बिचार बिरंची। लोकसृष्टि बिधि परम प्रपंची।।
कीन्ह सकल उद्यम स्त्रम भारी। होइ न रचना थकि मति मारी।।

दोहा - **जीव अजीव चराचर निरमिति निपट निगूढ़।**
हहरि परे निरुपाय बिधि किंकर्तब्यबिमूढ़॥27॥
कर जोरे बिनती करत त्र्यम्बक सों बिधि जाय।
जेहि ते बिरचउँ लोकु सबु कहहु सो देव उपाय॥28॥

चौपाई - महादेव बिनवउँ तोहि पाहीं। तो सम कोउ करुनाकर नाहीं।।
बार बार तव पद धरि सीसा। बिनवउँ कृपा करहु जगदीसा।।
मोहिं जुत सकल बिस्व निर्माना। समरथ करन देव नहिं आना।।
जगत सृष्टि कारन तुम्ह अहऊ। रच्छा निरत जगतपति रहऊ।।
तुम्ह सरबग्य सनातन स्वामी। सर्वसक्तिसम्पन्न नमामी।।
सो उपाय सबु आपु बतावहु। मोहिं सो जगत सृष्टि करवावहु।।
एहि बिधि बिनय सुनाइ सुनाई। ब्रम्हा दीन्हीं सम्भु दुहाई।।

दोहा - **अखिललोकनायक सिव ब्रम्हहि दीन्ह प्रसाद।**
सृष्टि उपाय बतायऊ सुत कँह मिटेउ बिषाद॥29॥

चौपाई - जदपि कहेउ सिव बारहिं बारा। चतुरानन गहि ताहि सम्हारा।।
तदपि न समरथ भयउ बिरंची। बिरचन जगत अनेक प्रपंची।।
पुनि सिर धुनहिं बहुरि पछिताहीं। सुठि उपाय आवत मति नाहीं।।

पुनस्तं प्रार्थयामास ब्रह्मा विह्वलमानसः।
देवदेव महादेव जगत्प्रथमकारण।।२२।।

नमस्ते सच्चिदानन्द स्वेच्छाविग्रहराजित।
भव शर्व महेशान सर्वकारणकारण।।२३।।

भवदुक्तो ह्युपायो मे न किञ्चिज्ज्ञायतेऽधुना।
सृष्टिं विधेहि भगवन् प्रथमं परमेश्वर।
ज्ञातोपायस्ततः कुर्यां जगत्सृष्टिमुमापते।।२४।।

इत्येवं प्रार्थितः शम्भुर्ब्रह्मणा विश्वयोनिना।
ससर्जात्मसमप्रख्यान् सर्वगान् सर्वशक्तिकान्।।२५।।

प्रबोधपरमानन्दपरिवाहितमानसान्।
प्रमथान् विश्वनिर्माणप्रलयापादनक्षमान्।।२६।।

तेषु प्रमथवर्गेषु सृष्टेषु परमात्मना।
रेणुको दारुकश्चेति द्वावभूतां शिवप्रियौ।।२७।।

सर्वविद्याविशेषज्ञौ सर्वकार्यविचक्षणौ।
मायामलविनिर्मुक्तौ महिमातिशयोज्ज्वलौ।।२८।।

व्याकुल भयउ तनय सिव केरा। आयउ हृदय बिषाद घनेरा।।
अति संकोच लाजहु मन माँहीं। कहबु संभु मनिहहिं कि नाहीं।।
देव देव कहि पुनि घिघियाना। जगत प्रथम कारन जेहि माना।।

दोहा - **स्वेच्छा तनु धरि सोभित चिदानन्द सतिभाउ।**
होइ प्रसन्न एक बार पुनि सो उपाय समुझाउ॥30॥
सबु कारन कँह मूल तुम्ह हे महेस ईसान।
पुत्र विरंचि प्रनाम करि बिनवत पितहि सयान॥31॥

चौपाई - जो कछु आपु उपाय बतावा। सो मोरे मति तनिकु न आवा।।
ईस बनावहु सृष्टि बिधाना। जानहु सबु उपाय बिग्याना।।
यहु उपकार करहु तुम्ह स्वामी। सबु जानहु सिव अन्तरजामी।।
देखि तुम्हार क्रिया निपुनाई। हमहूँ करब उपाय बनाई।।
अबु जनि करहु बिलम्बु गोसाईं। हौं सुत तोर पिता तुम्ह साईं।।
पुनि पुनि कीन्ह बिरंचि प्रनामा। भयउ सुखद ताकर परिनामा।।

दोहा - **बिस्व जोनि ब्रम्हा कृत सुनि बिनती ईसान।**
बिरचेउ नाना प्रमथगन कीन्हेउ आपु समान॥32॥

चौपाई - जे ब्यापक सबुबिधि बलवाना। गुनागार पुनि सम्भु समाना।।
परमानन्द मगन मन बानी। बुद्धि बिसद अति परम सयानी।।
जे समरथ रचना संसारा। पालन परलय बिबिध प्रकारा।।
ते गन प्रमथ ईस उपजाये। सबिनय सकल सम्भु पहिं आये।।
तेहि मँह सिव के अति प्रिय दोऊ। रेनुक दारुक कह सबु कोऊ।।
ते प्रमथन्ह मँह परम सयाने। सिव अति प्रीति दुहूँ सनमाने।।

दोहा - **सबु विद्या मँह निपुन अति सबु कारज मँह दच्छ।**
मायामल ते रहित पुनि सदाचार सो स्वच्छ॥33॥

चौपाई - महिमा अमित सो को कहि पावा। तासों उज्ज्वल चरित बनावा।।
आत्मानन्द फुरइ दिन राती। तेहि रसस्वाद न जीभ अघाती।।

आत्मानन्दपरिस्फूर्तिरसास्वादनलम्पटौ।
शिवतत्त्वपरिज्ञानतिरस्कृतभवामयौ।।२९।।

नानापथमहाशैवतन्त्रनिर्वाहतत्परौ।
वेदान्तसारसर्वस्वविवेचनविचक्षणौ।।३०।।

नित्यसिद्धौ निरातङ्कौ निरङ्कुशपराक्रमौ।
तादृशौ तौ महाभागौ संवीक्ष्य परमेश्वरः।।३१।।

समर्थौ सर्वकार्येषु विश्वासपरमाश्रितौ।
अन्तःपुरद्वारपालौ निर्ममे नियतौ विभुः।।३२।।

गणेश्वरौ रेणुकदारुकावुभौ विश्वासभूतौ नवचन्द्रमौलेः।
अन्तःपुरद्वारगतौ सदा तौ वितेनतुर्विश्वपतेस्तु सेवाम्।।३३।।

ॐ तत्सत् इति श्रीशिवगीतेषु सिद्धान्तागमेषु शिवाद्वैतविद्यायां
शिवयोगशास्त्रे श्रीरेणुकागस्त्यसंवादे वीरशैवधर्मनिर्णये
श्रीशिवयोगिशिवाचार्यविरचिते श्रीसिद्धान्तशिखामणौ
जगत्सृष्टिविचार-रेणुकदारूकावतरणं
नाम द्वितीयः परिच्छेदः।

सबु लौकिक रस त्यागहिं फीका। आत्मानन्द सरस सुठि नीका।।
सिवहिं तत्व परमारथ जानहिं। तेहि बल भवभय रोग नसावहिं।।
परम सिवाद्वय तंत्र बखाना। कोउ जानइ तेहि मारग नाना।।
दोउ जानइँ सो तन्त्र अपारा। परिपालन तत्पर सुबिचारा।।

दोहा - **सकल वेद वेदान्त पुनि सरबस जानहिं तत्व।**
करहिं बिबेचन निपुन दोउ तेहिकर सहित महत्व॥34॥

छन्द - ते दोउ बड़भागी परमविरागी नित्यसिद्ध सिव सनमाना।।
देखेउ परमेस्वर सो अबिनस्वर निरभय दोउ मनु मँह माना।।
जानेउ तिपुरारी दोउ भट भारी परम अजेय जगत जाना।
समरथ सबु काजा सौर्ज विराजा अति भरोस नित परमाना।।
अन्तःपुर द्वारा दृढ़ रखवारा कीन्ह उन्हहिं धन भगवाना।।
व्यापकु जगनायक सबु सुखदायक प्रभु हित दयानिधाना।।

दोहा - **गननायक रेनुक तथा दारुक भरे हुलास।**
ठाढ़ि दुआरे सिव भवन सहित प्रेम बिस्वास॥35॥
रच्छा मँह तत्पर रहइँ निसि दिन दोऊ बीर।
द्वारपाल गननायक धरम धुरंधर धीर॥36॥

।।श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस मँह दूसरा परिच्छेद समाप्त।।

अथ
श्रीसिद्धान्तशिखामणिः
तृतीयः परिच्छेदः

कदाचिदथ कैलासे कलधौतशिलामये।
गन्धर्ववामनयनाक्रीडामौक्तिकदर्पणे।।१।।

मन्दारबकुलाशोकमाकन्दप्रायभूरुहे।
मल्लीमरन्दनिष्यन्दपानपीनमधुव्रते।।२।।

कुङ्कुमस्तबकामोदकूलङ्कषहरिन्मुखे।
कलकण्ठकुलालापकन्दलद्रागबन्धुरे।।३।।

किन्नरीगीतमाधुर्यपरिवाहितगह्वरे।
सानन्दवरयोगीन्द्रवृन्दालङ्कृतकन्दरे।।४।।

हेमारविन्दकलिकासुगन्धिरसमानसे।
शातकुम्भमयस्तम्भशतोत्तुङ्गविराजिते।।५।।

माणिक्यदीपकलिकामरीचिद्योतितान्तरे।।
द्वारतोरणसंरूढशङ्खपद्मनिधिद्वये।।६।।

मुक्तातारकितोदारवितानाम्बरमण्डिते।
स्पर्शलक्षितवैडूर्यमयभित्तिपरम्परे।।७।।

।।ॐ नमः शिवाय।।

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस
तीसरा परिच्छेद

चौपाई - कबहुँ परम प्रिय सिव मनभावा। धाम नाम कैलास सुहावा।।
उज्ज्वल रजत सिला सबु जहवाँ। बइठे सिव आसन गहि तहवाँ।।
सो गन्धर्वनारि समुदाई। दरपन मोतिन्ह खेल सुहाई।।
सोह असोक सघन अँवराई। कलप बिरिछ बकुलावलि छाई।।
मल्ली मधुर करहिं रसपाना। मत्त मधुप गुंजहिं बिधि नाना।।
कुंकुम कुसुम गुच्छ परिधारा। सरिता बहइँ अमोद अपारा।।
कूकहिं कोइलि मधुरी बानी। गिरि सोभा नहि जात बखानी।।

दोहा - प्रकृति सुखद सीतल पवन हरषहिं नयन निहार।
परम रम्य कैलास पर हर नित करत बिहार।।37।।

चौपाई - गीत मनोहर किन्नर रमनी। गावहिं छिन छिन पुलकइ अवनी।।
सबु गिरि खोह सिखर जहँ लागी। गीत मधुर धुनि ब्याप सुहागी।।
अति उछाह गिरिगुहा निवासी। रिषि मुनि जोगी गृही उदासी।।
कहहिं परसपर धनि यहु ठाऊँ। ध्यान जोग लगि कतहुँन जाऊँ।।
जोगी जती अनन्द मनावहिं। दै दै ताल संभु जस गावहिं।।
निरमल मानस सर रस पूरा। सुबरन पदुम सुगन्धि सुदूरा।।

दोहा - सुबरनमय मनिखचित तहँ सुभ सत खंभ बिराज।
परमरम्य सोभा निरखि सोभहु आवत लाज।।38।।

चौपाई - तेहि गिरि भीतर रह उँजिआरा। मानिक दिअना निसि दिन बारा।।
जोति बिमल गिरि गुहा समाई। बिनु ढाँपे मरीचि बिकिराई।।
तोरन रुचिर दुआरि सुहावा। जनु बिरंचि निज हाथ बनावा।।
संख पदुम दुइ निधि तहँ लागा। भाग दुनहुँ कर मानहु जागा।।

सञ्चरत्प्रमथश्रेणीपदवाचालनूपुरे।
प्रवालवलभीशृङ्गशृङ्गारमणिमण्डपे।।८।।

वन्दारूदेवमुकुटमन्दाररसवासितम्।
रत्नसिंहासनं दिव्यमध्यस्तं परमेश्वरम्।।९।।

तमास्थानगतं देवं सर्वलोकमहेश्वरम्।
त्रय्यन्तकमलारण्यविहारकलहंसकम्।।१०।।

उदारगुणमोंकारशुक्तिकापुटमौक्तिकम्।
सर्वमङ्गलसौभाग्यसमुदायनिकेतनम्।।११।।

संसारविषमूर्च्छालुजीवसञ्जीवनौषधम्।
नित्यप्रकाशनैर्मल्यकैवल्यसुरपादपम्।।१२।।

अनन्तपरमानन्दमकरन्दमधुव्रतम्।
आत्मशक्तिलतापुष्यत्त्रिलोकीपुष्पकोरकम्।।१३।।

ब्रह्माण्डकुण्डिकाषण्डपिण्डीकरणपण्डितम्।
समस्तदेवताचक्रचक्रवर्तिपदे स्थितम् ।।१४।।

चन्द्रबिम्बायुतच्छायादायादद्युतिविग्रहम्।
माणिक्यमुकुटज्योतिर्मञ्जरीपिञ्जराम्बरम्।।१५।।

चूडालं सोमकलया सुकुमारबिसाभया।
कल्याणपुष्पकलिकाकर्णपूरमनोहरम्।।१६।।

तना बितान सिखर गिरि राजे। जड़ि मुकुता मनि झालर साजे।।
धवल बिसद पट बनेउ चँदोवा। मनहुँ सुरभि पय जोन्हा धोवा।।

दोहा - रचि रचि नीलम मनि सिला भीति बनी चहुँ ओर।
नहिं जनाइ छूए बिना यहु अचरज अति घोर॥39॥

चौपाई - तँह संचरन प्रमथगन करहीं। रुनझुन धुनि नूपुर भलि करहीं।।
मूँगा जड़ि जड़ि सुरुचि सुहावा। परम अलौकिक छाजन छावा।।
करि सिंगार बिबिध मनभावा। भाँति भाँति कै सिखर बनावा।।
मनि मण्डप तहँ रहा लोभाई। सकल सरग संपति रहि छाई।।
करहिं देव सबु बिनय बहोरी। सेवहिं सिवहि प्रीति नहिं थोरी।।
पारिजाततरु कुसुम सुहावा। देवन्ह निज निज मुकुट लगावा।।
रतनजटित अरु पुहुप सुबासा। सिंहासन अति दिब्य ललासा।।

दोहा - परमेस्वर आसीन तेहि सोभा बरनि न जाइ।
सिंघासन के भाग जस सकल भुवन रह छाइ॥40॥
सिंघासन राजत भये सकल लोक अवतंस।
जथा उपनिषत्कमलबन बिहरत सुचि कलहंस॥41॥

चौपाई - सहित उदार सकल गुन खानी। गुनातीत परमेस्वर दानी।।
प्रनव सीपि पुट मोतिअ रूपा। तरल दीप्ति परकास अनूपा।।
सबुबिधि मंगल करन उपेता। सुठि सोहाग समुदाय निकेता।।
जगत गरल मुरछित जे अहहीं। औषध संजीवन हित तिन्हहीं।।
नित्य प्रकास रूप अबिनासी। चेतन अमल सहज सुखरासी।।
मुकुति हेतु जे जतन कराहीं। संभु कलपतरु तिन्हके आहीं।।

दोहा - मधुकर दिब्य अलौकिक बिहरत संभु सुजान।
जो अनन्त आनन्दमधु करत अनवरत पान॥42॥

चौपाई - आत्मसक्ति बल्लरी सुहाई। पोसत त्रिभुवन कुसुम सदाई।।
त्रिभुवन पुहुप कली की नाईं। सोहहिं सदा सरूप बनाईं।।
जे ब्रम्हाण्ड कुण्डिका पावहिं। खण्ड-खण्ड लसि ताहि बनावहिं।।
अस निर्मान ग्यान बिधि मंडित। संभु बिलच्छन कोबिद पंडित।।

मुक्तावलयसम्बद्धमुण्डमालाविराजितम्।
पर्याप्तचन्द्रसौन्दर्यपरिपन्थिमुखश्रियम्।।१७।।

प्रात:सम्फुल्लकमलपरियायत्रिलोचनम्।
मन्दस्मितमितालापमधुराधरपल्लवम्।।१८।।

गण्डमण्डलपर्यन्तक्रीडन्मकरकुण्डलम्।
कालिम्ना कालकूटस्य कण्ठनाले कलङ्कितम्।।१९।।

मणिकङ्कणकेयूरमरीचिकरपल्लवैः।
चतुर्भिः संविराजन्तं बाहुमन्दारशाखिभिः।।२०।।

गौरीपयोधराश्लेषकृतार्थभुजमध्यमम्।
सुवर्णब्रह्मसूत्राङ्कं सूक्ष्मकौशेयवाससम्।।२१।।

नाभिस्थानावलम्बिन्या नवमौक्तिकमालया।
गङ्गयेव कृताश्लेषं मौलिभागावतीर्णया।।२२।।

पदेन मणिमञ्जीरप्रभापल्लवितश्रिया।
चन्द्रवत्स्फाटिकं पीठं समावृत्य स्थितं पुरः।।२३।।

वामपार्श्वनिवासिन्या मङ्गलप्रियवेषया।
समस्तलोकनिर्माणसमवायस्वरूपया।।२४।।

सकल देवमंडल निज करधृत। चक्रवर्तिपद करइ अलंकृत।।
सहस चन्द जोन्हा दुतिधारी। गौर कलेवर सो अबिकारी।।

दोहा - **जाके मानिकमुकुट कँह जोतिकिरन छबि पाइ।**
पीत बसन हर को बन्यो सोहत लिए ललाइ॥43॥

चौपाई - अति कोमल नव मृदुल सुहावन। चन्द्रकला सुन्दर मनभावन।।
सोह सो जटा मुकुट की नाईं। करत प्रकास मनोहरताईं।।
करि कल्यान कुसुम कलिका को। करनफूल सिव कानन्ह नीको।।
बिच बिच मुकुता बलय सुहावा। मुण्डमाल निज कंठ लगावा।।
मुख सोभा कछु बरनि न जाई। मनहुँ प्रगटि छबि मंजुलताई।।
निजसौन्दर्ज प्रगटि करि आवा। पूरनचन्द कि जोड़ लगावा।।

दोहा - **तीनहुँ नयन देखाहिं जस प्रात खिले राजीव।**
मधुर अधर निक लागहीं बाल प्रवाल सजीव॥44॥

चौपाई - खेलत अधर मन्द मुसुकाना। आखर अलप अधर पर आना।।
मकराकृति कुंडल लटकाहीं। दुनहुँ कपोल जथा मुसुकाहीं।।
खेला चंचल बहुत खेलाहीं। कानन्ह लगि जनु बहु बतिआहीं।।
कंठ नाल नीलिमा सुहाई। गरल कालिमा बाहेर छाई।।
कलपतरू बर साख सरीसा। धारहिं चारिहु भुजा गिरीसा।।
सो सबु सोह जटित मनि कंकन। राजहिं कर पल्लव भयभंजन।।

दोहा - **बच्छस्थल जे संभु कँह सकल जगत आधार।**
गौरिपयोधर तँह टिके भयो कृतारथ मार॥45॥

सोरठा - **बाम कंध अति सोह ब्रम्हसूत सुबरनमय।**
चिदानन्दसंदोह धारे रेसम पट रुचिर॥46॥

चौपाई - गरे परी नव मुकुता माला। लटकत नाभि तलक तक जाला।।
सोभा ताकी बरनि न जाई। कवि उपमा बहु कीन्ह खोजाई।।
मानहुँ उतरि भाल ते धाई। लिपटि परी गंगा हरषाई।।
दुति मंजीर रुचिर मनि खाँचे। पल्लव पदजुग लागहिं साँचे।।

इच्छाज्ञानक्रियारूपबहुशक्तिविलासया।
विद्यातत्त्वप्रकाशिन्या विनाभावविहीनया।।२५।।

संसारविषकान्तारदाहदावाग्निलेखया।
धम्मिल्लमल्लिकामोदझङ्कुर्वद्भृङ्गमालया।।२६।।

सम्पूर्णचन्द्रसौभाग्यसंवादिमुखपद्मया।
नासामौक्तिकलावण्यनाशीरस्मितशोभया।।२७।।

मणिताटङ्करङ्गान्तर्वलितापाङ्गलीलया।
नेत्रद्वितयसौन्दर्यनिन्दितेन्दीवरत्विषा।।२८।।

कुसुमायुधकोदण्डकुटिलभ्रूविलासया।
बन्धूककुसुमच्छायाबन्धुभूताधरश्रिया।।२९।।

कण्ठनालजितानङ्गकम्बुबिब्बोकसम्पदा।
बाहुद्वितयसौभाग्यवञ्चितोत्पलमालया।।३०।।

स्थिरयौवनलावण्यशृङ्गारितशरीरया।
अत्यन्तकठिनोत्तुङ्गपीवरस्तनभारया।।३१।।

मृणालवल्लरीतन्तुबन्धुभूतावलग्नया।
शृङ्गारतटिनीतुङ्गपुलिनश्रोणिभारया।।३२।।

धवल चन्द जस झलकत सोहा। पादपीठ निरमल मन मोहा।।
तेहि पर चरन जुगल अभिरामा। अकथनीय छबि लह बिसरामा।।

दोहा - **बाम भाग सोभित उमा अति प्रिय मंगल भेष।**
सकल लोक निर्मान हित सो समवाय असेष॥47॥

चौपाई - इच्छा ग्यान क्रियाबिधि रूपा। सक्ति अनंत अनिंद्य अनूपा।।
जे कछु बिद्या तत्व बखाने। उमा प्रकासइ तिन्ह बहु माने।।
अबिनाभाव रहहि सिव पाहीं। बिना एक दूसर गति नाहीं।।
जगतरूप बिस बन बिनसावनि। दावानल लौ बिकट भयावनि।।
बेनी जुहीमाल सुघराई। खिंचि सुगन्ध आवै भँवराई।।
रूप कठोर एक देखरावा। दूसर मंजुल मृदुल बनावा।।

दोहा - **मुख पंकज उपमान छबि पूरनचन्द प्रकास।**
नाक जड़ी मुकुतामनी मन्द करत जनु हास॥48॥
नीलकमल हारे बिथकि नयनजुगल छबि पेखि।
लीला करहिं अपांग दोउ मनिताटंक सुलेखि॥49॥

चौपाई - बाँकी भौंह बिलास लसानी। सोभा चाप मनोज लजानी।।
होठन्ह पहँ लछिमी मुसुकाहीं। समरथ उपमा कवनिउँ नाहीं।।
तदपि कछुक कबि कहत बनाई। जस बन्धूक कुसुम अरुनाई।।
कामदेव के संख सुहाए। निज सौन्दर्ज गरब अधिकाए।।
उमा कंठ किमि जाइ बखाना। कंबु सरिस नहि पावइ आना।।
सम सरीर संग सुभग सजाहीं। काम कम्बु तेहि देखि लजाहीं।।
थिर जौबन मँह भरी लुनाई। सो सरीर सबु रही सजाई।।

दोहा - **उमा रंचि भरि नमि रही पीन पयोधर भार।**
गदरायो जो उठि रह्यो करति चिबुक सों रार॥50॥

चौपाई - कटि तनुमध्य सोह अति खीना। जस मृनाल बिस तन्तु नवीना।।
सुभग सिंगार नदी उमगानी। ऊँच पुलिन रचि रहेउ सुहानी।।
तैसइ पाछि नितंबु बनावा। तेहि के भार मंद गति लावा।।
कुसुम्भ रंग कोमल परिधाना। सोहत मनहु अनंग बिताना।।

कुसुम्भकुसुमच्छायाकोमलाम्बरशोभया।
शृङ्गारोद्यानसंरम्भरम्भास्तम्भोरुकाण्डया।।३३।।

चूतप्रवालसुषुमासुकुमारपदाब्जया।
स्थिरमङ्गलशृङ्गारभूषणालङ्कृताङ्गया।।३४।।

हारनूपुरकेयूरचमत्कृतशरीरया।
चक्षुरानन्दलतया सौभाग्यकुलविद्यया।।३५।।

उमया सममासीनं लोकजालकुटुम्बया।
अपूर्वरूपमभजन् परिवाराः समन्ततः।।३६।।

पुण्डरीकाकृति स्वच्छं पूर्णचन्द्रसहोदरम्।
दधौ तस्य महालक्ष्मीः सितमातपवारणम्।।३७।।

तन्त्रीझङ्कारशालिन्या सङ्गीतामृतविद्यया।
उपतस्थे महादेवमुपान्ते च सरस्वती।।३८।।

झणत्कङ्कणजातेन हस्तेनोपनिषद्वधूः।
ओंकारतालवृन्तेन वीजयामास शङ्करम्।।३९।।

चलच्चामरिकाहस्ता झङ्कुर्वन्मणिकङ्कणाः।
आसेवन्त तमीशानमभितो दिव्यकन्यकाः।।४०।।

रुचि सिंगार फुरित उद्याना। जंघा कदली खंभ समाना।।
सरस रसाल कोंपलें चारू। दोउ पद पदुम तथा सुकुमारू।।

दोहा - अंग अंग भूषन सजे सकल सुमंगल मूल।
जस बसन्त रितु सोहहीं बिबिध बरन कौ फूल॥51॥

चौपाई - कंठ हार सुबरनमय राजत। रुनझुन धुनि नूपुर पग बाजत।।
बाजूबन्द लसइ दोउ बाँहीं। चमकै देह मनिन परछाहीं।।
लता अनंद नयन छबि राजी। कुल विद्या सौभाग्य बिराजी।।
सकल लोक जेहिकर परिवारा। बैठि उमा ढिग सिवहि निहारा।।
सिव आसीन अपूरबरूपा। सेवत सबु कुटुम्ब जग भूपा।।
उमा सहित सोभित तिपुरारी। तृपित नयन नहिं रूप निहारी।।

दोहा - पूरन चन्द सहोदर स्वेत कमल आकार।
महालच्छि सेवा करैं छत्रहि घाम नेवार॥52॥

चौपाई - सरस्वती कर बीना साजे। मधुर मधुर झंकृत रव बाजे।।
महादेव परिचर्जा करई। निज संगीत मोद मन भरई।।
विद्यामृत संगीत कहाई। करइ अनन्द सकल समुदाई।।
सबु उपनिषद् बधू सजि आवहिं। सिवहि व्यजन निज हाथ डोलावहिं।।
कंगन देत मधुर झनकारी। प्रनव ताड़पंखा अबिकारी।।
मनि कंगन रुनझुन धुनि करहीं। स्रवन पइठि सबुके मन हरहीं।।

दोहा - दिब्यकन्यका चँवर गहि मनिकंगन जुत हाथ।
नित सेवहिं ईसान कौ खड़ी चतुरदिक् साथ॥53॥

चौपाई - डोलत चँवर धवल चहुँ नीको। मध्य और आनन सिवजी को।।
भाँवरि राजहंस जनु देहीं। बीच किये सित कमल सनेही।।
बेद सहित षट् अंग बिभूती। जस गुरु सेवहिं सिष्य अधीती।।
रुद्र मंत्र करि करि उच्चारा। श्रद्धा भगति बिहित उपचारा।।
बेद सिरन्ह उपनिषद् सुहाई। सुन्दर चूड़ामनिहि बनाई।।
बेदपुरुष जस आयुध धारा। जथा बिभूषन बिबिध प्रकारा।।

चामराणां विलोलानां मध्ये तन्मुखमण्डलम्।
रराज राजहंसानां भ्रमतामिव पङ्कजम्।।४१।।

मन्त्रेण तमसेवन्त वेदाः साङ्गविभूतयः।
भक्त्या चूडामणिं कान्तं वहन्त इव मौलिभिः।।४२।।

तदीयायुधधारिण्यस्तत्समानविभूषणाः।
अङ्गभूताःस्त्रियः काश्चिदासेवन्त तमीश्वरम्।।४३।।

आप्ताधिकारिणः केचिदनन्तप्रमुखा अपि।
अष्टौ विद्येश्वरा देवमभजन्त समन्ततः।।४४।।

ततो नन्दी महाकालश्चण्डो भृङ्गी रिटिस्ततः।
सेनानी गजवक्त्रश्च रेणुको दारुकस्तथा।
घण्टाकर्णः पुष्पदन्तः कपाली वीरभद्रकः।।४५।।

एवमाद्या महाभागा महाबलपराक्रमाः।
निरङ्कुशमहासत्त्वा भेजिरे तं महेश्वरम्।।४६।।

अणिमादिकमैश्वर्यं येषां सिद्धेरपोहनम्।
ब्रह्मादयःसुरा येषामाज्ञालङ्घनभीरवः।।४७।।

मोक्षलक्ष्मीपरिष्वङ्गमुदिता येऽन्तरात्मना।
येषामीषत्करं विश्वसर्गसंहारकल्पनम्।।४८।।

दोहा - अस्त्र सस्त्र भूषन धरे तैसइ बिबिध प्रकार।
अंगभूत कछु कामिनी सेवहिं सिवहि सुचार॥54॥

चौपाई - निश्चल निश्छल जे अबिकारी। सहित अनन्त आठ अधिकारी।।
जेहि पर सिव कै अति बिस्वासा। तिन्हहिं सदा रक्खहिं निज पासा।।
ते विद्येस्वर आठ सयाने। महादेव सेवहिं सनमाने।।
सहित अनन्त सिखंडि सिवोत्तम। एकनेत्र एकरुद्रहु सूच्छम।।
अरु त्रिमूर्ति श्रीकंठ बखानहु। आठ बिद्येस्वर एहि सबु जानहु।।
नन्दी महाकाल पुनि चण्डा। भृंगी रिटी बीर बरिबण्डा।।
बीरभद्र अरु बीर कपाली। घंटाकरन महा बलसाली।।
षण्मुख एकदन्त अरु रेनुक। बिस्वकरन गोकरन सो दारुक।।
पुष्पदन्त प्रमुखादि सयाना। सहित प्रमथगन कोटिक नाना।।
परम उदार पराक्रमधारी। महासत्त्व पुनि स्वेच्छा चारी।।

दोहा - सेवहिं सकल महेस्वर सहित बिनय करजोरि।
पावहिं सिवपद पदुम रज पुलकि प्रीति नहिं थोरि॥55॥

चौपाई - जेहि सनमुख अणिमादि लजाहीं। अस सिधि प्रमथगनन्ह कै आही।।
जेहि अग्या लंघन नहिं करहीं। ब्रम्हादिक सुरेस सबु डरहीं।।
मोच्छ लच्छि आलिंगन लहहीं। अन्तःकरन मगन सबु रहहीं।।
इच्छा करहिं तनिक लव लावहिं। रचहिं बिस्व अरु बेगि नसावहिं।।
महिमा प्रमथगनन्ह को बरनी। जानहि सकल चराचर धरनी।।
ग्यानसक्ति जेहि परा अपारा। जेहि के बस सगरो संसारा।।

दोहा - करइ प्रकासित बस्तु सबु ग्यानसक्ति सबु रूप।
बिस्नुब्रम्हसम्पत्ति सबु जेहि सुख कन प्रतिरूप॥56॥

चौपाई - साधहिं सतत जोग जे जोगी। कहइ न कोउ कबहुँ जेहि भोगी।।
तेहू अस अभिलाषा करहीं। पाइ प्रमथ पद हर मन हरहीं।।
करहिं संकलप जौं मन माहीं। तिन्ह कँह जग अदेय कछु नाहीं।।
सो संकलप कलपतरु नामा। मनवांछित फल देइ ललामा।।

ज्ञानशक्तिः परा येषां सर्ववस्तुप्रकाशिनी।
आनन्दकणिका येषां हरिब्रह्मादिसम्पदः।।४९।।

आकाङ्क्षन्ते पदं येषां योगिनो योगतत्पराः।
काङ्क्षणीयफलो येषां सङ्कल्पः कल्पपादपः।।५०।।

कर्मकालादिकार्पण्यचिन्ता येषां न विद्यते।
येषां विक्रमसन्नाहा मृत्योरपि च मृत्यवः।
ते सारूप्यपदं प्राप्ताः प्रमथा भेजिरे शिवम्।।५१।।

ब्रह्मोपेन्द्रमहेन्द्राद्या विश्वतन्त्राधिकारिणम्।
आयुधालङ्कृतप्रान्ताः परितस्तं सिषेविरे।।५२।।

आदित्या वसवो रुद्रा यक्षगन्धर्वकिन्नराः।
दानवा राक्षसा दैत्याः सिद्धा विद्याधरोरगाः।
अभजन्त महादेवमपरिच्छिन्नसैनिकाः।।५३।।

वसिष्ठो वामदेवश्च पुलस्त्यागस्त्यशौनकाः।
दधीचिर्गौतमश्चैव सानन्दशुकनारदाः।।५४।।

उपमन्युभृगुव्यासपाराशरमरीचयः।
इत्याद्या मुनयः सर्वे नीलकण्ठं सिषेविरे।।५५।।

पार्श्वस्थपरिवाराणां विमलाङ्गेषु बिम्बितः।
सर्वान्तर्गतमात्मानं स रेजे दर्शयन्निव।।५६।।

करमकालदुख चिन्ता नाहीं। जिन्हहिं बिलोकत पाप नसाहीं।।
परमपराक्रम जासु बिसाला। ते निहिचय कालहु कर काला।।

दोहा - **महाभाग ते प्रमथगन लहि सारूप्य बिधान।**
होइ मगन पद पाइ पुनि सेवहिं प्रभु ईसान॥57॥
निज निज आयुध साजि कै ब्रह्मा बिस्नु सुरेस।
बिस्वनियामक संभु कौ सेवहिं बिगतकलेस॥58॥
देवजच्छगंधर्ब मुनि सबु नित आठहु जाम।
महादेव सेवा करहिं लागे निज निज काम॥59॥

चौपाई - जे आदित्य बारहों आये। आठहु बसुगन संग लिआये।।
रुद्र इगारह जच्छ कुबेरा। किन्नर दानव डारे डेरा।।
राच्छस दैत्य सकल गन्धर्बा। सिद्ध सर्प बिद्याधर सर्बा।।
निज निज सेन सहित कर जोरे। अग्या करहु कृपानिधि मोरे।।
हमहूँ सों सेवा कछु लेहू। सबु करिहउँ बस अग्या देहू।।
प्रभु रुख भाँपि टहल सबु करहीं। जस आयसु तैसहिं अनुसरहीं।।

दोहा - **अथ बसिष्ठ सौनक सुक बामदेव सानन्द।**
रिषि पुलस्त कुंभज भृगू गौतम ब्यास अमन्द॥60॥
पारासर उपमन्यु मुनि सो दधीचि देवर्षि।
नीलकंठ सेवा करहिं सहित मरीचि महर्षि॥61॥

चौपाई - जे समीप सेवा हित जाहीं। तेहि के बिमल अंग झलकाहीं।।
सबु मँह आपुहि आपु बिराजा। मनहुँ देखावहिं निज सम्राजा।।
कबहूँ छिन देवन्ह कर काजा। संभु निदेसहिं जानि अकाजा।।
कबहुँ तनिक निज कान लगावहिं। जबु गंधर्व मधुर धुनि गावहिं।।
बात तनिक सिव तिन्ह से करहीं। ब्रम्हा बिस्नु देव जे अहहीं।।
नृत्यकला छिन संभु बखानहिं। देवबधू निज भाग सराहहिं।।

क्षणं स शम्भुर्देवानां कार्यभागं निरूपयन्।
क्षणं गन्धर्वराजानां गानविद्यां विभावयन्।।५७।।

ब्रह्मविष्ण्वादिभिर्देवैः क्षणमालापमाचरन्।
क्षणं देवमृगाक्षीणां लालयन्नृत्यविभ्रमम्।।५८।।

व्यासादीनां क्षणं कुर्वन् वेदोच्चारेषु गौरवम्।
विदधानः क्षणं देव्या मुखे बिम्बाधरे दृशः।।५९।।

हास्यनृत्यं क्षणं पश्यन् भृङ्गिणा परिकल्पितम्।
नन्दिना वेत्रहस्तेन सर्वतन्त्राधिकारिणा।।६०।।

अमुञ्चता सदा पार्श्वमात्माभिप्रायवेदिना।
चोदितान् वासयन् कांश्चिद्विसृजन् भ्रूविलासतः।
सम्भावयंस्तथा चान्यानन्यानपि नियामयन्।।६१।।

समस्तभुवनाधीशमौलिलालितशासनः।
अकुण्ठशक्तिरव्याजलावण्यललिताकृतिः।।६२।।

स्थिरयौवनसौरभ्यशृङ्गारितकलेवरः।
आत्मशक्त्यमृतास्वादरसोल्लासितमानसः।।६३।।

स्वाभाविकमहैश्वर्यविश्रामपरमावधिः।
निष्कलङ्कमहासत्त्वनिर्मितानेकविग्रहः।।६४।।

अखण्डारातिदोर्दण्डकण्डूखण्डनपण्डितः।
चिन्तामणिः प्रपन्नानां श्रीकण्ठः परमेश्वरः।।६५।।

दोहा - निज आसन गत संभु नित लीला करहिं अपार।
जे जस तस देखहिं सुनहिं करहिं बिमल ब्यवहार॥62॥

चौपाई - ब्यास आदि मुनि पुंगव जबहीं। सस्वर बेदपाठ सुचि करहीं।।
तबु छनु एकु सुनहिं धरि ध्याना। करहिं प्रसंसा संभु अमाना।।
बाम भाग जे सोह भवानी। निज पति निरखि रहत हरषानी।।
सकल सृष्टि सौन्दर्ज निधाना। उमा सरूप को करइ बखाना।।
आगिलि छिन संकर गँव पाई। नीलकण्ठ निज बदन घुमाई।।
ललकि लखे लोचन ललचाने। सरस बिम्बफल अधर लुभाने।।

दोहा - हास्यनृत्य भृंगी करत देखहिं दै बहुमान।
अट्टहास करि हँसहिं पुनि भावक संभु सुजान॥63॥

चौपाई - नंदी सबु कारज अधिकारी। सदा बेंत निज हाथ सुधारी।।
पास सदा सिव कँह रहि आवा। जानहिं प्रभु कँह मन गत भावा।।
नंदी जेहि कँह बोलि बुलावहिं। सिव सन आदर ते जन पावहिं।।
भृकुटि बिलास स्वयं जगदीसा। भगतन बोलि देहिं आसीसा।।
केहु प्रिय कारज लागि पठावहिं। कहि प्रिय बचन निकट बैठावहिं।।
आदर मान देहिं सब काहू। कबहुँ नियामहिं सहित उछाहू।।
सिव आदेस धरहिं सबु सीसा। लोकपाल जे सकल अधीसा।।
सक्ति अमोघ बरनि नहिं जाई। ब्यापि रही तन ललित लुनाई।।

दोहा - थिर जौबन कँह सुरभि सों सदा सुगंधित देह।
आतमसक्तिसुधारस उमगत सहित सनेह॥64॥
सहज महा ऐस्वर्ज कँह संभु चरम ह्वै धाम।
महासत्व अनवद्य तनु नैकहु पूरनकाम॥65॥

चौपाई - जेहि कर कंठ नील छबि मण्डित। करहिं बैरि भुजकण्डू खण्डित।।
सरनागत भगतन अभिलाषा। चिन्तामनि सम पुरवहिं आसा।।
गनन्ह मध्य सिव सोहत कैसे। बहु मनि मध्य महामनि जैसे।।
सभा मध्य रेनुक गननायक। पठयेउ बोलि संभु सुखदायक।।

सभान्तरगतं तत्रं रेणुकं गणनायकम्।
प्रसादं सुलभं दातुं ताम्बूलं स तमाह्वयत्।।६६।।

शम्भोराह्वानसन्तोषसंभ्रमेणैव दारुकम्।
उल्लङ्घ्य पार्श्वमगमल्लोकनाथस्य रेणुकः।।६७।।

तमालोक्य विभुस्तत्र समुल्लङ्घितदारुकम्।
माहात्म्यं निजभक्तानां द्योतयन्निदमब्रवीत्।।६८।।

रे रे रेणुक दुर्बुद्धे कथमेष त्वयाऽधुना।
उल्लङ्घितः सभामध्ये मम भक्तो हि दारुकः।।६९।।

लङ्घनं मम भक्तानां परमानर्थकारणम्।
आयुः श्रियं कुलं कीर्तिं निहन्ति हि शरीरिणाम्।।७०।।

मम भक्तमवज्ञाय मार्कण्डेयं पुरा यमः।
मत्पादताडनादासीत् स्मरणीयकलेवरः।।७१।।

भृगोश्च शङ्कुकर्णस्य मम भक्तिमतोस्तयोः।
कृत्वानिष्टमभूद् विष्णुर्विकेशो दशयोनिभाक्।।७२।।

मद्भक्तेन दधीचेन कृत्वा युद्धं जनार्दनः।
भग्नचक्रायुधः पूर्वं पराभवमुपागमत्।।७३।।

कृताश्वमेधो दक्षोऽपि मद्भक्तांश्च गणेश्वरान्।
अवमत्य सभामध्ये मेषवक्त्रोऽभवत् पुरा।।७४।।

पान प्रसाद देन तेहि चहहीं। धन्न जे प्रभु प्रसाद कर गहहीं।।
बिहवल भयउ सुनत प्रभुबानी। चलेउ तुरत जोरे दोउ पानी।।

दोहा - प्रभु पुकार संतोष हित हड़बड़ रेनुक धाय।
लाँघि दारुकहि ठाढ़ भे लोकनाथ ढिग जाय॥66॥

चौपाई - अनरथ लखि रेनुक जो कीन्हा। सिव तन प्रगट क्रोध कै चीन्हा।।
रेनुक समुझि आपु करतूता। प्रभु बिलोकि अति भयउ सभीता।।
सहेउ न सो अनरथ भगवाना। भगत परम प्रिय जो नित माना।।
भगत महातम निज देखरावा। तरजि रेनुकहि बचन सुनावा।।
रे कुबुद्धि रेनुक अज्ञानी। महिमा भगति न रंचहु जानी।।
कस काहे करतूति देखावा। दारुक लाँघि सभा मँह आवा।।
दारुक भगत मोहिं अति भावा। तुम्ह तौ आपन धरम नसावा।।

दोहा - मोर भगत लंघन भयो सबु अनरथ कौ मूल।
नासइ कुल कीरति सकल लछिमी आयु समूल॥67॥

चौपाई - कछु दृष्टान्त सुनावहुँ तोही। बचइ न मम भगतन कै द्रौही।।
भगत मृकंडुपुत्र रिषि मोरा। जम तेहि कीन्ह अवग्या घोरा।।
तबु हौं कीन्हों पाद प्रहारा। जम बराक निज लोक सिधारा।।
भृगु अरु शंकुकरन दोउ जाना। मोरे भगत सहित सम्माना।।
दोउ सन बिस्नू कीन्ह कुचाला। ताकर फल पायेउ तत्काला।।
भयउ बिकेस पाइ मम कोपू। जनमेउ सो दस बार अलोपू।।

दोहा - मोरे भगत दधीच संग कीन्ह बिस्नु संग्राम।
चक्र धनुष टूटेउ तहाँ हारे भा कोहराम॥68॥

चौपाई - अस्वमेध करि पुन्य बिताना। दच्छ हृदय उपजेउ अभिमाना।।
सभामध्य तहँ जुरे सयाने। मोरउ भगत गनेस्वर माने।।
तहाँ कीन्ह गनपति अपमाना। पायउ मुँह तबु भेंड़ समाना।।
स्वेत नाम मम भगत कहावा। सहज अनतिक्रम तेजस पावा।।
जबु सो उदासीन संभारा। तबु हौं हठि कालहु कँह जारा।।

श्वेतस्य मम भक्तस्य दुरतिक्रमतेजसः।
औदासीन्येन कालोऽपि मया दग्धः पुराऽभवत्।।७५।।

एवमन्येऽपि बहवो मद्भक्तानामतिक्रमात्।
परिभूता हताश्चासन् भक्ता मे दुरतिक्रमाः।।७६।।

अविचारेण मद्भक्तो लङ्घितो दारुकस्त्वया।
एष त्वं रेणुकानेन जन्मवान् भव भूतले।।७७।।

इत्युक्तः परमेशेन भक्तमाहात्म्यशंसिना।
प्रार्थयामास देवेशं प्रणिपत्य स रेणुकः।।७८।।

मानुषीं योनिमासाद्य महादुःखविवर्धिनीम्।
जात्यायुर्भोगवैषम्यहेतुकर्मोपपादिनीम्।।७९।।

समस्तदेवकैङ्कर्यकार्पण्यप्रसवस्थलीम्।
महातापत्रयोपेतां वर्णाश्रमनियन्त्रिताम्।
विहाय त्वत्पदाम्भोजसेवां किं वा वसाम्यहम्।।८०।।

यथा मे मानुषो भावो न भवेत् क्षितिमण्डले।
तथा प्रसादं देवेश विधेहि करुणानिधे।।८१।।

इति सम्प्रार्थितो देवो रेणुकेन महेश्वरः।
मा भैषीर्मम भक्तानां कुतो भीतिरिहेष्यति।।८२।।

जहँ कहुँ मोर भगत गन अहहीं। तिरस्कार तिन्हकर जे करहीं।।
तिन्हहिं कबहुँ हौं छाड़ब नाहीं। मोरे क्रोध अनल जरि जाहीं।।

दोहा - **रेनुक कहउँ बुझाइ तोहि भगत दुरतिक्रम मोर।**
जे ताकर लंघन करहिं पावहिं दुर्गति घोर॥69॥

चौपाई - सुनु जाके बिबेक बुधि नाहीं। सहसा करि पाछे पछिताहीं।।
तुहूँ कीन्ह अबिचारित करमा। दारुक लाँघि नसायउ धरमा।।
रेनुक जाहु भूतलहि अबहीं। जनम लेहु तूँ तहाँ मनुजहीं।।
रेनुक सुनेउ जो कह भगवाना। भगत महातम सुधा सों साना।।
ब्याकुल परेउ चरन कर जोरे। हौं सबु भाँति सरन मँह तोरे।।
छमहु देव अपराधु घनेरा। आखिन आगे छयउ अन्हेरा।।

दोहा - **भयउँ अधम सबु भाँति हौं करहु अनुग्रह देव।**
जे प्रभु दीठिन्ह उतरि गे ते कस उधरहिं टेव॥70॥

चौपाई - मानुस देह पाप कै खानी। संत कहहिं भवरोग बढ़ानी।।
जनम मरन दुख भोगहिं प्रानी। बिसम करम नानाबिध ठानी।।
देवन्ह टहल दीनता ब्यापै। मनुज जोनि मम हिरदै काँपै।।
त्रिबिध ताप सह मनुज सरीरा। बरनास्त्रम बँधि बोलइ कीरा।।
अइसन पाइ धरनि नर देहा। सेवा प्रभु कै करिहौं केहा।।
तव पदाब्ज सेवा सुभ त्यागी। तँह कस बसिअ ई रेनु अभागी।।

दोहा - **जथा धरनि पै मोंहिं कँह होइ न मानुस भाउ।**
बिनवउँ तोंहिं कृपानिधि तैंसइ कृपा बनाउ॥71॥
द्रवेउ उमापति सुनेउ जबु रेनुक आरत बानि।
सिव बोले मत डरहु मम भगत भीति नहिं आनि॥72॥

श्रीशैलस्योत्तरे भागे त्रिलिङ्गविषये शुभे।
कोल्लिपाक्याभिधानोऽस्ति कोऽपि ग्रामो महत्तरः।।८३।।

सोमेश्वराभिधानस्य तत्र वासवतो मम।
अस्पृशन् मानुषं भावं लिङ्गात्प्रादुर्भविष्यसि।।८४।।

मदीयलिङ्गसंभूतं मद्भक्तपरिपालकम्।
विस्मिता मानुषाः सर्वे त्वां भजन्तु मदाज्ञया।।८५।।

मदद्वैतपरं शास्त्रं वेदवेदान्तसंमतम्।
स्थापयिष्यसि भूलोके सर्वेषां हितकारकम्।।८६।।

मम प्रतापमतुलं मद्भक्तानां विशेषतः।
प्रकाशय महीभागे वेदमार्गानुसारतः।।८७।।

इत्युक्त्वा परमेश्वरः स भगवान् भद्रासनादुत्थितो।
ब्रह्मोपेन्द्रमुखान् विसृज्य विबुधान् भ्रूसंज्ञया केवलम्।
पार्वत्या सहितो गणैरभिमतैः प्राप स्वमन्तःपुरं।
क्षोणीभागमवातरत् पशुपतेराज्ञावशाद् रेणुकः।।८८।।

ॐ तत्सत् इति श्रीशिवगीतेषु सिद्धान्तागमेषु शिवाद्वैतविद्यायां शिवयोगशास्त्रे श्रीरेणुकागस्त्य संवादे वीरशैवधर्मनिर्णये श्रीशिवयोगिशिवाचार्यविरचिते श्रीसिद्धान्तशिखामणौ कैलासवर्णनं रेणुकावतरणकारणं च नाम तृतीयः परिच्छेदः।

चौपाई - रेनुक सुनहु धीर धरि बाता। जाहु धरनि नहिं होइहि घाता।।
पुन्य देस तँह भारत नामा। देव लहहिं तँह मन बिस्रामा।।
दक्खिन दिसि श्रीसैल सुहावा। तेहि उत्तर दिसि अति मनभावा।।
थल प्रसिद्ध सो तेलंगाना। नगर गाँउ बस नवा पुराना।।
गाउँ एक बड़ महिमा ताकी। कहहिं लोग सबु कोल्लीपाकी।।
थापा लिंग गाउँ मँह ओहा। मंदिर भव्य पुरातन सोहा।।

दोहा - हौं एहि रूप बसउँ तँह सोमेस्वर मम नाउँ।
जाहु प्रगटु तुम्ह होइहउ सोइ लिंगहि तेहि ठाउँ॥73॥
एहि बिधि तोहि न व्यापिहि मानुस भाउ कदापि।
मम बिग्रह तव उतपती तोहि मँह भाउ ममापि॥74॥

चौपाई - अचरज भरि पेखिहहँइँ सबु तोही। लिंग जथावत मंदिर ओही।।
भगत मुदित जन तहँ कर बासी। सेइहहिं तुम्हहिं न भजहु उदासी।।
रेनुक तुम्ह परिपालक होहू। मोरे भगतन पर करि छोहू।।
सिवाद्धैत कर करहु प्रचारा। सकल सास्त्र निगमागम सारा।।
एहि बिधि तँह सबुकर हित होई। धरमनीति छल छदम बिगोई।।
मम सिवभगत प्रताप अपारा। बेदपन्थजुत करहु प्रचारा।।

दोहा - भद्रासन ते उठि गयउ अस कहि श्रीभगवान।
सयनहि देवन्ह बिदा किय ब्रम्हा बिस्नु प्रधान॥75॥
उमा परमप्रिय गन सहित निज गृह कीन्ह प्रबेस।
रेनुक अग्या सिर धरेउ उतरेउ धरनी देस॥76॥

।।श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस मँह तीसरा परिच्छेद समाप्त।।

अथ
श्रीसिद्धान्तशिखामणिः
चतुर्थः परिच्छेदः

अथ त्रिलिङ्गविषये कोल्लिपाक्यभिधे पुरे।
सोमेश्वरमहालिङ्गात् प्रदुरासीत् स रेणुकः।।१।।

प्रादुर्भूतं तमालोक्य शिवलिङ्गात् त्रिलिङ्गजाः।
विस्मिताः प्राणिनः सर्वे बभूवुरतितेजसम्।।२।।

भस्मोद्धूलितसर्वाङ्गं साररुद्राक्षभूषणम्।
लिङ्गधारणसंयुक्तं लिङ्गपूजापरायणम्।
जटामुकुटसंयुक्तं त्रिपुण्ड्राङ्कितमस्तकम्।।३।।

कटीतटीपटीभूतकन्थापटलबन्धुरम्।
दधानं योगदण्डं च भस्माधारं कमण्डलुम्।।४।।

शिवाद्वैतपरिज्ञानपरमानन्दमोदितम्।
निर्धूतसर्वसंसारवासनादोषपञ्जरम् ।।५।।

शिवागमसुधासिन्धुसमुन्मेषसुधाकरम्।
चित्तारविन्दसंगूढशिवपादाम्बुजद्वयम् ।।६।।

यमादियोगतन्त्रज्ञं स्वतन्त्रं सर्वकर्मसु।
समस्तसिद्धसन्तानसमुदायशिखामणिम्।।७।।

।।ॐ नमः शिवाय।।

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस

चउथा परिच्छेद

चौपाई - सिव महिमा कछु जाइ न जानी। परमेस्वर कँह अकथ कहानी।।
धरनि आय रेनुक गननायक। जो सिव कहेउ सुमिरि प्रभु पायक।।
तेलंगाना देस सुनामा। बसि तँह कोल्लीपाकी ग्रामा।।
महालिंग सोमेस्वर केरा। प्रगटेउ रेनुक ज्योति घनेरा।।
तेलंगाना देस निवासी। दिब्य पुरुस एक देखि प्रकासी।।
भरि अचरज तरकहिं बिधि नाना। को कस कँह ते संकर बाना।।

दोहा - प्रगट भयउ सिवलिंग ते तेज न सक कहि जाइ।
महिमा अति सिवलिंग कँह की सिव अपुनेइ आइ।।77।।

चौपाई - सगरी देह भभूत लगाये। रचि कपर्द सिर मउर बनाये।।
धारे लिंग देह निज बिधि सों। लिंग पूजा मन लाग नियम सों।।
सजेउ पहिरि रुद्राच्छ बिभूषन। भाल सोह तिरपुंड तिलक सन।।
कथरी कमर करार सम्हारे। जोगडंड निज लच्छन धारे।।
गहे भभूत अधार कमंडल। अधर मधुर स्मित नयन अचंचल।।
सिवाद्वैत परिपूरन ग्याना। परमानंद मुदित सबु जाना।।
सकल बासना दोस पिंजारा। तहस नहस करि तजि संसारा।।

दोहा - सुधा सिंधु सिव आगम बढ़वन कौ बिधु पूर।
गोये संभुपदाब्ज द्वै चित्त कमल जस मूर।।78।।

चौपाई - जम नियमादि जोग कै अंगा। सो जानइ सबु तंत्र अभंगा।।
सबुइ काजु सरबस स्वाधीना। सिद्ध समाजु सिखामनि पीना।।

वीरसिद्धान्तनिर्वाहकृतपट्टनिबन्धनम्।
आलोकमात्रनिर्भिन्नसमस्तप्राणिपातकम्।।८।।

तमपृच्छन् जनाः सर्वे नमन्तः को भवानिति।
इति पृष्टो महायोगी जनैर्विस्मितमानसैः।।९।।

प्रत्युवाच शिवाद्वैतमहानन्दपरायणः।
पिनाकिनः पार्श्ववर्ती रेणुकाख्यगणेश्वरः।।१०।।

केनचित्कारणेनाहं शिवलिङ्गादिहाभवम्।
नाम्ना रेणुकसिद्धोऽहं सिद्धसन्ताननायकः।।११।।

स्वच्छन्दचारी लोकेऽस्मिन् शिवसिद्धान्तपालकः।
खण्डयन् जैनचार्वाकबौद्धादीनां दुरागमान्।।१२।।

इत्युक्त्वा पश्यतां तेषां विषयस्थिरचक्षुषाम्।
उत्थाय व्योममार्गेण मलयाद्रिमुपागमत्।।१३।।

नवचन्दनकान्तारकन्दलन्मन्दमारुतम्।
अभङ्गुरभुजङ्गस्त्रीसंगीतरससंकुलम्।।१४।।

करिपोतकराकृष्टस्फुरदेलातिवासितम्।
वराहदंष्ट्रिकाध्वस्तमुस्तासुरभिकन्दरम्।।१५।।

बीरसैव सिद्धान्त प्रबीना। निरबाहन कौ कटि पट कीना।।
दरसन मात्र ते जे दुखदीना। तुरत करइ नित पापबिहीना।।
निरखि निरखि लै लै निज नामा। करन लगे सबु दंड प्रनामा।।
देव करन हम कँह बड़भागी। आयउ कवन देस तुम्ह त्यागी।।

दोहा - **को तुम्ह देव बिराजहू बेष अपूरब धारि।**
सबु के मन उतकंठ बड़ कहहु कि तुम्ह तिपुरारि॥79॥

चौपाई - जनिअहु तनिक धरहु सबु धीरा। जोगी बोलेउ गिरा गंभीरा।।
मैं सिवसेवक रेनुक नामा। बसउँ पिनाकि पास सिवधामा।।
सिवाद्वैत जे परमानन्दा। तेहि मँह मगन रहउँ स्वच्छंदा।।
जानहु मानहु मोंहि गनेस्वर। मोंहि प्रिय करि मानहिं परमेस्वर।।
कारन एक कठिन तँह आवा। जेहि लगि सो मोहिं धरनि पठावा।।

दोहा - **नायक सिद्धसमूह कै रेनुक सिद्ध अमन्द।**
बीरसैवसिद्धान्त पुनि पालउँ जग स्वच्छन्द॥80॥
बौद्ध जैन चार्वाक जे नास्तिक करहिं प्रलाप।
खण्डउँ तासु दुरागम बीरसैव दै थाप॥81॥

चौपाई - एक टक तेहि पर नैन गड़ाई। अति बिमुग्ध देखत समुदाई।।
रेनुक अस कहि आपु बुझाई। तिन्ह देखत उठि गगन उड़ाई।।
छिन मँह चलि मारग आकासा। पहुँचे मलयाचल कै पासा।।
सो गिरि नव चंदन बन भरई। मंद मरुत तँह सीतल बहई।।
सटि सर्पिनी सुतरु लपटानी। सरसइ तिन्ह संगीत सुहानी।।
मलय सुगन्ध पटीर बसाई। रेनुक बिथकि लखेउ हरषाई।।

दोहा - **खींचि बिदारहिं करिकलभ एला गन्ध बसाइ।**
सूअर मोथा खनि रहे गुहा रही महकाइ॥82॥

पटीरदलपर्यङ्कप्रसुप्तव्याधदम्पतिम्।
माधवीमल्लिकाजातीमञ्जरीरेणुरञ्जितम् ।।१६।।

तत्र कुत्रचिदाभोगसर्वर्तुकुसुमद्रुमे।
अपश्यदाश्रमं दिव्यमगस्त्यस्य महामुनेः।।१७।।

मन्दारचन्दनप्रायैर्मण्डितं तरुमण्डलैः।
शाखाशिखरसंलीनतारकागणकोरकैः।।१८।।

मुनिकन्याकरानीतकलशाम्बुविवर्धितैः।
आलवालजलास्वादमोदमानमृगीगणैः।।१९।।

हेमारविन्दनिष्यन्दमकरन्दसुगन्धिभिः।
मरालालापवाचालुवीचिमालामनोहरैः।।२०।।

इन्दीवरवरज्योतिरन्धीकृतहरिन्मुखैः।
लोपामुद्रापदन्यासचरितार्थतटाङ्कितैः।।२१।।

हारनीहारकर्पूरहरहासामलोदकैः।
नित्यनैमित्तिकस्नाननियमार्थैस्तपस्विनाम्।।२२।।

चौपाई - जहाँ ब्याध दम्पति सुख साने। कदली दल परिअंक समाने।।
झूम बिबिध तरु कुसुम झँकोरा। उड़इ पराग राग चहुँ ओरा।।
जूही चंपा अउर चमेली। हलरि बसंती किय बगमेली।।
मलयाचल सोभा अधिकाई। घूमि घूमि देखेउ गनराई।।
नयन लोभ कछु पूर न होई। अस छबि कतहुँ न देखी कोई।।
उहाँ एक थल बना सुहावा। सबु रितु कुसुम तरुन्ह पँह छावा।।
देखेउ आश्रम दिब्य सुहावन। रिषि अगस्ति कै अति मनभावन।।

दोहा - तेहि आश्रम चन्दन सघन पारिजात तरुराज।
कोंपल बिच निकलीं कली जनु तारागन साज॥83॥

चौपाई - घट भरि भरि जल आनि पिआए। मुनि कन्या निज हाथ बढ़ाए।।
थाले बने मनोहर नाना। मुदित मृगी नित कर जलपाना।।
सोन कमल कँह झरत परागा। मँहँ मँहँ मँहकत सकल बिभागा।।
राजहंस कल कूजन करहीं। बिहरहिं ललित सुजनमन हरहीं।।
बीचि माल जल भावति नीकी। जनु कलधौत लहरि अवली की।।
इन्दीबर बर सघन सुहाये। तेहि कृत तिमिर चहूँ दिसि छाये।।

दोहा - रिषि अगस्ति घरनी सती लोपामुद्रा नाम।
अटति सरोवर तट तहाँ परि पगचिन्ह ललाम॥84॥

चौपाई - सलिल बिमलसर धवल अमाना। हार तुहिन घनसार समाना।।
अट्टहास करि हर जबु हँसई। सोइ जनु द्रव बनि एहि सर भरई।।
नित्त निमित्त नियम अस्नाना। करि तापस जन ध्यावहिं ध्याना।।
तेहि सर चारिउ ओर सुहाना। उत्तम मनि निरमित सोपाना।।
आस्रमु बिबिध जन्तु बिचराहीं। तिन्ह मँह बैर परस्पर नाहीं।।
रिषि अगस्ति आस्रमु बस जहवाँ। दूसर ब्रम्हलोक जनु तहवाँ।।
हवन सदा घृत आहुति परई। तेहि सुगन्धि सो आस्रमु भरई।।

प्रकृष्टमणिसोपानैः परिवीतं सरोवरैः।
विमुक्तसत्त्ववैरस्यं ब्रह्मलोकमिवापरम्।।२३।।

हूयमानाज्यसन्तानधूमगन्धिमहास्थलम्।
शुकसंसत्समारब्धश्रुतिशास्त्रोपबृंहणम्।।२४।।

तस्य मध्ये समासीनं मूले चन्दनभूरुहः।
सुकुमारदलच्छायादूरितादित्यतेजसः ।।२५।।

तडित्पिङ्गजटाभारैस्त्रिपुण्ड्राङ्कितमस्तकैः।
भस्मोद्धूलितसर्वाङ्गैः स्फुरद्रुद्राक्षभूषणैः।।२६।।

नववल्कलवासोभिर्नानानियमधारिभिः।
परिवीतं मुनिगणैः प्रमथैरिव शङ्करम्।।२७।।

समुज्ज्वलजटाजालैस्तपःपादपपल्लवैः।
स्फुरत्सौदामिनीकल्पैर्ज्वालाजालैरिवानलम्।।२८।।

विशुद्धभस्मकृतया त्रिपुण्ड्राङ्कितरेखया।
त्रिस्रोतसेव सम्बद्धशिलाभागं हिमाचलम्।।२९।।

भस्मालङ्कृतसर्वाङ्गं शशाङ्कमिव भूगतम्।
वसानं वल्कलं नव्यं बालातपसमप्रभम्।।३०।।

वडवाग्निशिखाजालसमालीढमिवार्णवम्।
सर्वासामपि विद्यानां समुदायनिकेतनम्।।३१।।

दोहा - जहाँ निरन्तर उच्चरहिं बेदमंत्र सुकबृन्द।
ब्यापि रही तँह बेद धुनि पावन सहज अमन्द॥85॥

चौपाई - कोमल पल्लव दल घन छाहीं। रबि आतप कछु लागत नाहीं।।
ऐसेइ चन्दन बिटप सुहावन। आस्रम मध्य रह्यो मनभावन।।
तेहि तरु तर कुंभज आसीना। ध्यान जोगबिधि परम प्रबीना।।
बिद्युत पीत जटा सिर धारे। रचित भाल तिरपुंड करारे।।
करि धूसर सबु अंग भभूता। साजे तनु रुद्राच्छ बहूता।।
पहिरे बल्कल बस्त्र नवीना। नेम ब्रतादिक तप तनु खीना।।

दोहा - धारि रूप एहि बिधि तहाँ मुनि गन नाना भेष।
घेरि रहेउ कुंभज रिषी जस सिव प्रमथ असेष॥86॥

चौपाई - तपपादप नव किसलयरूपा। कौंधत बिजुरी बरन अनूपा।।
अस सिर जटा समुज्ज्वल भासा। जनु ज्वाला सों अगिनि बिकासा।।
पावन भसम सहाय बनाई। रचि तिरपुण्ड रेख सुघराई।।
सोह भाल जस सिला बिभागा। सुरसरि धार तीनहूँ लागा।।
कुंभज लगेउ हिमाद्रि सरीखा। अस अनुभाव कतहुँ नहिं दीखा।।
सकल सरीर भभूत लगावा। जनु ससांक भूतल पर आवा।।

दोहा - अरुन बरन नव बलकल दिब्य कान्ति जुत गात।
रबि ज्यों बालातप धरे सोहत होत प्रभात॥87॥

चौपाई - मुनि लागहिं पयोधि अनुहारी। घिरेउ लपट बड़वानल भारी।।
जेते विद्या भेद कहाहीं। सबुके आस्रय मुनिबर आहीं।।
अस प्राकृत जन कोऊ नाहीं। जेहि मन अहंकार कछु नाहीं।।
कुंभज मन सोऊ नहिं लेसा। निर्भर सिवभावना बिसेषा।।
तृन सम तेहि जग कर जंजाला। उदगत सिद्धि रहहिं सबु काला।।
दिनकर मोहतिमिर कर दूरी। मूलबोधतरु हरिअर भूरी।।

न्यक्कृतप्राकृताहन्तं निरूढशिवभावनम्।
तृणीकृतजगज्जालं सिद्धीनामुदयस्थलम्।।३२।।

मोहान्धकारतपनं मूलबोधमहीरुहम्।
ददर्श स महायोगी मुनिं कलशसंभवम्।।३३।।

समागतं महासिद्धं समीक्ष्य कलशोद्भवः।
गणेन्द्रं रेणुकाभिख्यं विवेद ज्ञानचक्षुषा।।३४।।

तस्यानुभावं विज्ञाय सहसैव समुत्थितः।
लोपामुद्राकरानीतैरुदकैरतिपावनैः।।
पादौ प्रक्षालयामास स तस्य शिवयोगिनः।।३५।।

संपूज्य तं यथाशास्त्रं तन्नियोगपुरस्सरम्।
मुनिर्विनयसम्पन्नो निषसादासनान्तरे।।३६।।

समासीनं मुनिवरं सर्वतेजस्विनां विभुम्।
उवाच शान्तया वाचा रेवणः सिद्धशेखरः।।३७।।

निर्विघ्नं वर्तसे किं नु नित्या ते नियमक्रिया।
अथ वाऽगस्त्य तेजस्विन् कुतः स्युस्तेऽन्तरायकाः।।३८।।

विन्ध्यो निरुद्धो भवता विश्वोल्लङ्घनविभ्रमः।
नहुषो रोषलेशात् ते सद्यः सर्पत्वमागतः।।३९।।

दोहा - सिद्ध परम गननायक रेनुक जोगनिधान।
देखेउ घटसम्भव मुनी तुरत गयउ पहिचान॥८८॥
भल निरखेउ कुंभज मुनी आयउ सिद्ध महान।
गननायक रेनुक प्रमथ दिब्य दृष्टि ते जान॥८९॥

चौपाई - तेहि अनुभाव जानि सबु गयउ। आसन छाँड़ि ठाढ़ होइ गयऊ।।
करि स्वागत मुनि बचन उचारे। धन्न भाग भे आजु हमारे।।
तुम्ह परमेस्वर रूप समाना। संभु देहिं तोहि अतिसय माना।।
पावन कीन्ह आइ थल एहा। हमरे लगि तव मन अति नेहा।।
एहि बिच लोपामुद्रा आई। निज कर उदक पूत अति लाई।।
सिवजोगी पदपदुम पखारे। मुनि अगस्ति अति भये सुखारे।।

दोहा - जथासास्त्र पूजा कियो आदर विनय समेत।
आसन दूसर बैठि पुनि मुनिबर आसिस लेत॥९०॥

चौपाई - रेनुक चरन नवायउ माथा। थिर बैठेउ कुंभज मुनिनाथा।।
तेजपुंज अति दिव्य प्रभाऊ। अखिल लोकहित प्रगट सुमाऊ।।
मधुर सान्त स्वर रेनुक बोलेउ। मनहु स्त्रवन अमरित रस घोलेउ।।
जहँ लगि जीव जगत ब्यवहारा। किमि निरबिघन चलत तव सारा।।
नित्त निमित्त नियम सबु करमा। निबहइ संतत सहज कि धरमा।।
अथवा तेज पुंज रिषिराऊ। अन्तराय ब्यापिहि कस काऊ।।

दोहा - छेंकेउ नभ बढ़ि बिन्ध्य जो घटज नेवारेउ आपु।
सर्पजोनि गे नृप नहुष दियो रोस बस सापु॥९१॥

चौपाई - पिएउ जलधि तुम्ह सहज असेषा। सूखि रहा तँह कर्दम सेषा।।
जठरानल जारेउ बातापी। दानव जाति रही भय काँपी।।
एहि बिधि अउर करन को पारा। मेटि भीति मुनि साधु सम्हारा।।
लोकोत्तर सबु काज तुम्हारा। अति बिचित्र को बरनइ पारा।।

आचान्ते भवता पूर्वं पङ्कशेषाः पयोधयः।
जीर्णस्ते जाठरे वह्नौ दृप्तो वातापिदानवः।।४०।।

एवंविधानां चित्राणां सर्वलोकातिशायिनाम्।
कृत्यानां तु भवान् कर्ता कस्तेऽगस्त्य समप्रभः।।४१।।

शिवाद्वैतपरानन्दप्रकाशनपरायणम्।
भवन्तमेकं शंसन्ति प्रकृत्या सङ्गवर्जितम् ।।४२।।

पुरा हैमवतीसूनुरवदत् ते षडाननः।
शिवधर्मोत्तरं नाम शास्त्रमीश्वरभाषितम्।।४३।।

भक्तिः शैवी महाघोरसंसारभयहारिणी।
त्वया राजन्वती लोके जाताऽगस्त्य महामुने।।४४।।

इति तस्य वचः श्रुत्वा सिद्धस्य मुनिपुङ्गवः।
गम्भीरगुणया वाचा बभाषे भक्तिपूर्वकम्।।४५।।

अहमेव मुनीन्द्राणां लालनीयोऽस्मि सर्वदा।
भवदागमसम्पत्तिर्मां विना कस्य संभवेत्।।४६।।

स्थिरमद्य शिवज्ञानं स्थिरा मे तापसक्रिया।
भवद्दर्शनपुण्येन स्थिरा मे मुनिराजता।।४७।।

संसारसर्पदष्टानां मूर्च्छितानां शरीरिणाम्।
कटाक्षस्तव कल्याणं समुज्जीवनभेषजम्।।४८।।

हौं जानउँ मुनि तोर प्रभाऊ। अति पुनीत तव सील सुभाऊ।।
नहि कोउ तुम्ह समान तेजस्वी। सबु अचरजु तुम्ह करहु मनस्वी।।

दोहा - **शिवाद्वैत मँह लीन नित परमानन्दप्रकास।**
तुम्हहिं प्रसंसहिं लोग सबु अनासक्त फल आस॥92॥

चौपाई - एकु बात हौं कहउँ बखानी। जदपि रही सो बहुत पुरानी।।
पारबती सुत षन्मुख नामा। देवसेन नायक अभिरामा।।
सिव धर्मोत्तर तोहि उपदेसा। सास्त्र महेस्वर पाइ निदेसा।।
सैवी भगति महाभय हारिनि। लोकसोक बिषबेलि निवारिनि।।
हे अगस्ति मुनिबर बिग्यानी। तोहि कारन तमनिसा सिरानी।।
तुम्ह ते सैवी भगति उदारा। राजन्वती कहइ जग सारा।।
एहि प्रकार सुनि रेनुक बचना। मुनि कीन्हे प्रति उत्तर रचना।।

दोहा - **बोलेउ कुंभज बचन तबु सबु गुन जुत गंभीर।**
कहत मनहुँ नय विनय जुत जनु धरि भगति सरीर॥93॥

चौपाई - बन्दनीय हे सिद्धि निकेता। जग मँह बिदित मुनीस्वर जेता।।
तिन्ह मँह प्रथम रेख मम आही। कारन छोह तोर मोहिं पाँही।।
एहि ते सबु मुनि आदर करहीं। मम अग्या निज सिर पर धरहीं।।
हेतु तहाँ दूसर कछु नाहीं। छाँड़ि मोंहि तुम्ह केहि छोहाहीं।।
धन्न भाग मोरे गृह आवा। देइ सम्पति यहु मोहिं अपनावा।।
आजु मोर सिवग्यान थिरावा। थिर होइ मोर तपहु बल पावा।।
राउर दरसन पुन्य बहोरी। अचल भई मुनिबरता मोरी।।

दोहा - **जगत उरग बिस दंस ते प्रानिन्ह संकट प्रान।**
संजीवनि औषध बिभो तव कटाच्छ कल्यान॥94॥

चौपाई - सगरो लोक जलावनहारी। तीनहु ताप अगिनि जे भारी।।
तव चरनामृत कन मुँह जाई। महा अनल सो देइ बुझाई।।

समस्तलोकसन्दाहतापत्रयमहानलः।
त्वत्पदाम्बुजकणास्वादादुपशाम्यति देहिनाम्।।४९।।

रेणुकं त्वां विजानामि गणनाथं शिवप्रियम्।
अवतीर्णमिमां भूमिं मदनुग्रहकाङ्क्षया।।५०।।

भवादृशानां सिद्धानां प्रबोधध्वस्तजन्मनाम्।
प्रवृत्तिरीदृशी लोके परानुग्रहकारिणी।।५१।।

त्वन्मुखाच्छ्रोतुमिच्छामि सिद्धान्तं श्रुतिसंमतम्।
सर्वज्ञ वद मे साक्षाच्छैवं सर्वार्थसाधकम्।।५२।।

सद्यः सिद्धिकरं पुंसां सर्वयोगीन्द्रसेवितम्।
दुराचारैरनाघ्रातं स्वीकृतं वेदवेदिभिः।।
शिवात्मैक्यमहाबोधसम्प्रदायप्रवर्तकम्।।५३।।

उक्त्वा भवान् सकललोकमहोपकारं।
सिद्धान्तसंग्रहमनादृतबाह्यतन्त्रम्।
सद्यः कृतार्थयितुमर्हति दिव्ययोगिन्।
नानागमश्रवणवर्तितसंशयं माम्।।५४।।

ॐ तत्सत् इति श्रीशिवगीतेषु सिद्धान्तागमेषु शिवाद्वैतविद्यायां
शिवयोगशास्त्रे श्रीरेणुकागस्त्य संवादे वीरशैवधर्मनिर्णये
श्रीशिवयोगिशिवाचार्यविरचिते श्रीसिद्धान्तशिखामणौ
श्रीरेणुकागस्त्यसम्भाषणप्रसङ्गोनाम
चतुर्थः परिच्छेदः।

रेनुक तोंहि जानउँ गननाथा। तुम्ह प्रिय संभु रहहु नित साथा।।
मो पर करन अनुग्रह साईं। तुम्ह अवतरेउ धरनि पँह धाई।।
आप सरिस जे सिद्ध कहाहीं। ज्ञानसक्ति भवबन्ध नसाहीं।।
तिन्हकर परम उदार सुभावा। करहिं लोक उपकार सुहावा।।

दोहा - **सिवाद्वैत सिद्धान्त यहु सम्मत बेद प्रमान।**
सुनत चहत साच्छात हौं तव मुख ते श्रीमान॥95॥
हे सरबग्य कृपा करहु कहहु मोंहि करि छोह।
सबुइ अरथ साधक बिमल सिवाद्वैत सन्दोह॥96॥

छन्द - जेहि सिव अनुरागी परम बिरागी सेवहिं सदा सयाना।
मानुस तनु धारी कहहिं बिचारी सिद्धि अचिर एहि आना।।
जे दुष्ट अचारा भ्रमि संसारा तनिकहु गंध न पावा।
जे जानहिं बेदा अति निरबेदा निज हिय सदा बसावा।।
जे सिव करि जाना जीवन आना अस अद्वैत बनाई।
अग्यान निरासइ बोध प्रकासइ सो पथ सुगम चलाई।।

दोहा - **सकल लोक उपकार हित कहि पुनीत सिद्धान्त।**
अनाचार जेहिं छुवहिं नहिं जुरे बेद-बेदान्त॥97॥
अबुहिं कृतारथ करहु तुम्ह हे कृपालु मतिधीर।
दिब्य जोगि सिद्धान्तबिद सिद्ध सैव मत बीर॥98॥
कामिक बातुल आदि सबु आगम संसय मूल।
जानेउँ बिबिध प्रसंग मँह बनि बेधहिं हिय सूल॥99॥
बीरसैव सिद्धान्त मोहिं दृढ़ उपदेसहु आजु।
मेटि सकल संसय बिभो सिव कौ पुरवहु काजु॥100॥

।।श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस मँह चउथा परिच्छेद समाप्त।।

अथ
श्रीसिद्धान्तशिखामणिः
पञ्चमः परिच्छेदः

अथागस्त्यवचः श्रुत्वा रेणुको गणनायकः।
ध्यात्वा क्षणं महादेवं साम्बमाह समाहितः।।१।।

अगस्त्य मुनिशार्दूल समस्तागमपारग।
शिवज्ञानकरं वक्ष्ये सिद्धान्तं शृणु सादरम्।।२।।

अगस्त्य खलु सिद्धान्ता विख्याता रुचिभेदतः।
भिन्नाचारसमायुक्ता भिन्नार्थप्रतिपादकाः।।३।।

सांख्यं योगः पाञ्चरात्रं वेदाः पाशुपतं तथा।
एतानि मानभूतानि नोपहन्यानि युक्तिभिः।।४।।

वेदः प्रधानं सर्वेषां सांख्यादीनां महामुने।
वेदानुसरणादेषां प्रामाण्यमिति निश्चितम्।।५।।

पाञ्चरात्रस्य सांख्यस्य योगस्य च तथा मुने।
वेदैकदेशवर्तित्वं शैवं वेदमयं मतम्।।६।।

वेदैकदेशवर्तिभ्यः सांख्यादिभ्यो महामुने।
सर्ववेदानुसारित्वाच्छैवतन्त्रं विशिष्यते।।७।।

।।ॐ नमः शिवाय।।

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस
पाँचवाँ परिच्छेद

चौपाई - सुनि अगस्ति कै बचन सुहावा। रेनुक गननायक मन भावा।।
छिन करि महादेव कै ध्याना। सहित जगत जननी सुख माना।।
होइ सुचित्त धरि ध्यान बहोरी। कीन्ह बिनय सादर कर जोरी।।
बोलेउ रेनुक मधु मिदु बानी। रिषि अगस्ति अधिकारी जानी।।
हे अगस्ति हे मुनिसार्दूला। तुम्ह कँह अगम न आगम मूला।।
सादर सुनहु सहजु मनु लाई। कहउँ सैव सिद्धान्त सुहाई।।

दोहा - घटज भिन्नरुचि भेद ते जग अनेक सिद्धान्त।
भिन्न-भिन्न आचारजुत भिन्न अरथ सोपान्त॥101॥
सांख्य जोग मत पासुपत पांचरात्र अरु वेद।
दरसन सकल प्रमानजुत उचित न खंडन खेद॥102॥

चौपाई - सांख्य आदि जे दरसन अहहीं। आपुहि आपु बड़ाई करहीं।।
सबु कै मूल बेद मुनिराऊ। सोइ प्रधान सुनु अमित प्रभाऊ।।
ए प्रमान तेही बल अहहीं। सबु दरसन बेदहिं अनुसरहीं।।
पांचरात्र हे मुनिबर ज्ञानी। सांख्य जोग दरसन बिग्यानी।।
ए अनुसरहिं बेद इक भागा। सकल बेदमय सैव बिभागा।।
तेहि ते कहउँ सहित परमाना। एक बेदमय सैव न आना।।

दोहा - हे मुनिबर सांख्यादि जे दरसन परम प्रसिद्ध।
ते सबु वेदहि अंस गत यहु मत बुधजन सिद्ध॥103॥
बीरसैवसिद्धान्त यहु सकलबेदमय जान।
ताते परम बिसिष्ट पुनि सबु ते ऊपर मान॥104॥

चौपाई - निज मुख उपदेसेउ सिव ग्याना। सोइ सुचि सैवतंत्र जग जाना।।
बीरसैव सिद्धान्त कहावा। तहँ सबु बेदतत्व सरसावा।।

शैवतन्त्रमिति प्रोक्तं सिद्धान्ताख्यं शिवोदितम्।
सर्ववेदार्थरूपत्वात् प्रामाण्यं वेदवत् सदा।।८।।

आगमा बहुधा प्रोक्ताः शिवेन परमात्मना।
शैवं पाशुपतं सोमं लाकुलं चेति भेदतः।।९।।

तेषु शैवं चतुर्भेदं तन्त्रं सर्वविनिश्चितम्।
वामं च दक्षिणं चैव मिश्रं सिद्धान्तसंज्ञकम्।।१०।।

शक्तिप्रधानं वामाख्यं दक्षिणं भैरवात्मकम्।
सप्तमातृपरं मिश्रं सिद्धान्तं वेदसम्मतम्।।११।।

वेदधर्माभिधायित्वात् सिद्धान्ताख्यः शिवागमः।
वेदबाह्यविरोधित्वाद् वेदसम्मत उच्यते।।१२।।

वेदसिद्धान्तयोरैक्यमेकार्थप्रतिपादनात्।
प्रामाण्यं सदृशं ज्ञेयं पण्डितैरेतयोः सदा।।१३।।

सिद्धान्ताख्ये महातन्त्रे कामिकाद्ये शिवोदिते।
निर्दिष्टमुत्तरे भागे वीरशैवमतं परम्।।१४।।

विद्यायां शिवरूपायां विशेषाद् रमणं यतः।
तस्मादेते महाभागा वीरशैवा इति स्मृताः।।१५।।

वीशब्देनोच्यते विद्या शिवजीवैक्यबोधिका।
तस्यां रमन्ते ये शैवा वीरशैवास्तु ते मताः।।१६।।

सो सबु बेदारथ तेहिं सोहा। सो प्रामान्य बेदवत जोहा।।
सिव परमातम कीन्ह बनावा। बहुबिधि आगम कहि समुझावा।।
ताके भेद अनेकन भैवा। लाकुल सोम पासुपत सैवा।।
बिबिध प्रयोजन गहि उपजाये। सिव कल्यान करन मन भाये।।

दोहा - **आगम कँह बहु भेद पुनि, सैव तंत्र तँह चारि।**
यहु निश्चय बुध जन कहहिं, सबुबिधि सोचि बिचारि॥105॥
बाम दखिन अरु मिस्र पुनि, चउथ सिद्धान्त बिराज।
चार भेद परसिद्ध जगु, सैव तंत्र मुनिराज॥106॥

चौपाई - बाम नाम ते भेदहिं जोगू। सक्ति प्रधान कहहिं सबु लोगू।।
भैरव रूप भेद जो भावा। सैवतंत्र सो दखिन कहावा।।
मिस्र सैव कछु अलग प्रकारा। सात मातपर भेद प्रचारा।।
चउथ तंत्र सिद्धान्त कहावा। कहत बेद सम्मत सबु आवा।।
जे सिद्धान्तनाम सैवागम। बेद धरम कै करइ समागम।।
रंच न बेदबाह्य अपनावा। एहि ते बेदप्रमान कहावा।।

दोहा - **बेद सैवसिद्धान्त दोउ, एकहि अरथ बखान।**
दोऊ कौ प्रामान्य सम, पंडित जान सुजान॥107॥
सबुहि बेद में जे परत बिषय दिखाई तात।
उहै कहत सिद्धान्त पुनि सैव न दूसरि बात॥108॥

चौपाई - महातंत्र सिद्धान्त सुदेसे। उमारमन निज मुख उपदेसे।।
तँह जे कामिक आदि कहाहीं। देव दनुज सबु देखि सिहाहीं।।
सो सबु उत्तरभाग सुहावा। बीर सैवमत परम बतावा।।
तँह सोहइ बिद्या सिवरूपा। रमन होइ सबिसेष अनूपा।।
तेहि ते महाभाग जे अहहीं। बुधजन बीरसैव अस कहहीं।।
जेहि बेदान्तवाक्य उपजाई। सोइ बिद्या कह बुध समुदाई।।

दोहा - **'बी' सबदहि बिद्या कही ब्रम्हसरूप सराहि।**
सिवजीवहि कौ एकता बोध करावत आहि॥109॥

विद्यायां रमते यस्मान्मायां हेयां श्ववद्रहेत्।
अनेनैव निरुक्तेन वीरमाहेश्वरः स्मृतः।।१७।।

वेदान्तजन्यं यज्ज्ञानं विद्येति परिकीर्त्यते।
विद्यायां रमते तस्यां वीर इत्यभिधीयते।।१८।।

शैवैर्माहेश्वरैश्चैव कार्यमन्तर्बहिःक्रमात्।
शिवो महेश्वरश्चेति नात्यन्तमिह भिद्यते।।१९।।

यथा तथा न भिद्यन्ते शैवा माहेश्वरा अपि।
शिवाश्रितेषु ते शैवा ज्ञानयज्ञरता नराः।।२०।।

माहेश्वराः समाख्याताः कर्मयज्ञरता भुवि।
तस्मादाभ्यन्तरे कुर्युः शैवा माहेश्वरा बहिः।।२१।।

वीरशैवास्तु षड्भेदाः स्थलधर्मविभेदतः।
भक्तादिव्यवहारेण प्रोच्यन्ते शास्त्रपारगैः।।२२।।

शास्त्रं तु वीरशैवानां षड्विधं स्थलभेदतः।
धर्मभेदसमायोगाद् अधिकारिविभेदतः।।२३।।

आदौ भक्तस्थलं प्रोक्तं ततो माहेश्वरस्थलम्।
प्रसादिस्थलमन्यत्तु प्राणलिङ्गिस्थलं ततः।।
शरणस्थलमाख्यातं षष्ठमैक्यस्थलं मतम्।।२४।।

तेहि बिद्या में रमि रहे सैव जे मोह नेवारि।
बीरसैव तेहि जानिए लागे जनम सुधारि॥110॥

चौपाई - रमन करहिं बिद्या अनुरागी। माया हेय स्वान जस त्यागी।।
'बी' बिद्या 'र' रमन जानिएइ। 'मा' माया 'हे' त्याग मानिअइ।।
'स्व' से स्वान रहइ 'र' त्यागू। इहै निरुक्ति इहाँ अहि लागू।।
एहि निरुक्ति बस अरथ लगाहीं। 'बीरमाहेस्वर' इहाँ कहाहीं।।
ग्यान बेदान्त जाहि उपजावा। सोइ बिद्या अस इहाँ कहावा।।
तेहि बिद्या मँह रमइ जे ग्यानी। सोइ कहावइ 'बीर' बखानी।।

दोहा - करहिं सैव लिंगार्चन आपुनि हिरदै पैठि।
माहेस्वर पुनि करइँ सोइ हिरदै बाहर बैठि॥111॥
सैव माहेस्वर एकहीं बहुत फरक है नाहिं।
दोउ सरूप ते एकहीं अन्तर करनी माँहिं॥112॥

चौपाई - माहेस्वर लिंगार्चन करहीं। तेहि ते भिन्न सैव अनुसरहीं।।
भेद तनिक दोऊ मँह होई। किरिआ धारि न तत्व बिगोई।।
सैव सिवाश्रित नर जे कहाहीं। ग्यानजग्यरत पाप नसाहीं।।
करमजग्य रत जे नर गावा। माहेस्वर ते लोक बनावा।।
नाम भेद जन दोउ सिव भगता। एकु ग्यान एकु करमहिं रमता।।
ग्यानजग्य मँह सैव सो लीना। करमजग्य कँह अपर अधीना।।

दोहा - पच्छी उड़हिं अकास मँह दूनहु पंख लगाइ।
एक पंख ते कथमपि नहिं सक सोइ उड़ाइ॥113॥
एहि बिधि किरिआ ग्यान दोउ पंख समान कहाँइँ।
एहि दूनउ कै मेल ते भवाकास तिर जाँइँ॥114॥

चौपाई - छह थल अरु तिन्हकै आचारा। बीरसैव छह भेद बिचारा।।
भगत आदि व्यवहार अधीना। पंडित कहहिं जे सास्त्र प्रबीना।।
थल कै भेद धरम कै भेदा। पुनि तँह रह अधिकारी भेदा।।
एहि ते बीरसैव जो जाना। छह बिध सास्त्र अदोष प्रमाना।।
थल पहिला जे भगत कहावा। माहेस्वर थल दूसर आवा।।
तीसर थल प्रसादि हौ माना। चउथा प्रानलिंगि सबु जाना।।
पाँचव थल सो सरन कहावा। छठाँ ऐक्य थल निर्नय आवा।।

भक्तस्थलं प्रवक्ष्यामि प्रथमं कलशोद्भव।
तदवान्तरभेदांश्च समाहितमनाः शृणु।।२५।।

शैवी भक्तिः समुत्पन्ना यस्यासौ भक्त उच्यते।
तस्यानुष्ठेयधर्माणामुक्तिर्भक्तस्थलं मतम्।।२६।।

अवान्तरस्थलान्यत्र प्राहुः पञ्चदशोत्तमाः।
पिण्डता पिण्डविज्ञानं संसारगुणहेयता।
दीक्षा लिङ्गधृतिश्चैव विभूतेरपि धारणम्।
रुद्राक्षधारणं पश्चात् पञ्चाक्षरजपस्तथा।।२८।।

भक्तमार्गक्रिया चैव गुरोर्लिङ्गस्य चार्चनम्।
जङ्गमस्य तथा ह्येषां प्रसादस्वीकृतिस्तथा।।२९।।

अत्र दानत्रयं प्रोक्तं सोपाधि निरुपाधिकम्।
सहजं चेति निर्दिष्टं समस्तागमपारगैः।
एतानि शिवभक्तस्य कर्तव्यानि प्रयत्नतः।।३०।।

बहुजन्मकृतैः पुण्यैः प्रक्षीणे पापपञ्जरे।
शुद्धान्तःकरणो देही पिण्डशब्देन गीयते ।।३१।।

शिवशक्तिसमुत्पन्ने प्रपञ्चेऽस्मिन् विशिष्यते।
पुण्याधिकः क्षीणपापः शुद्धात्मा पिण्डनामकः।।३२।।

एक एव शिवः साक्षाच्चिदानन्दमयो विभुः।।३३।।

दोहा - **कहउँ पहिल थल भगत जे सुनहु घटज मुनिराजु।**
होहु समाहित चित्त अबु तजहु अनत पुनि काजु॥115॥
तेहि के भेद बहोरि सबु जेहि जानहि ते बीर।
करि परितोष सुनाइहउँ सुनु मुनिबर धरि धीर॥116॥

चौपाई - जे नर करहिं परम बिस्वासा। जाके हिय श्रद्धा कर बासा।।
हिरदै सिव की भगति अमानी। परम भगत जानहु सो प्रानी।।
अनुष्ठेय तेहि धरम बतावइ। थल सो भगत पुनीत कहावइ।।
भगत थलहु कै भेद अनेका। पंडित सो कह पन्द्रह टेका।।
तेहि कै नाउँ अनेक प्रकारा। बिबिध सरूप विचार प्रचारा।।
घटज थलन्ह कै नाउँ गिनावउँ। एक एक तोहि के समझावउँ।।
सो पिंडता पिंड बिग्याना। गुनहेयता जगत कै जाना।।
दीच्छा गुरुकारुन्य कहावा। लिंग-बिभूति-रुद्राच्छ धरावा।।
पंचाच्छरजप थल मनभावा। मारग किरिआ भगत जे पावा।।
गुरु सिवलिंग उभय थल पूजा। संपति त्रिविध कहहिं थल गूँजा।।

दोहा - **थल साराय चतुर्बिध स्वीकृति इन्ह परसाद।**
दान त्रिबिध जे थल अहहिं बिनहिं रंच अपवाद॥117॥
सोपाधिक निरुपाधि पुनि सहज दान थल तीन।
भगतहु थल पन्द्रह भए एहिबिधि कहहिं प्रबीन॥118॥

चौपाई - ए पन्द्रह कर्तब्य घनेरे। सिव भगतन्ह करि जतन बड़े रे।।
इन कँह बिबरन सुनु मुनिराया। साधहिं भगत जे बिबिध उपाया।।
जनम जनम जदि पुन्य कराहीं। संचित होंइ धरमारथ माहीं।।
तेहि ते बिनसहि हे मुनिराया। कलुस समूल पाप समुदाया।।
अन्तःकरन बिमल पुनि पावा। तबुइ जीव सो पिंड कहावा।।
सिव अरु सक्ति जगत उपजावा। तहँ बहु जीव-अजीव बनावा।।

दोहा - **पापरहित जग जीव कौ अतिसय पुन्य जो होइ।**
बिमल आतमा निष्कलुष पिंड कहावै सोइ॥119॥

चौपाई - सिव एकहि नहिं कोऊ आना। चिदानन्दमय ब्याप अमाना।।

निर्विकल्पो निराकारो निर्गुणो निष्प्रपञ्चकः।
अनाद्यविद्यासम्बन्धात्तदंशो जीवनामकः।।३४।।

देवतिर्यङ्मनुष्यादिजातिभेदे व्यवस्थितः।
मायी महेश्वरस्तेषां प्रेरको हृदि संस्थितः।।३५।।

चन्द्रकान्ते यथा तोयं सूर्यकान्ते यथानलः।
बीजे यथाङ्कुरः सिद्धस्तथात्मनि शिवः स्थितः।।३६।।

आत्मत्वमीश्वरत्वं च ब्रह्मण्येकत्र कल्पितम्।
बिम्बत्वं प्रतिबिम्बत्वं यथा पूषणि कल्पितम्।।३७।।

गुणत्रयविभेदेन परतत्त्वे चिदात्मनि।
भोक्तृत्वं चैव भोज्यत्वं प्रेरकत्वं च कल्पितम्।।३८।।

गुणत्रयात्मिका शक्तिर्ब्रह्मनिष्ठा सनातनी।
तद्वैषम्यात् समुत्पन्ना तस्मिन् वस्तुत्रयाभिधा।।३९।।

किञ्चित्सत्त्वरजोरूपं भोक्तृसंज्ञकमुच्यते।
अत्यन्ततामसोपाधिर्भोज्यमित्यभिधीयते।।
परतत्त्वमयोपाधिर्ब्रह्मचैतन्यमीश्वरः ।।४०।।

भोक्ता भोज्यं प्रेरयिता वस्तुत्रयमिदं स्मृतम्।
अखण्डे ब्रह्मचैतन्ये कल्पितं गुणभेदतः।।४१।।

अत्र प्रेरयिता शम्भुः शुद्धोपाधिर्महेश्वरः।
संमिश्रोपाधयः सर्वे भोक्तारः पशवः स्मृताः।।४२।।

निराकार निर्गुन प्रभु आही। सो साच्छात् प्रपंच बिगाही।।
निर्बिकल्प अज एकु प्रकासा। सो अबिनस्वर सहज बिलासा।।
ईस्वर अंस जीव जेहि नामा। सो अनादि अबिद्या परिनामा।।
देव मनुज तिर्यक सबु प्रानी। जातिभेद सोइ जीवहि जानी।।
सबु कै प्रेरक सबुहि सुपासा। मायि महेस्वर अन्तरबासा।।

दोहा - **सूर्जकान्त मनि मँह अनल चन्द्रकान्तमनि तोय।**
जइसे अँखुवा बीज मँह तस आतम सिव होय॥120॥
भाव बिम्ब प्रतिबिम्ब कै रहइ सुरुज मँह एक।
आतम ईस्वर भाव पुनि ब्रम्ह एकु सबिबेक॥121॥

चौपाई - ईस्वर जे माया परछाईं। जीव अबिद्या मँह झलकाईं।।
आस्त्रय भेद ब्रम्ह पुनि एकू। ईस्वर जीवहि बिम्ब बिबेकू।।
सत्व रजस अरु तमस निरूपा। ए गुन तीनि प्रपंच सरूपा।।
चितसरूप परमातम जबहीं। संजुग होंहि तीनि पुनि तबहीं।।
भोक्ता भोज्य सो प्रेरक जैसा। भासइ ब्रम्ह न सचमुच ऐसा।।
त्रिगुनात्मिका सक्ति पुनि अहई। ब्रम्ह सनातन मँह नित रहई।।
बिसम होइँ जबु ते गुन तीना। तीनि पदारथ प्रगट नवीना।।

दोहा - **कछुक सत्व कछु रजोगुन मिलइँ त भोक्ता होइ।**
गहि उपाधि अति तमो गुन भोज्य ब्रम्ह कह सोइ॥122॥
चिन्मय ईस्वर ते जबुहिं लागइ निरमल सत्व।
ब्रम्ह सो प्रेरक जानिए बिलसइ सहित महत्व॥123॥
त्रिबिध पदारथ जे बने कारन तँह गुनभेद।
सो अखंड परमातमा चेतन जानहिं बेद॥124॥

चौपाई - तीन बस्तु ए सदा कहाहीं। भोक्ता भोज्य जे प्रेरक आहीं।।
एहि तीनिउँ गुनभेद बनावा। कल्पित ब्रम्ह अखंड सुहावा।।
तेहि मँह प्रेरक सम्भु सुजाना। सुद्ध उपाधि महेस्वर माना।।
जे भोक्ता ते पसु कहि जाहीं। रज उपाधि दोउ गुन मिसिराहीं।।
जे अब्यक्त गुन तामस सुद्धा। भोज्य कहहिं तेहि बिसय प्रबुद्धा।।
प्रेरक सम्भु होइ सर्बग्या। जीव सदैव होइ अल्पग्या।।

भोज्यमव्यक्तमित्युक्तं शुद्धतामसरूपकम्।
सर्वज्ञः प्रेरकः शम्भुः किञ्चिज्ज्ञो जीव उच्यते।।
अत्यन्तगूढचैतन्यं जडमव्यक्तमुच्यते।।४३।।

उपाधिः पुनराख्यातः शुद्धाशुद्धविभेदतः।
शुद्धोपाधिः परा माया स्वाश्रया मोहकारिणी।।४४।।

अशुद्धोपाधिरप्येवमविद्याश्रयमोहिनी ।
अविद्याशक्तिभेदेन जीवा बहुविधाः स्मृताः।।४५।।

मायाशक्तिवशादीशो नानामूर्तिधरः प्रभुः।
सर्वज्ञः सर्वकर्ता च नित्यमुक्तो महेश्वरः।।४६।।

किञ्चित्कर्ता च किञ्चिज्ज्ञो बद्धोऽनादिशरीरवान्।
अविद्यामोहिता जीवा ब्रह्मैक्यज्ञानवर्जिताः।।४७।।
परिभ्रमन्ति संसारे निजकर्मानुसारतः।
देवतिर्यङ्मनुष्यादिनानायोनिविभेदतः ।।४८।।

चक्रनेमिक्रमेणैव भ्रमन्ति हि शरीरिणः।
जात्यायुर्भोगवैषम्यकारणं कर्म केवलम्।।४९।।

एतेषां देहिनां साक्षी प्रेरकः परमेश्वरः।
एतेषां भ्रमतां नित्यं कर्मयन्त्रनियन्त्रणे।।५०।।

देहिनां प्रेरकः शम्भुर्हितमार्गोपदेशकः।
पुनरावृत्तिरहितमोक्षमार्गोपदेशकः ।।५१।।

दोहा - जेहि मँह अतिसय गूढ़ रह चेतनता मुनिराज।
ते कहहिं अव्यक्त जड़ एहि बिधि जग कौ काज॥125॥

चौपाई - सुद्ध असुद्ध भेद जँह लावा। तँह उपाधि दुइ रूप बनावा।।
सुद्ध उपाधि रही सो माया। अपुने आस्रित सुनु मुनिराया।।
सो न बिमोहइ ईस्वर कबहूँ। ईस्वर कै बस माया सबहूँ।।
दूसर भेद अबिद्या साधी। जेहि सबु जानि असुद्ध उपाधी।।
तेहि कर आस्रय जीव कहावा। मोह फंद कसि जीव नचावा।।
सक्ति अबिद्या भेदहि नाना। जीव भेद अनगिनत बखाना।।

दोहा - मायासक्ति प्रभाव ते प्रभु के नाना रूप।
निरुपाधिक सर्बग्य सिव कर्ता मुक्त अनूप॥126॥

चौपाई - जानइ कछुक कछुक पुनि करई। बद्ध ईस बिग्रह मँह परई।।
देह अनादि अनन्त प्रकारा। जोनि जोति मँह करइ प्रचारा।।
मोह अबिद्याजनित धरावा। जीव संसरइ पार न पावा।।
रहित ग्यान ब्रम्हैक्य दुरावा। कबहुँ सांति बिस्राम न पावा।।
करम सुभासुभ फल सो लहई। तेहि बस भ्रमइ कूप भव परई।।
नाना जोनि बिभेद सरीरा। देव दनुज नर तिर्यक् कीरा।।
ए सबु जीव करम गति मारे। सहहिं कलेस बिबस अबिचारे।।
भ्रमहिं सरीरी एहि संसारा। जस भ्रम सतत चक्क कै धारा।।

दोहा - कारन केवल करमगति धरे जीव संबंध।
जनम मरन जीवन सकल भोग बिसमता संध॥127॥

चौपाई - साच्छी परमेस्वर मुनिराया। प्रेरइ सोइ सबु जीव निकाया।।
ए सबु जीव भ्रमइँ दिनराती। करमजंत्र नियमन जेहि भाँती।।
जीव प्रेरना कै अधिकारी। संभु सनातन सोइ अबिकारी।।
जाते जीव परम हित होई। संभु सतत उपदेसइँ सोई।।
जेहि ते पुनर्जनम मिटि जाई। जेहि ते सबु बिधि मुकुति मिलाई।।
सोइ उपदेसइ प्रेरइ ईसा। पथ कल्यान देखाव गिरीसा।।

स्वकर्मपरिपाकेन प्रक्षीणमलवासनः।
शिवप्रसादाज्जीवोऽयं जायते शुद्धमानसः।।५२।।

शुद्धान्तःकरणे जीवे शुद्धकर्मविपाकतः।
जायते शिवकारुण्यात् प्रस्फुटा भक्तिरैश्वरी।।५३।।

जन्तुरन्त्यशरीरोऽसौ पिण्डशब्दाभिधेयकः।।५४।।

शरीरात्मविवेकेन पिण्डज्ञानी स कथ्यते।
शरीरमेव चार्वाकैरात्मेति परिकीर्त्यते।।५५।।

इन्द्रियाणां तथात्मत्वमपरैः परिभाष्यते।
बुद्धितत्त्वगतैर्बौद्धैर्बुद्धिरात्मेति गीयते।।५६।।
नेन्द्रियाणां न देहस्य न बुद्धेरात्मता भवेत्।
अहंप्रत्ययवेद्यत्वाद् अनुभूतस्मृतेरपि।।५७।।

शरीरेन्द्रियबुद्धिभ्यो व्यतिरिक्तः सनातनः।
आत्मस्थितिविवेकी यः पिण्डज्ञानी स कथ्यते।।५८।।

नश्वराणि शरीराणि नानारूपाणि कर्मणा।
आश्रितो नित्य एवासाविति जन्तोर्विवेकिता।।५९।।

शरीरात् पृथगात्मानमात्मभ्यः पृथगीश्वरम्।
प्रेरकं यो विजानाति पिण्डज्ञानीति कथ्यते।।६०।।

निरस्तहृत्कलङ्कस्य नित्यानित्यविवेकिनः।
संसारहेयताबुद्धिर्जायते वासनाबलात्।।६१।।

दोहा - होइ जीव कै करम कहँ जबु पूरन परिपाक।
छीन होइ मल बासना संसयरहित बिबाक॥128॥
जीव बिमल चित होइ तबु करहिं अनुग्रह ईस।
सकल कलुस बिनसहिं अवसि सुनहु असंग मुनीस॥129॥

चौपाई - सुद्ध बिपाक करम कँह पावा। निरमल अंतःकरन सुहावा।।
तबु सिव करुना करहिं सनेही। प्रेरहिं मंगल हित हर तेही।।
सिव कै भगति उपज हिय माहीं। सबु लच्छन तहँ प्रगट देखाहीं।।
अन्त्य सरीर जीव यहु होई। पिंड सबद ते कह सबु कोई।।
आतमदेह भेद जो जानइ। पिंडग्यानजुत तेहि सबु मानइ।।
जे चर्वाक अनीस्वरबादी। आतम कहहिं सरीर बिबादी।।

दोहा - कोउ कह इंद्रिय आतमा जानहिं मर्म न भेद।
ते अग्यानी मूढ़ जन मन उपजावहिं खेद॥130॥
अपर जे मानहिं बौद्धमत कहहिं बुद्धि हइ मूल।
ते कह बुद्धिहि आतमा रखि बिग्यानहि चूल॥131॥

चौपाई - नहिं इंद्रिय न देह बिग्याना। इन्ह ते भिन्न आतमा आना।।
अहं अहं जो कह सबु कोई। अनुभव ग्यान आतमा होई।।
जे परतच्छ बिसय जग अहहीं। निज निज बिसय सो इंद्रिय गहहीं।।
जो सुमिरन गत अनुभव होई। गहि न सकइ सो इंद्रिय कोई।।
आतम तत्व कहावइ देही। इंद्रिय बुद्धि सरीर न होही।।
सहित बिबेक जो आतम जानइ। पिण्ड ग्यान जुत तेहि सबु मानइ।।

दोहा - यहु सरीर छनभंगुर करम ते नाना रूप।
देही देहास्त्रित नियत जीव बिबेक अनूप॥132॥

चौपाई - अलगु सरीर आतमा दोऊ। दूनउँ एक कबहुँ नहिं होऊ।।
ईस्वर जे प्रेरक कहलावा। सोउ आतमा ते अलगु बतावा।।
ई बिबेक जानइ जो कोई। पिंड ग्यान जुत सो नर होई।।
जेहि कै मलिन बासना दूरी। मिटेउ कलंक हिये कौ भूरी।।
नित्य अनित्य भेद जो जाना। पंडित ग्यानी सोइ सयाना।।
सो संस्कार पुन्य बल पाई। जगत हेय अस मति बनि जाई।।

ऐहिके क्षणिके सौख्ये पुत्रदारादिसंभवे।
क्षयित्वादियुते स्वर्गे कस्य वाञ्छा विवेकिनः।।६२।।

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
जन्तुर्मरणजन्माभ्यां परिभ्रमति चक्रवत्।।६३।।

मत्स्यकूर्मवराहाङ्गैर्नृसिंहमनुजादिभिः ।
जातेन निधनं प्राप्तं विष्णुनापि महात्मना।।६४।।

भूत्वा कर्मवशाज्जन्तुर्ब्राह्मणादिषु जातिषु।
तापत्रयमहावह्निसन्तापाद् दह्यते भृशम्।।६५।।

कर्ममूलेन दुःखेन पीड्यमानस्य देहिनः।
आध्यात्मिकादिना नित्यं कुत्र विश्रान्तिरिष्यते।।६६।।

आध्यात्मिकं तु प्रथमं द्वितीयं चाधिभौतिकम्।
आधिदैविकमन्यच्च दुःखत्रयमिदं स्मृतम् ।।६७।।

आध्यात्मिकं द्विधा प्रोक्तं बाह्याभ्यन्तरभेदतः।
वातपित्तादिजं दुःखं बाह्यमाध्यात्मिकं मतम्।।६८।।

रागद्वेषादिसम्पन्नमान्तरं परिकीर्त्यते।
आधिभौतिकमेतद्धि दुःखं राजादिभूतजम्।।६९।।

आधिदैविकमाख्यातं ग्रहयक्षादिसम्भवम्।
दुःखैरेतैरुपेतस्य कर्मबद्धस्य देहिनः।।
स्वर्गे वा यदि वा भूमौ सुखलेशो न विद्यते।।७०।।

दोहा - सुत दारागत छनिक सुख छीन सरग सुख होइ।
तेहि सुख इच्छा रंचु नहिं करइ बिबेकी कोइ॥133॥

चौपाई - जो जनमइ सो आपु नसावा। मरेउ अवस्य जनम सोउ पावा।।
मरन जनम बस जीव बेचारा। चकरी नाइँ घुमत संसारा।।
बिस्नु महातम को नहिं जानइ। नारायन करि सबु जग मानइ।।
सोउ लीलाबपु धरहिं अपारा। करम हेतु अवतर संसारा।।
मछरी कच्छप सूकर देहा। नर नरसिंह कऽ रूप निबेहा।।
धरि जनमेउ जबु जबु भुँइँ आई। टरेउ मरन नहिं कोटि उपाई।।
जो जनमइ अवस्य सो मरई। अटल नियम कबहूँ नहिं टरई।।

दोहा - देह धरहिं कारन करम बिप्र आदि कै जाति।
तीन ताप कै महानल जरहिं जो नित धधकाति॥134॥
दुक्ख तीन नित जीव पर निरभय करहिं प्रहार।
सान्ति भला तेहि कँह कहाँ पीरा ते छुटकार॥135॥

चौपाई - असुभ करम फल दुक्ख कहावा। तीन भेद सबु सास्त्रन गावा।।
भेद पहिल अध्यात्मिक माना। दूसर अधिभौतिक करि जाना।।
अधिदैविक होइ तीसर भेदा। इहै तीनि दुख सबुहिं लगेदा।।
अध्यात्मिक पुनि दूइ प्रकारा। बाहर भीतर अति बिस्तारा।।
बात पित्त कफ घटि बढ़ि जाई। सोइ दुख बाहेर प्रगट जनाई।।
राग द्वेष ईर्ष्या मद मत्सर। एहि उपजै अन्तर दुख दूसर।।

दोहा - राजा सहित जे भूत गन जीव अजीव तमाम।
तिन्ह ते आवइ दुख प्रबल अधिभौतिक धरि नाम॥136॥
दिसा देव आकास ग्रह आतप बरखा सीत।
अधिदैविक दुखमूल ए इन्ह ते जीव सभीत॥137॥

चौपाई - करम फेर मँह परेउ सरीरी। नाचइँ तीनउँ दुक्ख फिरिहिरी।।
ब्याकुल फिरइ जीव संसारा। भूतल सरग न कोउ रखवारा।।
जहाँ जाइ तहँ दुक्ख पछाई। नहिं सुख लेस कतहुँ भरि पाई।।
बिजुरी बादर रेख खँचाई। सलिल तरंग रही लहराई।।

तटित्सु वीचिमालासु प्रदीपस्य प्रभासु च।
सम्पत्सु कर्ममूलासु कस्य वा स्थिरतामतिः।।७१।।

मलकोशे शरीरेऽस्मिन् महादुःखविवर्धने।
तडिदङ्कुरसङ्काशे को वा रुच्येत पण्डितः।।७२।।

नित्यानन्दचिदाकारमात्मतत्त्वं विहाय कः।
विवेकी रमते देहे नश्वरे दुःखभाजने।।७३।।

विवेकी शुद्धहृदयो निश्चितात्मसुखोदयः।
दुःखहेतौ शरीरेऽस्मिन् कलत्रे च सुतेषु च।।७४।।

सुहृत्सु बन्धुवर्गेषु धनेषु कुलपद्धतौ।
अनित्यबुद्ध्या सर्वत्र वैराग्यं परमश्नुते।।७५।।

विवेकिनो विरक्तस्य विषयेष्वात्मरागिणः।
संसारदुःखविच्छेदहेतौ बुद्धिः प्रवर्तते।।७६।।

नित्यानित्यविवेकिनः सुकृतिनः शुद्धाशयस्यात्मनो
ब्रह्मोपेन्द्रमहेन्द्रमुख्यविभवेष्वस्थायितां पश्यतः।
नित्यानन्दपदे निराकृतजगत्संसारदुःखोदये
साम्बे चन्द्रशिरोमणौ समुदयेद्भक्तिर्भवध्वंसिनी।।७७।।

ॐ तत्सत् इति श्रीशिवगीतेषु सिद्धान्तागमेषु शिवाद्वैतविद्यायां
शिवयोगशास्त्रे श्रीरेणुकागस्त्य संवादे वीरशैवधर्मनिर्णये
श्रीशिवयोगिशिवाचार्यविरचिते श्रीसिद्धान्तशिखामणौ
भक्तस्थले पिण्डादिस्थलत्रयप्रसङ्गो
नाम पञ्चमः परिच्छेदः।। ५ ।।

दीप बाति लौ करइ उजासा। सम्पति करमहि पाव नवासा।।
इहि चारिउ जो रह थिर सोची। सो अस कवन जासु मति पोची।।

दोहा - **नस्वर देह मलायतन बिबिध दुक्ख आगार।**
बिजुरी अँखुवा छनिक दुति को बुध करिहि पिआर॥138॥
सत चिन्मय आनन्द नित निज आतम कौ छाँड़।
कवन बिबेकी रमइ तँह जो सरीर दुखभाँड़॥139॥

छन्द - जे सुद्ध सुभावा हिरदै पावा धीर बिबेकहु धारा।
सो सुख करि माना आतम जाना बिगत फंद संसारा।।
लखि दुख कै कारन करइ निवारन देह पुत्र अरु नारी।
निज सखा सहाई बित्त कमाई बन्धु कुटुम्ब निहारी।।
होइ परम बिरागी एहि सबु त्यागी जानहि सकल अनित्या।
ए सबु दुख मूला अति प्रतिकूला आतम केवल सत्या।।
जो अहइ बिबेकी रह पद टेकी बिसय बिरक्त सयाना।
आतम रति लाई बुद्धि बनाई भवभय भेद न ठाना।।

दोहा - **नित्यानित्य बिबेकजुत पुन्य हृदय सुचि सन्त।**
गिन न तृनहु इन्द्रादि कै बैभव कोटि अनन्त॥140॥
भवभय बाधा हरइ जो कारन नित्यानन्द।
तेई साम्ब परमसिव तिन्ह करु भगति अमन्द॥141॥

।।श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस मँह पाँचवाँ परिच्छेद समाप्त।।

अथ
श्रीसिद्धान्तशिखामणिः
षष्ठः परिच्छेदः

ततो विवेकसम्पन्नो विरागी शुद्धमानसः।
जिज्ञासुः सर्वसंसारदोषध्वंसकरं शिवम्।।१।।

उपैति लोकविख्यातं लोभमोहविवर्जितम्।
आत्मतत्त्वविचारज्ञं विमुक्तविषयभ्रमम्।।२।।

शिवसिद्धान्ततत्त्वज्ञं छिन्नसन्देहविभ्रमम्।
सर्वतन्त्रप्रयोगज्ञं धार्मिकं सत्यवादिनम्।।३।।

कुलक्रमागताचारं कुमार्गाचारवर्जितम्।
शिवध्यानपरं शान्तं शिवतत्त्वविवेकिनम्।।४।।

भस्मोद्धूलननिष्णातं भस्मतत्त्वविवेकिनम्।
त्रिपुण्ड्रधारणोत्कण्ठं धृतरुद्राक्षमालिकम्।।५।।

लिङ्गधारणसंयुक्तं लिङ्गपूजापरायणम्।
लिङ्गाङ्गयोगतत्त्वज्ञं निरुढाद्वैतवासनम्।।६।।

लिङ्गाङ्गस्थलभेदज्ञं श्रीगुरुं शिववादिनम्।
सेवेत परमाचार्यं शिष्यो भक्तिभयान्वितः।।७।।

।।ॐ नमः शिवाय।।

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस
छठवाँ परिच्छेद

चौपाई - तबु बिबेक जुत परम बिरागी। निरमल मन जिग्यासा लागी।।
चरन सरन श्रीगुरु कँह जाई। करइ प्रबोध बैठि मनु लाई।।
सो गुरु जस मुनिबर बिज्ञानी। तस हौं कहौं बुझाइ बखानी।।
सकल दोस संसृति कै हरई। गए सरन मंगलु सबु करई।।
जो परसिद्ध सकल जग माहीं। नहिं तँह लोभ मोह परिछाहीं।।
आतमतत्व बिचारक होई। संसय बिसय न ब्यापइ कोई।।
करगत सिवसिद्धान्त सदाई। संसय जाल छिन्न छितराई।।

दोहा - जानइ तंत्र प्रयोग सबु रत रह धरमाचार।
सत्य छाँड़ि नहिं कहइ कछु गुरु सो परम उदार।।142।।

चौपाई - कुलक्रम गुरुक्रम जे आचारा। तिन्हहि निबाहइ बिना बिचारा।।
कबहुँ कुमारग पर नहिं चलई। सिव कै ध्यान सदा जे धरई।।
सान्त चित्त जे परम अगाधा। सैवतत्व जानइ बिनु बाधा।।
भसम रचइ जे निपुन सरीरा। भसम तत्व जानइ सबु धीरा।।
माथे तिलक त्रिपुण्ड्र बनावन। रहइ सदा उत्सुक जन पावन।।
सदा कंठ रुद्राच्छ बिराजै। अरु रुद्राच्छ माल भलि साजै।।
करइ लिंग पूजा ब्रत नेमा। धारइ लिंग सश्रद्ध सप्रेमा।।

दोहा - तत्व जोग लिंगांग कै जो जानइ मति धीर।
दिढ़ अद्वैत बासना जेहि सो गुरु गंभीर।।143।।

चौपाई - लिंगांगहि थल भेद जो जाना। मानहु सो गुरु परम सयाना।।
सिव तजि जानइ देव न दूजा। मन बच करम नित्य कर पूजा।।

षण्मासान् वत्सरं वापि यावदेष प्रसीदति।
प्रसन्नं परमाचार्यं भक्त्या मुक्तिप्रदर्शकम्।।८।।

प्रार्थयेदग्रतः शिष्यः प्राञ्जलिर्विनयान्वितः।
भो कल्याण महाभाग शिवज्ञानमहोदधे।।९।।

आचार्यवर्य सम्प्राप्तं रक्ष मां भवरोगिणम्।
इति शुद्धेन शिष्येण प्रार्थितः परमो गुरुः।
शक्तिपातं समालोक्य दीक्षया योजयेदमुम्।।१०।।

दीयते च शिवज्ञानं क्षीयते पाशबन्धनम्।
यस्मादतः समाख्याता दीक्षेतीयं विचक्षणैः।।११।।

सा दीक्षा त्रिविधा प्रोक्ता शिवागमविशारदैः।
वेधारूपा क्रियारूपा मन्त्ररूपा च तापस।।१२।।

गुरोरालोकमात्रेण हस्तमस्तकयोगतः।
यः शिवत्वसमावेशो वेधादीक्षेति सा मता।।१३।।

मान्त्री दीक्षेति सा प्रोक्ता मन्त्रमात्रोपदेशिनी।
कुण्डमण्डलिकोपेता क्रियादीक्षा क्रियोत्तरा।।१४।।

शुभमासे शुभतिथौ शुभकाले शुभेऽहनि।
विभूतिं शिवभक्तेभ्यो दत्त्वा ताम्बूलपूर्वकम्।।१५।।

सो गुरु परमाचार्ज कहावा। ताहि पाइ सिस भाग्य मनावा।।
भवभय सहित भगतिजुत ताही। सेवउ सो निज भाग्य सराही।।
बरस आध अथवा भरि बरसा। सेवइ सहित सनेह सहरसा।।
जबु तक गुरु प्रसन्न नहिं होई। सिस्य भगत जुत सेवै सोई।।
मुकुति पंथ सोइ गुरु दरसावा। लोक बेद गुरु परम कहावा।।

दोहा - **सिष्य जाइ गुरु सम्मुख बिनय करइ कर जोरि।**
महाभाग कल्यान हे! करहु त्रान अबु मोरि॥144॥
हे शिवज्ञानमहोदधि सरन लेहु मोहिं नाथ।
हे गुरुबर आचार्जबर सिर पर रक्खहु हाथ॥145॥

चौपाई - यहु संसार सकल रुज मूला। गुरु तव कृपा मिटहिं भवसूला।।
सिष्य सुद्ध मन बिनवइ तेही। होइ प्रसन्न गुरु परम सनेही।।
सक्तिपात लच्छन लखि ताही। गुरु दीच्छा दै धरम निबाही।।
दीनि जाइ सिवग्यान सुहावा। पास बंध पुनि एहि नसावा।।
एहि कारन 'दीच्छा' सबु ग्यानी। दीन्ह नाम ब्युतपति पहिचानी।।
जे सिव आगम ग्यान पढ़ावइँ। दीच्छहि तीनि भेद बतलावइँ।।

दोहा - **भेद तीनि बेधा क्रिया मंत्र रूप तपखान।**
सिव आगमु बिख्यात यहु बुध सबु करइं बखान॥146॥

चौपाई - गुरु निज दीठि सिष्य पर आनी। तेहि कर भाल परस सुभ पानी।।
एहि बिधि जाइ सिवत्व समाई। सिष्य बोध पावइ अधिकाई।।
सो दीच्छा बेधा मुनिराजा। सम्यक जानइ सैव समाजा।।
गुरु सिवमंत्र करइ उपदेसा। दीच्छा मांत्री इहइ असेसा।।
तीसर दीच्छा क्रिया कहावा। मंडल कुंड सहित जो पावा।।
बिधि बिधान सबु कहउँ बखानी। तुम्ह जानउ मुनिबर बिग्यानी।।

दोहा - **सुभ तिथि सुभ मासइ दिवस सुभ सुभ काल बिचारि।**
देइ बिभूति नेवतइ भगत अरपइ पान सवाँरि॥147॥

यथाविधि यथायोगं शिष्यमानीय देशिकः।
स्नातं शुक्लाम्बरधरं दन्तधावनपूर्वकम्।।१६।।

मण्डले स्थापयेच्छिष्यं प्राङ्मुखं तमुदङ् मुखः।
शिवस्य नाम कीर्तिं च चिन्तामपि च कारयेत्।।१७।।

विभूतिपट्टं दत्त्वाग्रे यथास्थानं यथाविधि।
पञ्चब्रह्ममयैस्तत्र स्थापितैः कलशोदकैः।।१८।।

आचार्यः सममृत्विग्भिस्त्रिः शिष्यमभिषिञ्चयेत्।।१९।।

अभिषिच्य गुरुः शिष्यमासीनं परितः शुचिम्।
ततः पञ्चाक्षरीं शैवीं संसारभयतारिणीम्।।२०।।

तस्य दक्षिणकर्णे तु निगूढमपि कीर्तयेत्।
छन्दो रूपमृषिं चास्य दैवतान्यासपद्धतिम्।।२१।।

स्फाटिकं शैलजं वापि चन्द्रकान्तमयं तु वा।
बाणं वा सूर्यकान्तं वा लिङ्गमेकं समाहरेत्।।२२।।

सर्वलक्षणसंपन्ने तस्मिंल्लिङ्गे विशोधिते।
पीठस्थितेऽभिषिक्ते च गन्धपुष्पादिपूजिते।।२३।।

मन्त्रपूते कलां शैवीं योजयेद्विधिना गुरुः।
शिष्यस्य प्राणमादाय लिङ्गे तत्र निधापयेत्।।२४।।

जथा जोग गुरु जाँचि कै करि सबु साजु सँभार।
जथा काल सुभ लगन मँह दीच्छा केर बिचार॥148॥

चौपाई - सबु बिधि सिष्य सुद्ध करि लावा। दतुअन करि मुँह स्वच्छ करावा।।
करि अस्नान स्वेत पट धारा। मंडप रुचिर सिष्य बैठारा।।
सिष्य पुरुब मुँह करि आसीना। उत्तर मुँह गुरु स्वयं प्रबीना।।
सिष्य बोलि सिव नामु कहावा। कीर्तन भलीभाँति करवावा।।
बच्छ ध्यान अबु सिव कर करहू। मन ही मन परमेस्वर जपहू।।
अस कराइ गुरु सिष्य प्रबोधी। जेहि ते मिटि सबु भाव बिरोधी।।
बिधि बिधान सबु जोग बनावा। भालहि सिष्य भभूत रचावा।।

दोहा - पंच ब्रम्ह मय कलस जल, जो मंडप सुभ थान।
रित्विज सहित सुजान गुरु, कृत अभिसेक बिधान॥149॥

चौपाई - तेहि जल सिष्य करन अति पावन। तीन बार अभिसेक सुहावन।।
बैठि सिष्य अभिषेक कराई। आसन सहित पवित्र बनाई।।
पंचाच्छरी सकल सुभ खानी। भवभय तारिनि बिरति बखानी।।
सिष्य कान ढिग गुरु मुँह लाई। सैवी बिद्या दीन्ह सिखाई।।
स्वर अति मन्द गुपुत यहु रीती। सिष्य सुनइ धारइ अति प्रीती।।
एहि कर छन्द रिषी समुझाई। रीति देवता न्यास बताई।।

दोहा - लिंग फटिक मनि निर्मित, गिरि-उद्भव वा होय।
चन्द्रकान्तमनिमय मिलेउ नीर नर्मदा टोय॥150॥
अथवा सूरजकान्त मनि निर्मित लिंग महान।
लावै कोऊ एक गुरु करि बिचार बिद्वान॥151॥

चौपाई - लिंग सकल लच्छन जुत लावा। पीठ थापि तेहि सुद्ध करावा।।
करि अभिसेक जथाबिधि ओहा। गंध पुहुप पूजित सो सोहा।।
करि बिधिवत मंडप आचारा। जथा जोग तबु मंत्र उचारा।।
मंत्रपूत करि लिंग बिसोधा। सैवकला जुत करइ पुरोधा।।

तल्लिङ्गं तस्य तु प्राणे स्थापयेदेकभावतः।
एवं कृत्वा गुरुर्लिङ्गं शिष्यहस्ते निधापयेत्।।२५।।

प्राणवद्धारणीयं तत्प्राणलिङ्गमिदं तव।
कदाचित्कुत्रचिद्वापि न वियोजय देहतः।।२६।।

यदि प्रमादात्पतिते लिङ्गे देहान्महीतले।
प्राणान् विमुञ्च सहसा प्राप्तये मोक्षसम्पदः।।२७।।

इति सम्बोधितः शिष्यो गुरुणा शास्त्रवेदिना।
धारयेच्छाङ्करं लिङ्गं शरीरे प्राणयोगतः।।२८।।

लिङ्गस्य धारणं पुण्यं सर्वपापप्रणाशनम्।
आदृतं मुनिभिः सर्वैरागमार्थविशारदैः।।२९।।

लिङ्गधारणमाख्यातं द्विधा सर्वार्थसाधकैः।
बाह्यमाभ्यन्तरं चेति मुनिभिर्मोक्षकाङ्क्षिभिः।।३०।।

चिद्रूपं परमं लिङ्गं शाङ्करं सर्वकारणम्।
यत्तस्य धारणं चित्ते तदान्तरमुदाहृतम्।।३१।।

चिद्रूपं हि परं तत्त्वं शिवाख्यं विश्वकारणम्।
निरस्तविश्वकालुष्यं निष्कलं निर्विकल्पकम्।।३२।।

सत्तानन्दपरिस्फूर्तिसमुल्लासकलामयम्।
अप्रमेयमनिर्देश्यं मुमुक्षुभिरुपासितम्।।३३।।

करि दीच्छा जेहि सिष्य बनावा। तेहि कर प्रान खींचि गुरु लावा।।
अंकुस मुद्रा बिधि अपनाई। लिंग प्रानजुत दीन्हि सधाई।।

दोहा - **सिष्य प्रान मँह लिंग सो एकीभाव बनाइ।**
थापइ गुरु करि जतन बिधि दुहूँ एक ह्वै जाइ॥152॥
अस करि पूरन बिधि सकल सिष्य दाहिने हाथ।
गुरु रक्खइ सोई लिंग सुभ धरम मूल मुनिनाथ॥153॥

चौपाई - तबु गुरु देइ सिष्य अनुसासन। सकल पुन्यप्रद बैठि बरासन।।
अबु ते प्रानलिंग एहि जानहु। निज प्रानहु ते अधिकइ मानहु।।
करेउ प्रमादु तनिकु नहिं कतहूँ। नहि बिलगाउ देह ते कबहूँ।।
जदि प्रमादबस यहु सुनु धीरा। गिरइ भूइँ होइ बिलग सरीरा।।
तउ त्यागहु सहसा निज प्राना। मोच्छ लाभु नहिं साधन आना।।
सिष्य सिखावन गुरु ते पावा। सकल सास्त्र जेहि करतल आवा।।
काय-लिंग आबिजोग सँजोई। जबु लगि प्रान कंठ गत होई।।

दोहा - **प्रानलिंग धारन परम पुन्य हेतु कल्यानु।**
सकल पाप बिनसहिं झटिति इहाँ न संसय आनु॥154॥
यहु मत सबु आदर करहिं आगम तत्व प्रबीन।
आगमविद पंडित मुनी जे प्राचीन नवीन॥155॥

चौपाई - सरब अरथ साधक सबु कहहीं। धारन लिंग दुइ बिध अहहीं।।
बाहर भीतर भेदु बनावा। मुनि मुमुच्छु कहि सबुहिं जनावा।।
सकल जगत कारन जो होई। श्रेष्ठ लिंग सिव चिन्मय सोई।।
तेहि निज चित्त धरइ जे भगता। जानहु अन्तर लिंग समस्ता।।
परमतत्व चिद्रूप बखाना। अखिल लोक कारन सिव माना।।
निष्कल निरबिकल्प सो होई। सबु कालुष्य बिषमता खोई।।

परं ब्रह्म महालिङ्गं प्रपञ्चातीतमव्ययम्।
तदेव सर्वभूतानामन्तस्त्रिस्थानगोचरम्।।३४।।

मूलाधारे च हृदये भ्रूमध्ये सर्वदेहिनाम्।
ज्योतिर्लिङ्गं सदा भाति यद्ब्रह्मेत्याहुरागमाः।।३५।।

अपरिच्छिन्नमव्यक्तं लिङ्गं ब्रह्म सनातनम्।
उपसनार्थमन्तःस्थं परिच्छिन्नं स्वमायया।।३६।।

लयं गच्छति यत्रैव जगदेतच्चराचरम्।
पुनः पुनः समुत्पत्तिं तल्लिङ्गं ब्रह्म शाश्वतम्।।३७।।

तस्माल्लिङ्गमिति ख्यातं सत्तानन्दचिदात्मकम्।
बृहत्वाद् बृंहणत्वाच्च ब्रह्मशब्दाभिधेयकम्।।३८।।

आधारे हृदये वापि भ्रूमध्ये वा निरन्तरम्।
ज्योतिर्लिङ्गानुसन्धानमान्तरं लिङ्गधारणम्।।३९।।

आधारे कनकप्रख्यं हृदये विद्रुमप्रभम्।
भ्रूमध्ये स्फटिकच्छायं लिङ्गं योगी विभावयेत्।।४०।।

निरुपाधिकमाख्यातं लिङ्गस्यान्तरधारणम्।
विशिष्टं कोटिगुणितं बाह्यलिङ्गस्य धारणात्।।४१।।

दोहा - जेहि जोगी नित सिव कहहिं श्रद्धा भगति समेत।
अमल सहज सुख रूप सोइ बसइ जीव कै चेत।।156।।

चौपाई - फुरइ जहाँ सत चित आनन्दा। समुल्लास जुत कला अमन्दा।।
अनिर्देस्य अप्रमेय बिलासा। नित्य मुमुच्छु जन जेहि उपासा।।
रहित प्रपंच परे संसारा। निज प्रकास सबु लोकु पसारा।।
परब्रम्ह सो लिंग निरूपा। महालिंग सुभ अमल अनूपा।।
सो आभ्यन्तर लिंग कहावा। सबुहि जीव भीतर बइठावा।।
तीन होंइ थल मूलाधारा। भौंह मध्य हिरदै अबिकारा।।
एहि तीनहुँ मँह सो नित सोहा। जेहि ध्यावहिं जोगी गत मोहा।।

दोहा - ज्योतिलिंग सो सोहई भीतर देह प्रकास।
परम ब्रम्ह जेहि कहहिं सबु आगमु अति बिस्वास।।157।।

चौपाई - परिच्छिन्न जो कबहुँ न होई। अज अव्यक्त सनातन सोई।।
ब्रम्हरूप पुनि लिंग अभेदा। नेति नेति कहि गावहिं बेदा।।
सोइ निज माया प्रगट जनावा। स्वयं रूप परिच्छिन्न बनावा।।
देह गुहा मँह पइठेउ जाई। जीव उपासइ ध्यान लगाई।।
लिंग नामु जेहि कारन होई। सुनत बूझि संसय सबु खोई।।
सकल चराचर जँह लग आँहीं। प्रबिसइ लीन होइँ जेहि माँहीं।।

दोहा - पुनि पुनि उपजहिं तहँइ ते तहँइ होहिं पुनि लीन।
एहि ते सास्वत ब्रम्ह कँह लिंग नामु सबु कीन।।158।।

चौपाई - लिंग प्रसिद्ध सकल जग माँही। परम तत्त्व नहिं कबहुँ नसाही।।
चेतन अमल सहज सुखरासी। नित्य निरीह जोति अबिनासी।।
बिपुल बृहद बृंहन करि करमा। ब्रम्ह नामु एहि कारन धरमा।।
मूलाधार हृदय पुनि जानी। भौंह मध्य अथवा थित मानी।।
होइ निरन्तर अनुसंधाना। ज्योतिर्लिंग ध्यान बहु माना।।
एहि बिधि क्रिया निरन्तर होई। आंतर लिंग धारना सोई।।

ये धारयन्ति हृदये लिङ्गं चिद्रूपमैश्वरम्।
न तेषां पुनरावृत्तिर्घोरसंसारमण्डले।।४२।।

अन्तर्लिङ्गानुसन्धनमात्मविद्यापरिश्रमः ।
गुरूपासनशक्तिश्च कारणं मोक्षसम्पदाम्।।४३।।

वैराग्यज्ञानयुक्तानां योगिनां स्थिरचेतसाम्।
अन्तर्लिङ्गानुसन्धाने रुचिर्बाह्ये न जायते।।४४।।

ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च वासवाद्याश्च लोकपाः।
मुनयः सिद्धगन्धर्वा दानवा मानवास्तथा।।४५।।

सर्वे च ज्ञानयोगेन सर्वकारणकारणम्।
पश्यन्ति हृदये लिङ्गं परमानन्दलक्षणम्।।४६।।

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन शाङ्करं लिङ्गमुत्तमम्।
आन्तर्विभावयेद्विद्वान् अशेषक्लेशमुक्तये।।४७।।

अन्तर्धारयितुं लिङ्गमशक्तः शक्त एव वा।
बाह्यं च धारयेल्लिङ्गं तद्रूपमिति निश्चयात्।।४८।।

लिङ्गं तु त्रिविधं प्रोक्तं स्थूलं सूक्ष्मं परात्परम्।
इष्टलिङ्गमिदं स्थूलं यद्बाह्ये धार्यते तनौ।।४९।।

दोहा - **सुबरन मूलाधार मँह जोगी धारइ ध्यान।**
मूँगा दुति हिरदै प्रगट भौं बिच फटिक समान॥159॥
तीनिउँ थल आभा बिलग आगम कहइ विचार।
लिंग एकु थल भेद ते जोति प्रभाउ प्रकार॥160॥

चौपाई - आन्तर लिंग धारना जोई। सो निरुपाधिक कह सबु कोई।।
बाहेर लिंग धारना पेखी। आन्तर गुना करोर बिसेषी।।
धारइँ जे हिरदै चिद रूपा। ब्रम्ह जोतिमय लिंग अनूपा।।
ते न आव पुनि एहि संसारा। दुसह दुखद सो घोर अपारा।।
अन्तर्लिंग ध्यान नित करई। साधु आचरन जे निरबहई।।
निरत निरंतर आतम ग्याना। जीव परम सुचि सास्त्र बखाना।।

दोहा - **नित चित लावहिं गुरु चरन छाँड़ि कपट छल मान।**
बिबिध भाँति सेवहिं गुरुहि धन्य सिष्य जगु जान॥161॥
ध्यान जे अंतर्लिंग कै श्रम जे आतम ग्यान।
गुरुपद भगति ए तीनिउँ मोच्छ दुआर प्रमान॥162॥

चौपाई - जेहि के ग्यान बिराग सुहावा। थिर मति जोगी ध्यान लगावा।।
अन्तर्लिंग प्रीति जे करहीं। बाह्यलिंग रुचि रंचि न धरहीं।।
ब्रम्हा बिस्नु रुद्र तिरदेवा। सुरपति लोकपाल सबु जे बा।।
सिद्ध सकल गंधर्ब मुनीसा। दानव मानव सहित महीसा।।
ए सबु ग्यान जोग सुचि धारी। सबुहि कारनहि कारन भारी।।
निज हिरदै सोइ लिंग बसावहिं। परमानन्द लछन लखि भावहिं।।
बिग्य जोगरत जे नर अहई। सकल कलेस मुकुति जो चहई।।
तौ सबु बिधि करि जतन सयाना। सुभ सिवलिंग अंतरहि ध्याना।।

दोहा - **धारन अन्तर्लिंग कौ समरथ होउ न होउ।**
ध्याइ रूप सो बाह्य कौ निश्चय धारय सोउ॥163॥

प्राणलिङ्गमिदं सूक्ष्मं यदन्तर्भावनामयम्।
परात्परं तु यत्प्रोक्तं तृप्तिलिङ्गं तदुच्यते।।५०।।

भावनातीतमव्यक्तं परब्रह्म शिवाभिधम्।
इष्टलिङ्गमिदं साक्षादनिष्टपरिहारतः।।
धारयेदवधानेन शरीरे सर्वदा बुधः।।५१।।

मूर्ध्नि वा कण्ठदेशे वा कक्षे वक्षःस्थलेऽपि वा।
कुक्षौ हस्तस्थले वापि धारयेल्लिङ्गमैश्वरम्।।५२।।

नाभेरधस्ताल्लिङ्गस्य धारणं पापकारणम्।
जटाग्रे त्रिकभागे च मलस्थाने न धारयेत्।।५३।।

लिङ्गधारी सदा शुद्धो निजलिङ्गं मनोरमम्।
अर्चयेद् गन्धपुष्पाद्यैः करपीठे समाहितः।।५४।।

बाह्यपीठार्चनादेतत् करपीठार्चनं वरम्।
सर्वेषां वीरशैवानां मुमुक्षूणां निरन्तरम्।।५५।।

ब्रह्मविष्ण्वादयो देवा मुनयो गौतमादयः।
धारयन्ति सदा लिङ्गमुत्तमाङ्गे विशेषतः।।५६।।

लक्ष्म्यादिशक्तयः सर्वाः शिवभक्तिविभाविताः।
धारयन्त्यलिकाग्रेषु शिवलिङ्गमहर्निशम्।।५७।।

चौपाई - लिंग त्रिविध कहि बुध समुझावहिं। थूल एक एक सूछ्म बतावहिं।।
परात्परहु यहु तीसर भेदा। लिंग भेद बरनहिं सबु बेदा।।
बाहेर जे तन सतत धराई। इष्टलिंग सो थूल कहाई।।
अन्तर्भाव रूप जे होई। प्रानलिंग सूच्छम कह सोई।।
अहइ परात्पर जाके नामा। तृप्तिलिंग कहि जाइ निकामा।।
जो अव्यक्त भावनातीता। परब्रम्ह सिव नाम पुनीता।।

दोहा - इष्टलिंग साक्षात यहु करइ अमंगल दूर।
सावधान धारन करेइ सैव सदा मति पूर॥164॥

चौपाई - उत्तमांग मूर्धा कहलावा। ता पर यहु सिवलिंग सुहावा।।
धारन करइ भगत करि नेमा। इष्टलिंग यहु सतत सप्रेमा।।
जदि वा धारन कर निज कंठा। सिव मँह जेहि कर भगति अकुंठा।।
अथवा देह बगल लटकावै। वा पुनि निज उर सतत लगावै।।
उदर भाग एहि धारन करई। अथवा करतल गत सो रहई।।
देह भाग ए कहे अनेका। लिंग धारि जँह सहित बिबेका।।

दोहा - कबहुँक नीचे नाभि के चाहे जान अजान।
सपनेउ लिंग न धारिअ एहि सम पाप न आन॥165॥
जटा भागु आगे नहीं कबहुँ न पाछे पीठि।
मलस्थान एहि लिंग कौ धारन देउ न दीठि॥166॥

चौपाई - इष्टलिंग जे धारन करहीं। सदा सुद्ध अस आगम कहहीं।।
सो निज लिंग मनोरम चाहिअ। पूजन धरि कर पीठ सराहिअ।।
होइ एकाग्रचित मुनिराया। पूजिअ सबु उपचार सहाया।।
बीर सैव जे मोच्छ मनावहिं। निज आश्रित करपीठ बनावहिं।।
बाह्य पीठ अरचन सबु भाँती। सो करपीठ ते हेठ कहाती।।
देव कोटि ब्रम्हादिक जेई। गौतमादि मुनि कोटि गिनेई।।
निज निज सिरन्ह बिसेष सम्हारहिं। इष्टलिंग तँह सादर धारहिं।।

वेदशास्त्रपुराणेषु कामिकाद्यागमेषु च।
लिङ्गधारणमाख्यातं वीरशैवस्य निश्चयात्।।५८।।

ऋगित्याह पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते।
तस्मात्पवित्रं तल्लिङ्गं धार्यं शैवमनामयम्।।५९।।

ब्रह्मेति लिङ्गमाख्यातं ब्रह्मणः पतिरीश्वरः।
पवित्रं तद्धि विख्यातं तत्सम्पर्कात्तनुः शुचिः।।६०।।

अतप्ततनुरज्ञो वै आमः संस्कारवर्जितः।
दीक्षया रहितः साक्षान्नाप्नुयाल्लिङ्गमुत्तमम्।।६१।।

अघोराऽपापकाशीति या ते रुद्र शिवा तनूः।
यजुषा गीयते यस्मात् तस्माच्छैवोऽघवर्जितः।।६२।।

यो लिङ्गधारी नियतान्तरात्मा
नित्यं शिवाराधनबद्धचित्तः।
स धारयेत् सर्वमलापहत्यै
भस्मामलं चारु यथाप्रयोगम्।।६३।।

ॐ तत्सत् इति श्रीशिवगीतेषु सिद्धान्तागमेषु शिवाद्वैतविद्यायां शिवयोगशास्त्रे श्रीरेणुकागस्त्य संवादे वीरशैवधर्मनिर्णये श्रीशिवयोगिशिवाचार्यविरचिते श्रीसिद्धान्तशिखामणौ भक्तस्थले गुरुकारुण्य-लिङ्गधारणस्थल-प्रसङ्गो नाम षष्ठः परिच्छेदः।। ६ ।।

दोहा - **लच्छ्म्यादिक सुभ सक्ति जे सैव भगतिमय गात।**
तेउ धारहिं सिवलिंग यहु निज माथे दिन रात॥167॥
कामिकादि आगम कहहिं बेदहु सास्त्र पुरान।
धरम लिंग धारन परम बीरसैव धरु ध्यान॥168॥

चौपाई - कह रिग्बेद सुनहु हे ब्रम्हा। सुनि जनि रंचिउ करहु अचम्भा।।
यहु सिवलिंग वितत अति होई। सिव ते धरनि ब्यापि सबु कोई।।
परम पवित्र न संसय काहू। धारहु लेहु धरम कै लाहू।।
सिव स्वामी ब्रम्हा कै होईं। लिंग ब्रम्ह यहु कह सबु कोई।।
तेहि ते परम पवित्र कहावा। एहि संपर्क देह सुचि भावा।।
जो न तपस्या तप अग्यानी। अन्तः काचा मति न सयानी।।

दोहा - **करि सक धारन लिंग नहिं सो दीच्छा ते हीन।**
संसकार बरजित सकल नर अपात्र बल खीन॥169॥

छन्द - हे रुद्र अधारा सबु संसारा तव तनु मंगलकारी।
सो सहज प्रकासी पापबिनासी देह अघोर तिहारी।।
पुनि बेद सुनावहिं यजु यहु गावहिं तुम्ह सबु मेटहु तापा।
एहि कारन तारे सैव सुधारे छुवइ न तेहि कछु पापा।।

दोहा - **जो थिर आतम ग्यान ते लिंग बिमल धर देह।**
सिव अर्चन में रमि रह्यो सन्तत सहित सनेह॥170॥
बिमल रमावै भसम सो मेटन कौ निज पाप।
बिधि बिधान ते नित्य ही समन होई संताप॥171॥

।।श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस मँह छठवाँ परिच्छेद समाप्त।।

अथ
श्रीसिद्धान्तशिखामणिः
सप्तमः परिच्छेदः

भस्मधारणसंयुक्तः पवित्रो नियताशयः।
शिवाभिधानं यत्प्रोक्तं भासनाद्भसितं तथा।।१।।

महाभस्मेति सञ्चिन्त्य महादेवं प्रभामयम्।
वर्तन्ते ये महाभागा मुख्यास्ते भस्मधारिणः।।२।।

शिवाग्न्यादिसमुत्पन्नं मन्त्रन्यासादियोगतः।
तदुपाधिकमित्याहुर्भस्मतन्त्रविशारदाः ।।३।।

विभूतिर्भसितं भस्म क्षारं रक्षेति भस्मनः।
एतानि पञ्चनामानि हेतुभिः पञ्चभिर्भृशम्।।४।।

विभूतिर्भूतिहेतुत्वाद् भसितं तत्त्वभासनात्।
पापानां भर्त्सनाद्भस्म क्षरणात् क्षारमापदाम्।।
रक्षणात् सर्वभूतेभ्यो रक्षेति परिगीयते।।५।।

नन्दा भद्रा च सुरभिः सुशीला सुमनास्तथा।
पञ्च गावो विभोर्जाताः सद्योजातादिवक्त्रतः।।६।।

कपिला कृष्णा च धवला धूम्रा रक्ता तथैव च।
नन्दादीनां गवां वर्णाः क्रमेण परिकीर्तिताः।।७।।

।।ॐ नमः शिवाय।।

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस
सातवाँ परिच्छेद

चौपाई - इष्टलिंग धारन जो करई। भसम धारना संजुत रहई।।
तेहि के आसय कबहुँ न टरई। भगति समेत सदा सुचि रहई।।
जे पंचाच्छर सिव कै नामा। भासन हेतु भसित परिनामा।।
रुचिर प्रभामय जासु सरूपा। महादेव सो दिब्य अनूपा।।
महाभसम सो प्रगट बनावा। गुन अनुरूप नामु जसु पावा।।
ताहि सुमिरि बरतइ बड़भागी। मुख्य भसमधारी सो बिरागी।।

दोहा - मंत्र न्यास संजोग ते जो सिवाग्नि संभूत।
भस्मतंत्र वेत्ता कहइँ सो सोपाधि भभूत।।172।।

चौपाई - भसित बिभूति भसम अरु छारा। रच्छा नाम ए पंच प्रकारा।।
पाँच हेतु ते नामहु पाँचा। अति विसिष्ट कारन तँह साँचा।।
करइ भूति ऐस्वर्ज बनावा। तेहि कारन बिभूति कहलावा।।
भासन तत्व प्रकासन सोई। तेहि ते भसित नाम अस होई।।
भर्त्सन करइ पाप कै नासा। सो कारन एहि भस्म प्रकासा।।
आफत विपत छरन जो करई। छार नामु ताते यहु धरई।।
सकल जीव ते रच्छन कारन। रच्छा नामु करइ सो धारन।।

दोहा - नंदा भद्रा अरु सुरभि गाय तीन अरु दोय।
सुसीला सुमना बहुरि परमेस्वर कै होय।।173।।

चौपाई - पंचानन सिव सदा कहाहीं। सद्योजात आदि मुख आहीं।।
पाँचों धेनु पाँच मुँह द्वारा। प्रगट भईं क्रम ते संसारा।।

सद्योजाताद्विभूतिश्च वामाद्भसितमेव च।।८।।

अघोराद्भस्म संजातं तत्पुरुषात्क्षारमेव च।
रक्षा चेशानवक्त्राच्च नन्दादिद्वारतोऽभवत्।।९।।

धारयेन्नित्यकार्येषु विभूतिं च प्रयत्नतः।
नैमित्तिकेषु भसितं क्षारं काम्येषु सर्वदा।।१०।।

प्रायश्चित्तेषु सर्वेषु भस्म नाम यथाविधि।
रक्षा च मोक्षकार्येषु प्रयोक्तव्या सदा बुधैः।।११।।

नन्दादीनां तु ये वर्णाः कपिलाद्याः प्रकीर्तिताः।
त एव वर्णा विख्याता भूत्यादीनां यथाक्रमम्।।१२।।

भस्मोत्पादनमुद्दिष्टं चतुर्धा तन्त्रवेदिभिः।
कल्पं चैवानुकल्पं तु उपकल्पमकल्पकम्।।१३।।

एषामादिममुत्कृष्टमन्यत् सर्वमभावतः।
यथाशास्त्रोक्तविधिना गृहीत्वा गोमयं नवम्।।१४।।

सद्येन वामदेवेन कुर्यात् पिण्डमनुत्तमम्।
शोषयेत्पुरुषेणैव दहेद् घोराच्छिवाग्निना।।१५।।

कल्पं तद्भस्म विज्ञेयमनुकल्पमथोच्यते।
वनेषु गोमयं यच्च शुष्कं चूर्णीकृतं तथा।।१६।।

कपिल स्याम अरु धवल धुँवासी। क्रम ते पँचई लाल प्रकासी।।
सुंदर सबु बिधि धेनु सराही। दिब्य प्रभाउ प्रगट जग आही।।
सद्योजात मुँह प्रगटी नंदा। तेहि ते भई बिभूति अमन्दा।।
बामदेव मुँह भद्रा आई। तेहि ते प्रगटी भसित सुहाई।।
सुरभि अघोर बदन लगि जाता। तेहि ते भसम प्रगट हे ताता।।
तत्पुरुषानन जाति सुसीला। ताते प्रगट छार यहु लीला।।
पाँचवँ मुँह ईसान कहावा। तँह ते रच्छा प्रगट सुहावा।।

दोहा - **महादेव कै पाँच मुँह पाँच प्रगट भईं गाय।**
भसम पाँच तेहि पाँच ते परमेस्वर उपजाय॥174॥

चौपाई - नित्यकरम मँह धरइ बिभूती। नैमित्तिक मँह भसित सप्रीती।।
काम्य करम मँह छार नवीना। प्रायश्चित्त मँह भसम प्रवीना।।
मोच्छकरम मँह रच्छा लावइ। ग्यानी पंडित देह लगावइ।।
कपिलादिक जे बरन बखाने। नंदादिक गइयन पहिचाने।।
तेई बरन जथाक्रम रहहीं। भसम बिभूति आदि जे अहहीं।।
भसमोत्पादन चारि प्रकारा। तंत्रसास्त्र एहि कथन अधारा।।

दोहा - **कल्प अउर अनुकल्प पुनि कह उपकल्प अकल्प।**
एहि चारिउ मँह बुध कहहिं पहिला श्रेष्ठ अनल्प॥175॥
जदि पहिला खोजेउ बहुत मिलइ न रहइ अभाउ।
सेष ग्राह्य तीनिउँ तबइ कैसेउ काम चलाउ॥176॥

चौपाई - जस कछु सास्त्र कहेउ सो कीना। ताजा गोबर गाय कऽ लीना।।
सद्योजात मंत्र करि जापा। बामदेव ते कीन्हेउ थापा।।
मंत्र जापि तत्पुरुष सुखावा। करि अघोर जपु ताहि जरावा।।
एहि बिधि भसम पवित्र बनावा। कल्प नामु ते सोइ कहावा।।

दग्धं चैवानुकल्पाख्यमापणादिगतं तु यत्।
वस्त्रेणोत्तारितं भस्म गोमूत्राबद्धपिण्डितम्।।१७।।

दग्धं प्रागुक्तविधिना भवेद्भस्मोपकल्पकम्।
अन्यैरापादितं भस्माप्यकल्पमिति निश्चितम्।।१८।।

एष्वेकतममादाय पात्रेषु कलशादिषु।
त्रिसन्ध्यमाचरेत्स्नानं यथासंभवमेव वा।।१९।।

स्नानकाले करौ पादौ प्रक्षाल्य विमलाम्भसा।
वामहस्ततले भस्म क्षिप्त्वाच्छाद्यान्यपाणिना।।२०।।

अष्टकृत्वाथ मूलेन मौनी भस्माभिमन्त्र्य च।
शिर ईशानमन्त्रेण पुरुषेण मुखं तथा।।२१।।

हृत्प्रदेशमघोरेण वामदेवेन गुह्यकम्।
पादौ सद्येन सर्वाङ्गं प्रणवेनैव सेचयेत्।।२२।।

भस्मना विहितं स्नानमिदमाग्नेयमुत्तमम्।
स्नानेषु वारुणाद्येषु मुख्यमेतन्मलापहम्।।२३।।

भस्मस्नानवतां पुंसां यथायोगं दिनेदिने।
वारुणाद्यैरलं स्नानैर्बाह्यदोषापहारिभिः।।२४।।

आग्नेयं भस्मना स्नानं यतिभिस्तु विधीयते।
आर्द्रस्नानात्परं भस्म आर्द्रे जन्तुवधो ध्रुवम्।।२५।।

अब अनुकल्प कवन बिधि होई। सुनहु बुझाइ कहौं सबु सोई।।
बन मँह भूइँ परा जे गोबर। सूखा खंड खंड भा जेहि कर।।
तेहि जराइ जो भसम बनावा। एहि प्रकार अनुकल्प कहावा।।

दोहा - **भसम लाइ दूकान ते कपड़छान बहु कीन्ह।**
गाय मूत लगि पिण्ड करि ताहि सुखावन दीन्ह॥177॥

चौपाई - पूरब बिधि सों ताहि जरावा। सो उपकल्पक भसम कहावा।।
जानइ नहिं बिधान बिधि करमा। भसम बनावइ करइ अधरमा।।
तेहि कर भसम अकल्प कहावा। अस सबु सैव सास्त्र समुझावा।।
कलस आदि सुचि पात्र संजोई। एहि मँह लेइ भसम एकु कोई।।
तीनउँ संझा काल सयाना। प्रतिदिन भगत करउ अस्नाना।।
जदि तीनउँ संभव नहि होई। अवसि बार एकु कीजिअ सोई।।

दोहा - **बरनउँ भसम नहान बिधि बिमल बारि लै साथ।**
प्रथम पखारै पदजुगल धोवै पुनि दोउ हाथ॥178॥

चौपाई - बायें हाथ भसम जो रोपै। दायें हाथ भसम सो तोपै।।
मूल मंत्र निःसबद उचारा। भसम परोरइ आठहिं बारा।।
तब ईसान मंत्र सों सीसा। तत्पुरुषहि मुँह करइ मुनीसा।।
मंत्र अघोर हृदय लगि बोला। बामदेव ते गुह्य टटोला।।
सद्यो जात मंत्र ते चरना। सबुइ अंग ओंकार सिधरना।।
एहि बिधि कहेउ भसम अस्नाना। आगनेय अति उत्तम माना।।

दोहा - **बारुन आदि नहान जे मुख्य भसम यहु तासु।**
सबु प्रकार मल दूरि करि आतम करइ उजासु॥179॥
बाह्य दोस केवल मिटै करि बारुन अस्नान।
भसम न्हान सास्त्रोक्त नित पुनि का अन्य नहान॥180॥

आर्द्रं तु प्रकृतिं विद्यात् प्रकृतिं बन्धनं विदुः।
प्रकृतेस्तु प्रहाणार्थं भस्मना स्नानमिष्यते।।२६।।

ब्रह्माद्या विबुधाः सर्वे मुनयो नारदादयः।
योगिनः सनकाद्याश्च बाणाद्या दानवा अपि।।२७।।

भस्मस्नानयुताः सर्वे शिवभक्तिपरायणाः।
निर्मुक्तदोषकलिला नित्यशुद्धा भवन्ति हि।।२८।।

नमश्शिवायेति भस्म कृत्वा सप्ताभिमन्त्रितम्।
उद्धूलयेत्तेन देहं त्रिपुण्ड्रं चापि धारयेत्।।२९।।

सर्वाङ्गोद्धूलनं चापि न समानं त्रिपुण्ड्रकैः।
तस्मात् त्रिपुण्ड्रमेवैकं लिखेदुद्धूलनं विना।।३०।।

त्रिपुण्ड्रं धारयेन्नित्यं भस्मना सलिलेन च।
स्थानेषु पञ्चदशसु शरीरे साधकोत्तमः।।३१।।

उत्तमाङ्गे ललाटे च श्रवणद्वितये तथा।
गले भुजद्वये चैव हृदि नाभौ च पृष्ठके।।३२।।

बाहुयुग्मे ककुद्देशे मणिबन्धद्वये तथा।
त्रिपुण्ड्रं भस्मना धार्यं मूलमन्त्रेण साधकैः।।३३।।

वामहस्ततले भस्म क्षिप्त्वाच्छाद्यान्यपाणिना।
अग्निरित्यादिमन्त्रेण स्पृशन् वाराभिमन्त्र्य च।।३४।।

चौपाई - जे तापस जे जती बिरागी। भसम नहान करइँ ते आगी।।
जल ते बड़ तँह भसम कहावा। जल नहान हिंसा बहु आवा।।
जल कँह प्रकृति कहहिं सबु धीरा। प्रकृति होइ बंधन गंभीरा।।
प्रकृति बन्ध नहिं चाह सयाना। एहि ते करइ भसम अस्नाना।।
ब्रम्हा आदि सकल सुर नाना। मुनि जेते देवर्षि समाना।।
जोगी जे सनकादि बखाना। बान आदि दानव परधाना।।
सो सिव भगति लीन सबु रहहीं। भसम नहान सदा ते करहीं।।

दोहा - दोस पंक निरमुकुत ते नित्यसुद्ध जग जान।
सबु सिवभगति परायन संजुत भसम नहान॥181॥

चौपाई - महामन्त्र जपि नमः शिवाय। सात बार तेहि भसम फिराय।।
तबु सो भसम सरीर रमावै। पुनि अंगनि तिरपुंड लगावै।।
सकल सरीर भसम जदि आना। सोउ न होइ तिरपुंड समाना।।
जौ दोऊ बनि सकइ बनावा। एहि ते अधिक पुन्य नहिं पावा।।
जदि भसमोद्धूलन रति नाहीं। करि सरीर तिरपुंड अघाहीं।।
साधक चह तिरपुंड बनावा। बिमल सलिल अरु भसम मिलावा।।
पनरह थल सरीर मँह सोधा। रच तिरपुंड सो साधक जोधा।।
मूलमंत्र करि करि उच्चारा। तँह साधक तिरपुंड सँवारा।।

दोहा - सिर ललाट अरु करन दोउ कंठ बाहु जुग पीठ।
हृदय नाभि कर जुगल पुनि ककुद कलाई दीठ॥182॥
बाँयें हाथहि रखि भसम दाँये हाथहि ढाँकि।
अग्नि आदि सुभ मंत्र ते जल परोरि बिधि बाँकि॥183॥

चौपाई - पनरह थल जे पहिले कहे। तहँ तिरपुंड भसम निरबहे।।
जे तिरपुंड बनावइ प्रानी। सो सिव कर सिव पावइ दानी।।

त्रिपुण्ड्रमुक्तस्थानेषु दध्यात् सजलभस्मना।
शिवं शिवङ्करं शान्तं स प्राप्नोति न संशयः।।३५।।

मध्याङ्गुलित्रयेणैव स्वदक्षिणकरस्य तु।
षडङ्गुलायतं मानमपि वाऽलिकमानकम्।।३६।।

नेत्रयुग्मप्रमाणेन फाले दध्यात् त्रिपुण्ड्रकम्।
मध्यमानामिकाङ्गुष्ठैरनुलोमविलोमतः ।
धारयेद्यस्त्रिपुण्ड्राङ्कं स रुद्रो नात्र संशयः।।३७।।

ऋजु श्वेतमनुव्याप्तं स्निग्धं श्रोत्रप्रमाणकम्।
एवं सल्लक्षणोपेतं त्रिपुण्ड्रं सर्वसिद्धिदम्।।३८।।

प्रातःकाले च मध्याह्ने सायाह्ने च त्रिपुण्ड्रकम्।
कदाचिद्भस्मना कुर्यात् स रुद्रो नात्र संशयः।।३९।।

एवंविधं विभूत्या च कुरुते यस्त्रिपुण्ड्रकम्।
स रौद्रधर्मसंयुक्तस्त्रयीमय इति श्रुतिः।।४०।।

ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च देवाः शक्रपुरोगमाः।
त्रिपुण्ड्रं धारयन्त्येव भस्मना परिकल्पितम्।।४१।।

वसिष्ठाद्या महाभागा मुनयः श्रुतिकोविदाः।
धारयन्ति सदाकालं त्रिपुण्ड्रं भस्मना कृतम्।।४२।।

शैवागमेषु वेदेषु पुराणेष्वखिलेषु च।
स्मृतीतिहासकल्पेषु विहितं भस्मपुण्ड्रकम्।।
धारणीयं समस्तानां शैवानां च विशेषतः।।४३।।

परम सान्त पद पावइ सोई। एहि मँह संसय कबहुँ न होई।।
तीनउँ अंगुरी मध्य मिलाई। तर्जनि मध्य अनामि कहाई।।
दहिन हाथ एहि आंगुरि तीना। सजल भसम एहि पहिं करि लीना।।
छै अंगुल आयत तिरपुंडा। अथवा भरि ललाट कै मुंडा।।
दूनउ नयन बीच जित होई। भसम रेख खींचइ बड़ सोई।।

दोहा - **मध्यम अउर अनामिका अंगुरी रेख बनाइ।**
ऊपर नीचे फरक दै बिधि अनुलोम सहाइ॥184॥
तेहि दूनउ बिच रेख पुनि बिधि बिलोम अपनाइ।
अउँठा देइ बनावई भगत सो रुद्र कहाइ॥185॥

चौपाई - अबिरल सरल स्वेत तिहुँ रेखा। दूनहुँ कान लगायत देखा।।
चिक्कन गहबर जो झलकाई। सो त्रिपुंड्र उत्तम कहलाई।।
अस त्रिपुंड्र जो रचइ सयाना। सो सबु सिधि पावइ कल्याना।।
भोर दुपहरे संझा काले। अस त्रिपुंड्र बनवइ जो भाले।।
कबहुँ कबहुँ पुनि सो जदि रचई। निसिचय रुद्र न मनई अहई।।
एहि बिधि जे बिभूति अपनाई। निज ललाट तिरपुंड रचाई।।

दोहा - **सैव धरम सो रमि रहा सकल बेदमय धीर।**
एहि मँह कछु संसय नहीं बेद बचन गंभीर॥186॥

चौपाई - इन्द्र उपेन्द्र बिबुधगन नाना। ब्रम्हा रुद्र रहित अभिमाना।।
सबु धारहिं तिरपुंड सुहावा। बिमल सलिल जुत भसम बनावा।।
महाभाग स्रुतिकोबिद ग्यानी। मुनि बसिष्ठ आदिक बिग्यानी।।
ते तिरपुंड धरहिं सबु काला। भसम रचित करि हृदय बिसाला।।
सैव सकल जगु जहँ लागि आहीं। अति पवित्र तिन्ह कर परिछाहीं।।
कारन इहाँ एक भरि भाखा। रचि तिरपुंड देह तिन्ह राखा।।

दोहा - **सैवागम इतिहास स्मृति स्रुति सुभ कलप पुरान।**
भसम रचित तिरपुंड कइ सबु मँह बिहित बिधान॥187॥

नास्तिको भिन्नमर्यादो दुराचारपरायणः।
भस्मत्रिपुण्ड्रधारी चेन्मुच्यते सर्वकिल्बिषैः।।४४।।

भस्मना विहितस्नानस्त्रिपुण्ड्राङ्कितमस्तकः।
शिवार्चनपरो नित्यं रुद्राक्षमपि धारयेत्।।४५।।

रुद्राक्षधारणादेव मुच्यन्ते सर्वपातकैः।
दुष्टचित्ता दुराचारा दुष्प्रज्ञा अपि मानवाः।।४६।।

पुरा त्रिपुरसंहारे त्रिनेत्रो जगतां पतिः।
उदपश्यत् पुरां योगमुन्मीलितविलोचनः।।४७।।

निपेतुस्तस्य नेत्रेभ्यो बहवो जलबिन्दवः।
तेभ्यो जाता हि रुद्राक्षा रुद्राक्षा इति कीर्तिताः।।४८।।

रुद्रनेत्रसमुत्पन्ना रुद्राक्षा लोकपावनाः।
अष्टत्रिंशत्प्रभेदेन भवन्त्युत्पत्तिभेदतः।।४९।।

नेत्रात्सूर्यात्मनः शम्भोः कपिला द्वादशोदिताः।
श्वेताः षोडशसञ्जाताः सोमरूपाद्विलोचनात्।।५०।।

कृष्णा दशविधा जाता वह्निरूपाद्विलोचनात्।
एवमुत्पत्तिभेदेन रुद्राक्षा बहुधा स्मृता।।५१।।

अच्छिद्रं कनकप्रख्यमनन्यधृतमुत्तमम्।
रुद्राक्षं धारयेत् प्राज्ञः शिवपूजापरायणः।।५२।।

चौपाई - जे नास्तिक जे सास्त्र बिहीना। लम्पट दुराचार मँह लीना।।
तेऊ जदि तिरपुंड रचावैं। जनम जनम निज पाप नसावैं।।
भसम नहान नित्य जे करहीं। निज ललाट तिरपुंडहु धरहीं।।
सादर करहिं नित्य सिव अर्चन। चाहिअ तेहि रुद्राच्छुहु धारन।।
मानुस दुराचार रत नितहीं। दुर्बुद्धी कुबिचारत चितहीं।।
सबु पातक ते छूटहिं तेऊ। निज रुद्राच्छ धरहिं तन जेऊ।।

दोहा - अति पवित्र रुद्राच्छ यहु आयहु जग जेहि हेत।
अचरज सुनहु मुनीस तुम्ह थिर मन प्रेम समेत।।188।।

चौपाई - सबु प्रसंग जानहु मुनिराई। देव दनुज संग भई लराई।।
दनुज जुद्ध करि देव सतावहिं। आपु त्रिपुर मँह जाइ दुरावहिं।।
देव गये जगदीसहि सरना। त्रिपुरनास बिनु दनुज न मरना।।
सिव तबु रौद्र रूप निज धारा। कोपेउ कियउ त्रिपुर संहारा।।
तीनउँ नयन खुलेउ तेहि काला। दीठि त्रिपुर पँह गई कराला।।
ऊपर त्रिपुर देख त्रिपुरारी। अपलक तीनउँ नयन उधारी।।

दोहा - तिन्ह नयनन्ह बरसत भए निकरि भूरि जलबिन्दु।
भूमि परत रुद्राच्छ भे चकित देखि भालेन्दु।।189।।
रुद्र अच्छ ते प्रगट भे नाउँ परा रुद्राच्छ।
जगत विदित महिमा अमित धारन मोच्छ-गवाच्छ।।190।।

चौपाई - सदा लोकपावन विख्याता। रुद्रनयन रुद्राच्छ सुजाता।।
रुद्र नयन उत्पत्ति बिचारा। आठ तीस रुद्राच्छ प्रकारा।।
ते सबु भेद सुनहु धरि ध्याना। नहि पवित्र कोउ एहि समाना।।
रुद्रनयन जे भानु सरूपा। तेहि ते बारह कपिल अनूपा।।
प्रगटे सोरह धवल सुहावन। सोमनयन ते अति सुभ पावन।।
अगिन रूप जे नयन कहावा। स्याम बरन तेहि ते दस आवा।।

यथास्थानं यथावक्त्रं यथायोगं यथाविधि।
रुद्राक्षधारणं वक्ष्ये रुद्रसायुज्यसिद्धये।।५३।।

शिखायामेकमेकास्यं रुद्राक्षं धारयेद् बुधः।
द्वित्रिद्वादशवक्त्राणि शिरसि त्रीणि धारयेत् ।।५४।।

षट्त्रिंशद्धारयेन्मूर्ध्नि नित्यमेकादशानान्।
दशसप्तपञ्चवक्त्रान् षट् षट् कर्णद्वये वहेत्।।५५।।

षडष्टवदनान् कण्ठे द्वात्रिंशद्धारयेत् सदा।
पञ्चाशद्धारयेद् विद्वान् चतुर्वक्त्राणि वक्षसि।।५६।।

त्रयोदशमुखान् बाह्वोर्धरेत् षोडश षोडश।
प्रत्येकं द्वादश वहेन्नवास्यान् मणिबन्धयोः।।५७।।

चतुर्दशमुखं यज्ञसूत्रमष्टोत्तरं शतम्।
धारयेत् सर्वकालं तु रुद्राक्षं शिवपूजकः।।५८।।

एवं रुद्राक्षधारी यः सर्वकाले तु वर्तते।
तस्य पापकथा नास्ति मूढस्यापि न संशयः।।५९।।

ब्रह्महा मद्यपायी च स्वर्णहृद् गुरुतल्पगः।
मातृहा पितृहा चैव भ्रूणहा कृतघातकः।।

दोहा - **एहि बिधि उद्भव भेद ते बिबिध बरन रुद्राच्छ।**
जे धारहिं ते पावहीं सिव कइ कृपा कटाच्छ॥191॥
जेहि नहिं बेधेउ कीट कहुँ सकल भाँति निरदोष।
अच्छ कनकदुति उत्तम निखिल गुनन को कोष॥192॥

चौपाई - सिव अरचन बन्दन नित करहीं। बुध रुद्राच्छ जथाबिधि धरहीं।।
सो सबु कहब सास्त्र परमाना। रुद्र अच्छ धारन बिधि नाना।।
जेहि ते भगत सिद्ध होइ आवइ। सिव साजुज्य परमगति पावइ।।
केते मुँह कँह कँह निज देहा। केहि बिधि धारइ सहित सनेहा।।
सास्त्र सकल सुभ लछन बिचारी। होंइ जेहि ते प्रसन्न तिपुरारी।।
जो रुद्राच्छ धरन बिधि जाना। निहचय सो सिवभगत सयाना।।

दोहा - **सिखा एकमुँह एक ही सिर पर धारइ तीन।**
दुइ तिन बारह मुँह रहइँ अस सबु करइँ प्रबीन॥193॥
ग्यारह मुँह मस्तक धरै संख्या छत्तीस होउ।
पाँच सात दस मुँह बहुरि छह छह कानन दोउ॥194॥
गरे आठ छह मुँह सुभग धरै सदा बत्तीस।
चौमुँह बुध छाती धरै संख्या दून पचीस॥195॥
सोरह सोरह बाहु मँह तेरह मुँह जो होय।
बारह प्रति मनिबंध मँह नौ आनन संजोय॥196॥
चौदह मुँह रुद्राच्छ लै एक सौ आठ पिरोय।
अति पुनीत पहिरै सदा भगत जनेऊ सोय॥197॥

चौपाई - एहि प्रकार रुद्राच्छ जे धरहीं। सिव पूजक सँजम ते रहहीं।।
सास्त्ररहित निहचय अग्यानी। तेहि कर पाप कथा नहिं जानी।।
मदिरा पीवइँ कनक चुरावैं। गुरु पत्नी संग काम लजावैं।।
बाँभन मातु पिता कइ हन्ता। गरभ जीव कौ सरग नयन्ता।।

रुद्राक्षधारणादेव मुच्यते सर्वपातकैः।।६०।।

दर्शनात् स्पर्शनाच्चैव स्मरणादपि पूजनात्।
रुद्राक्षधारणाल्लोके मुच्यन्ते पातकैर्जनाः।।६१।।

ब्राह्मणो वान्त्यजो वापि मूर्खो वा पण्डितोऽपि वा।
रुद्राक्षधारणादेव मुच्यते सर्वपातकैः।।६२।।

गवां कोटिप्रदानस्य यत्फलं भुवि लभ्यते।
तत्फलं लभते मर्त्यो नित्यं रुद्राक्षधारणात्।।६३।।

मृत्युकाले च रुद्राक्षं निष्पीड्य सह वारिणा।
यः पिबेच्चिन्तयन् रुद्रं रुद्रलोकं स गच्छति।।६४।।

भस्मोद्धूलितसर्वाङ्गा धृतरुद्राक्षमालिकाः।
ये भवन्ति महात्मानस्ते रुद्रा नात्र संशयः।।६५।।

नित्यानि काम्यानि निमित्तजानि कर्माणि सर्वाणि सदापि कुर्वन्।
योऽभस्मरुद्राक्षधरो यदि स्याद् द्विजो न तस्यास्ति फलोपपत्तिः।।६६।।

सर्वेषु वर्णाश्रमसंगतेषु नित्यं सदाचारपरायणेषु।
श्रुतिस्मृतिभ्यामिह चोद्यमानो विभूतिरुद्राक्षधरः समानः।।६७।।

ॐ तत्सदिति श्रीशिवगीतेषु सिद्धान्तागमेषु शिवाद्वैतविद्यायां शिवयोगिशास्त्रे श्रीरेणुकागस्त्यसंवादे वीरशैवधर्मनिर्णये श्रीशिवयोगिशिवाचार्यविरचिते श्रीसिद्धान्तशिखामणौ भक्तस्थले विभूतिरुद्राक्षधारणस्थलप्रसङ्गो नाम सप्तमः परिच्छेदः।।७।।

ए सबु अरु कृतघ्न बिभिचारी। जदि रुद्राच्छ देह परिधारी।।
तेहि प्रभाउ सबु बिहरहिं चंगा। पातक सकल होहिं छन भंगा।।

दोहा - **दरस परस सुमिरन किए पूजन धारन जोग।**
रुद्राच्छहि यहु लोक मँह छूटहिं पातकु लोग।।198।।

चौपाई - जन बाभन अन्तज वा होई। मूरख पण्डित पुनि सो कोई।।
सबु पातक सों मुकुती पावै। जदि सरीर रुद्राच्छ धरावै।।
कोटि धेनु कोउ दान जो करई। जित फल इहाँ धन्य सो लहई।।
उत फल मनुज नित्य सो पावै। जदि सरीर रुद्राच्छ धरावै।।
जो जनमइ मानुस तन पाई। टरइ मरन नहिं कोटि उपाई।।
मरन निकट आवा जेहि प्रानी। घिसि रुद्राच्छ पियै संग पानी।।

दोहा - **घिसत पियत रुद्राच्छ जौं सुमिरन करत महेस।**
रुद्र लोक सो पावई नहि तँह संसय लेस।।199।।
पहिरि माल रुद्राच्छ निज भसम रमाये देह।
महापुरुष ते रुद्र पुनि नाहिं इहाँ सन्देह।।200।।

छन्द - जे करम निमित्ता धरि सिव चित्ता करइ सहित अनुरागा।
अथवा नितकरमा मानि सुधरमा करइ जीव हित लागा।।
उर धरि अभिलासा पाइ सुपासा करम बिबिध बिध करई।
एहि सबु कइ साथा नइ सिव माथा भगति हिए मँह धरई।।
रुद्राच्छ बिराजे तन पँहि साजे भसम सरीर लगावा।
सो नर बड़ भागी परम बिरागी करम भुगुति नहिं पावा।।

दोहा - **जे बिभूति रुद्राच्छ धर तिन्ह स्रुति स्मृतिहु बखान।**
सदाचार बरनास्त्रमहि सो नर भयउ समान।।201।।

।।श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस मँह सातवाँ परिच्छेद समाप्त।।

अथ
श्रीसिद्धान्तशिखामणिः
अष्टमः परिच्छेदः

धृतश्रीभूतिरुद्राक्षः प्रयतो लिङ्गधारकः।
जपेत्पञ्चाक्षरीविद्यां शिवतत्त्वप्रबोधिनीम्।।१।।

शिवतत्त्वात् परं नास्ति यथा तत्त्वान्तरं महत्।
तथा पञ्चाक्षरीमन्त्रान्नास्ति मन्त्रान्तरं महत्।।२।।

ज्ञाते पञ्चाक्षरीमन्त्रे किं वा मन्त्रान्तरैः फलम्।
ज्ञाते शिवे जगन्मूले किं फलं देवतान्तरैः।।३।।

सप्तकोटिषु मन्त्रेषु मन्त्रः पञ्चाक्षरो महान्।
ब्रह्मविष्ण्वादिदेवेषु यथा शम्भुर्महत्तरः।।४।।

अशेषजगतां हेतुः परमात्मा महेश्वरः।
तस्य वाचकमन्त्रोऽयं सर्वमन्त्रैककारणम्।।५।।

तस्याभिधानमन्त्रोऽयमभिधेयश्च स स्मृतः।
अभिधानाभिधेयत्वान्मन्त्रात् सिद्धः परः शिवः।।६।।

नमःशब्दं वदेत्पूर्वं शिवायेति ततः परम्।
मन्त्रः पञ्चाक्षरो ह्येष सर्वश्रुतिशिरोगतः।।७।।

।।ॐ नमः शिवाय।।

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस
आठवाँ परिच्छेद

चौपाई - जो मन करम बचन सुचि होई। पहिरि रुद्राच्छ भभूत संजोई।।
इष्टलिंग धारन कर भगता। जपउ मंत्र पंचाच्छर सतता।।
विद्या 'नमः शिवाय' कहावै। आदि प्रनव जप हेतु लगावै।।
यहु सिवतत्व प्रबोध करावन। सकल कलुस छन माहिं नसावन।।
नाहिन तत्व दूसरो कोऊ। सिवतत्वहि ते बढ़ि कहुँ होऊ।।
अइसन मन्त्रहु दूसर नाहीं। पंचाच्छर बढ़ि कतहुँ कहाहीं।।

दोहा - जौं जानइ पंचाच्छरी पुनि का दूसर मंत्र।
जगतमूल सिव जानि पुनि बिरिथ अन्य सुर तन्त्र।।202।।

चौपाई - सात करोड़ मंत्र जग माहीं। पंचाच्छर सम दूसर नाहीं।।
सबु ते बड़ मंत्रन मँह एहा। जपहिं सुरासुर सहित सनेहा।।
यहु तौ बस ऐसेइ होइ आवा। जइसे सिव महदेव कहावा।।
ब्रम्हा बिस्नु आदि सबु देवा। संभु महत्तम होइ महदेवा।।
सकल जगत कै कारन एका। परमातमा न होइ अनेका।।
कहहु कवन बिधि भेद लखाई। सिव संसार न कोउ बिलगाई।।
देखहु करि बिचार मन माहीं। तत्व भेद दूनहुँ कछु नाहीं।।

दोहा - **महा सिंधु जल एक है जहँ लगि तेहि बिस्तार।**
फेन बुलबुला लहर तस जस समुद्र जल खार॥282॥

चौपाई - जथा तन्तु ते बस्त्र बुनाई। सदा तन्तुमय पट सो कहाई।।
तथा सिवहि उत्पन्न चराचर। नहिं सिव छाँड़ि होइ कछु दूसर।।
सिव तस आतमसक्ति बिकासा। बिस्वरूप सर्बत्र प्रकासा।।
जइसे पट निज करि बिस्तारा। कुटी रूप सबु जगह पसारा।।
सकल चराचर जगत बिलासा। नित्य संभुमय करत प्रकासा।।
रस्सी ते उरगत्व प्रतीती। जस तस उहाँ अभेद सनीती।।

दोहा - **रस्सी मँह सर्पत्व सम सीपी रजत लखात।**
थूना मँह चोरत्व जिमि जल मरीचि झलकात॥283॥
नभोमध्य गंधर्बपुर रूप सच्चिदानन्द।
भेदरहित सिव मँह सकल बिस्व बिराज अमन्द॥284॥

चौपाई - डार पात धरि रूप बनाई। जथा रहइ कोउ बिरिछ सुहाई।।
ऐसअइ धरनि आदि धरि रूपा। सोहत संभु सदा सुरभूपा।।
भावाभावप्रपंचसरूपा। परमेस्वर संकर बहुरूपा।।
हृदयकंज सिव भगत असेषा। राजत संभु सदा सबिसेषा।।
जद्यपि सकल भुवन बिभु ब्यापा। सिव सबिसेष रहहिं जँह आपा।।
सो थल अबु तुम्ह सुनहु मुनीसा। जे अतिसय प्रिय मान गिरीसा।।

दोहा - **मन्दरगिरि कैलास पुनि गिरि सुमेरु हिमवान।**
भगत हृदय सबिसेष करि रहहिं संभु भगवान॥285॥

चौपाई - सर्बात्मा ब्यापक सिव अहई। परिच्छिन्न जस देहहि रहई।।

गन्धर्वपुरवद्व्योम्नि सच्चिदानन्दलक्षणे।
निरस्तभेदसद्भावे शिवे विश्वं विराजते।।७१।।

पत्रशाखादिरूपेण यथा तिष्ठति पादपः।
तथा भूम्यादिरूपेण शिव एको विराजते।।७२।।

समस्तजगदात्मापि शङ्करः परमेश्वरः।
भक्तानां हृदयाम्भोजे विशेषेण विराजते।।७३।।

कैलासे मन्दरे चैव हिमाद्रौ कनकाचले।
हृदयेषु च भक्तानां विशेषेण व्यवस्थितः।।७४।।

सर्वात्मापि परिच्छिन्नो यथा देहेषु वर्तने।
तथा स्वकीयभक्तेषु शङ्करो भासते सदा।।७५।।

विशुद्धेषु विरक्तेषु विवेकिषु महात्मसु।
शिवस्तिष्ठति सर्वात्मा शिवलाञ्छनधारिषु।।७७।।

नित्यं सन्तोषयुक्तानां ज्ञाननिर्धूतकर्मणाम्।
माहेश्वराणामन्तःस्थो विभाति परमेश्वरः।।७८।।

अन्यत्र शम्भो रतिमात्रशून्यो निजेष्टलिङ्गे नियतान्तरात्मा।
शिवात्मकं विश्वमिदं विबुध्यन् माहेश्वरोऽसौ भवति प्रसादी।।७९।।

ॐ तत्सदिति श्रीशिवगीतेषु सिद्धान्तागमेषु शिवाद्वैतविद्यायां शिवयोगशास्त्रे श्रीरेणुकागस्त्यसंवादे वीरशैवधर्मनिर्णये श्रीशिवयोगिशिवाचार्यविरचिते श्रीसिद्धान्तशिखामणौ माहेश्वरस्थले माहेश्वरप्रशंसादिनवविधस्थलप्रसङ्गो नाम दशमः परिच्छेदः ।।१०।।

तैसअइ निज भगतन्ह कइ काया। भासइ संकर सदा समाया।।
अस श्रुति कहइ सनातन रूपा। रुद्र! काय तव परम अनूपा।।
सो सरीर अनवद्य अघोरा। पुन्य रूप नित करइ अँजोरा।।
जे निष्ठाजुत भगत तिहारे। अरचहिं तुम्हहिं प्रपंच निवारे।।
भगति बिबस तव देह लोभाई। भगत हृदय बसि रही सोहाई।।

दोहा - **अतिसय सुद्ध बिरक्त पुनि सहित बिबेक सुजान।**
निज सरीर धारन करहिं सुभ सिवचिन्ह प्रमान॥286॥

छन्द - तँह देखि सुपासा नित कर बासा सिव ब्यापक भगवाना।
सन्तोष निधाना कर गत ग्याना भसम करम सबु आना।।
माहेस्वर रूपा भगत अनूपा तहाँ सच्चिदानंदा।
तिन्ह अन्तर साजा संभु बिराजा सोभा लहइ अमंदा।।
सिव संभु बिहाई बिरति बनाई संजत अन्तःकरना।।
सरबस सिव माना पूज अमाना इष्टलिंग निज सरना।।
यहु सृष्टि बनाई सिवमय साँई जानहिं जे बड़भागी।।
आनंद समेता संभु निकेता ते नित परम बिरागी।।

दोहा - **अति प्रसन्न माहेस्वर बिस्व सिवात्मक जान।**
साधक होत प्रसादि थल औरउ दै सम्मान॥287॥

।।श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस मँह दसवाँ परिच्छेद समाप्त।।

अथ

श्रीसिद्धान्तशिखामणिः

एकादशः परिच्छेदः

अगस्त्य उवाच —

उक्तो माहेश्वरः साक्षाल्लिङ्गनिष्ठादिधर्मवान्।
कथमेष प्रसादीति कथ्यते गणनायक।।१।।

रेणुक उवाच —

लिङ्गनिष्ठादिभावेन ध्वस्तपापनिबन्धनः।
मनःप्रसादयोगेन प्रसादीत्येष कथ्यते।।२।।

प्रसादिस्थलमित्येतदस्य माहात्म्यबोधकम्।
अन्तरस्थलभेदेन सप्तधा परिकीर्तितम्।।३।।

प्रसादिस्थलमादौ तु गुरुमाहात्म्यकं ततः।
ततो लिङ्गप्रशंसा च ततो जङ्गमगौरवम्।।४।।

ततो भक्तस्य माहात्म्यं ततः शरणकीर्तनम्।
शिवप्रसादमाहात्म्यमिति सप्तप्रकारकम्।।५।।

क्रमाल्लक्षणमेतेषां कथयामि महामुने।
नैर्मल्यं मनसो लिङ्गं प्रसाद इति कथ्यते।
शिवस्य लिङ्गरूपस्य प्रसादादेव सिद्ध्यति।।६।।

शिवप्रसादं यद्द्रव्यं शिवाय विनिवेदितम्।
निर्माल्यं तत्तु शैवानां मनोनैर्मल्यकारणम्।।७।।

॥ॐ नमः शिवाय॥

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस

ग्यारहवाँ परिच्छेद

चौपाई - एतना सुनि अगस्ति रिषि बोलेउ। रेनुक करन रसायन घोलेउ।।
धरइ लिंग निष्ठादिक धरमा। कहेउ प्रगट माहेस्वर मरमा।।
अबु गननायक कहउ बुझाई। यहु परसादी कइस कहाई।।
बोलेउ रेनुक गिरा गभीरा। कुंभज सुनहु महामति धीरा।।
लिंगार्चन निष्ठादिक भावा। पापबन्ध सबु भाँति नसावा।।
मन प्रसन्न नहिं तनिक बिषादी। सो माहेस्वर होई प्रसादी।।

दोहा - यहु प्रसादि थल ग्यापई महिमा जासु अपार।
सो पुनि अन्तर भेद ते कहिअत सात प्रकार॥288॥

चौपाई - पहिला थल प्रसादि थल होई। गुरुमाहात्म्य दूसरो होई।।
लिंग प्रसंसा तीसर मानउ। जंगम गौरव चउथा जानउ।।
पाँचव भगतमहात्म्य कहावा। सरनकीर्तन थल छठ आवा।।
सतवाँ सिवप्रसादमाहातम। सातों थल अस बरनत आगम।।
एक एक करि लच्छन एहा। कहउँ महामुनि सहित सनेहा।।
मन निरमलता चिन्ह प्रसादा। कहहिं सास्त्र सबु बिनु अपवादा।।

दोहा - लिंग रूप सिव कँह कृपा सिद्ध होइ परसाद।
सिव प्रसाद ते नामु थल कहहिं लोग परसाद॥289॥
सिवहि समरपित द्रब्य पुनि सिव प्रसाद कहि जाइ।
सो निरमालय सैव मन निरमल नितहि बनाइ॥290॥

चौपाई - मन प्रसन्न जेहि ते सिध होई। कारन निरमल ग्यानहि सोई।।
तेहि कारन कँह कारन एहा। सिव प्रसाद सिर धरि जो लेहा।।
सिवप्रसाद नित करइ जिमाई। माहेस्वर प्रसादि कहि जाई।।
अन्न सुद्धि सों तत्व सुधाई। लोक बेद सबु कहइ कहाई।।

मनःप्रसादसिद्ध्यर्थं निर्मलज्ञानकारणम्।
शिवप्रसादं स्वीकुर्वन् प्रसादीत्येष कथ्यते।।८।।

अन्नशुद्ध्या हि सर्वेषां तत्त्वशुद्धिरुदाहृता।
विशुद्धमन्नजातं हि यच्छिवाय समर्पितम्।।९।।

तदेव सर्वकालं तु भुञ्जानो लिङ्गतत्परः।
मनःप्रसादमतुलं लभते ज्ञानकारणम्।।१०।।

आत्मभोगाय नियतं यद्यद्द्रव्यं समाहितम्।
तत्तत् समर्प्य देवाय भुञ्जीयादात्मशुद्धये।।११।।

नित्यसिद्धेन देवेन भिषजा जन्मरोगिणाम्।
यद्यत् प्रसादितं भुक्त्वा तत्तज्जन्मरसायनम्।।१२।।

आरोग्यकारणं पुंसामन्तःकरणशुद्धिदम्।
तापत्रयमहारोगसमुद्धरणभेषजम् ।।१३।।

विद्यावैशद्यकरणं विनिपातविघातनम्।
द्वारं ज्ञानावतारस्य मोहोच्छेदस्य कारणम्।।१४।।

वैराग्यसम्पदो मूलं महानन्दप्रवर्धनम्।
दुर्लभं पापचित्तानां सुलभं शुद्धकर्मणाम्।।१५।।

अन्न जो सिव कँह भोग लगावा। सिवप्रसाद अति सुद्ध बनावा।।
सिव आराधन तत्पर भगता। नित प्रसाद आहार निबहता।।

दोहा - सिव प्रसाद ते ग्यान लह कारन परम प्रमान।
तहि ते पुनि परसन्नता उपजइ मनहिं अमान॥291॥

चौपाई - निज अहार लगि भगत परानी। जवन जुटावइँ दाना पानी।।
सो सबु सिवहि निबेदि हरषहीं। आत्मसुद्धि हित भोजन करहीं।।
सिव ते बड़ कोउ बैद्य न होई। बेद सिद्ध नित कह सबु कोई।।
अति असाध्य भवरोग कहाई। सिवहि छाँड़ि को देइ दवाई।।
जो प्रसाद सिव भोग लगावा। पाइ ताहि भव रोग नसावा।।
सिवप्रसाद निरमाल्य सुबायन। जनम निवारन सिद्ध रसायन।।

दोहा - सिद्धि परम जेहि चाहिअ ते सिव भोग लगाय।
सो प्रसाद सिद्धान्न नित भखहिं सिवहि सिर नाय॥292॥

चौपाई - सो आरोग्य हेतु कहि जाता। अन्तःकरन बिसुद्धि प्रदाता।।
महारोग नर तीनहु तापा। नासक भेषज सह सिव जापा।।
बिद्या बिसद बनावन सोई। पतन बिघातक सबु बिधि होई।।
ग्यान अवतरन सुभग दुआरा। मोह बिनासन हेतु सुतारा।।
बर बैराग्य बिभव कौ मूला। परमानन्द बढ़ावन पूला।।
पापी नर कहुँ दुरलभ एहा। सुलभ सदाचारिन्हि कै गेहा।।

दोहा - यहु प्रसाद महिमा अमित कहन न पावै पार।
जे सेवहिं एहि सिव भजहिं जाहिं जनम निस्तार॥293॥

चौपाई - ब्रम्हा बिस्नु आदि सबु देवा। रिषि बसिष्ठ तापस महिदेवा।।
सिव प्रसादु निज माथ लगावा। आदर सहित नित्य प्रति खावा।।
जो नर सिद्धि कामना करई। सिवप्रसाद श्रद्धा सों गहई।।

आदृतं ब्रह्मविष्ण्वाद्यैर्वसिष्ठाद्यैश्च तापसैः।
शिवस्वीकृतमन्नाद्यं स्वीकार्यं सिद्धिकाङ्क्षिभिः।।१६।।

पत्रं पुष्पं फलं तोयं यच्छिवाय निवेदितम्।
तत्तत्स्वीकारयोगेन सर्वपापक्षयो भवेत्।।१७।।

यथा शिवप्रसादान्नं स्वीकार्यं लिङ्गतत्परैः।
तथा गुरोः प्रसादान्नं तथैव शिवयोगिनाम्।।१८।।

गुरुरेवात्र सर्वेषां कारणं सिद्धिकर्मणाम्।
गुरुरूपो महादेवो यतः साक्षादुपस्थितः।।१९।।

निष्कलो हि महादेवो नित्यज्ञानमहोदधिः।
सकलो गुरुरूपेण सर्वानुग्राहको भवेत्।।२०।।

यः शिवः स गुरुर्ज्ञेयो यो गुरुः स शिवः स्मृतः।
न तयोरन्तरं कुर्याद् ज्ञानावाप्तौ महामतिः।।२१।।

हस्तपादादिसाम्येन नेतरैः सदृशं वदेत्।
आचार्यं ज्ञानदं शुद्धं शिवरूपतया स्थितम्।।२२।।

आचार्यस्यावमानेन श्रेयःप्राप्तिर्विहन्यते।
तस्मान्निःश्रेयसप्राप्त्यै पूजयेत्तं समाहितः।।२३।।

गुरुभक्तिविहीनस्य शिवभक्तिर्न जायते।
ततः शिवे यथा भक्तिस्तथा भक्तिर्गुरावपि।।२४।।

जो कछु पात फूल फल तोया। भगति सहित सिव अर्पित होया।।
तेहि तेहि करइ जो जन स्वीकारा। ताकर होइ पाप निस्तारा।।
एहि बिधि सिवप्रसाद रुचि जाही। असुभ मेटि सुभ आवइ ताही।।

दोहा - **सिवहि समर्पित अन्न ज्यों करइ भगत स्वीकार।**
त्यों गुरु कँह सिवजोगि पुनि सुचि प्रसाद ब्यवहार॥294॥

चौपाई - जे असेष जग मँह सिधि करमा। कारन एक महागुरु परमा।।
महादेव गुरुरूप सुपासा। करइ नित्य साच्छात् प्रकासा।।
सास्वत ग्यान महोदधि रूपा। महादेव निष्कल सुरभूषा।।
सकल होइ गुरु रूप बनावा। सबु पर करन अनुग्रह आवा।।
नहिं कछु संभु गुरू मँह भेदा। कहइँ सास्त्र नित गावहिं बेदा।।
जो सिव सोइ गुरू बड़ग्यानी। जोइ गुरु सो सिव अनत अमानी।।

दोहा - **दूनहुँ अंतर करहिं नहिं बड़ मति सहित बिबेक।**
ग्यान सिद्धि साधक भगत सिव गुरु मानहिं एक॥295॥

चौपाई - अस अबिबेकु न मन मँह लावै। नहिं गुरु अस तस मनुज कहावै।।
हाथ पाँव लखि देह समानी। इतर सरिस अस कहिअ न बानी।।
आचारज गुरु ग्यान प्रदाता। सुचि सिव रूप जगत बिख्याता।।
कबहुँ न करिअ गुरुहि अपमाना। पूजिअ गुरुहि महेस समाना।।
गुरु अपमान करै जो कोई। मोच्छ लाभ कबहूँ नहिं होई।।
दैहिक दैविक भौतिक तापा। गुरु निंदक कहुँ तीनिहु ब्यापा।।
जौं नर चह आपनु कल्याना। कबहुँ करिअ नहिं गुरु अपमाना।।

दोहा - **चाहै जो परमार्थ गति अथवा पद निरबान।**
निरमल चित पूजिअ गुरुहि सदा सहित सम्मान॥296॥

चौपाई - जेहि नर नहिं गुरु भगति सुहाई। सो सिव भगति कबहु नहिं पाई।।

गुरुमाहात्म्ययोगेन निजज्ञानातिरेकतः।
लिङ्गस्यापि च माहात्म्यं सर्वोत्कृष्टं विभाव्यते।।२५।।

शिवस्य बोधलिङ्गं यद् गुरुबोधितचेतसा।
तदेव लिङ्गं विज्ञेयं शाङ्करं सर्वकारणम्।।२६।।

परं पवित्रममलं लिङ्गं ब्रह्म सनातनम्।
शिवाभिधानं चिन्मात्रं सदानन्दं निरङ्कुशम्।।२७।।

कारणं सर्वलोकानां वेदानामपि कारणम्।
पूरणं सर्वतत्त्वस्य तारणं जन्मवारिधेः।।२८।।

ज्योतिर्मयमनिर्देश्यं योगिनामात्मनि स्थितम्।
कथं विज्ञायते लोके महागुरुदयां विना।।२९।।

ब्रह्मणा विष्णुना पूर्वं यल्लिङ्गं ज्योतिरात्मकम्।
अपरिच्छेद्यमभवत् केन वा परिचोद्यते।।३०।।

बहुनात्र किमुक्तेन लिङ्गं ब्रह्म सनातनम्।
योगिनो यत्र लीयन्ते मुक्तपाशनिबन्धनाः।।३१।।

पीठिका परमा शक्तिर्लिङ्गं साक्षात्परः शिवः।
शिवशक्तिसमायोगं विश्वं लिङ्गं तदुच्यते।।३२।।

ब्रह्मादयः सुराः सर्वे मुनयः शौनकादयः।
शिवलिङ्गार्चनादेव स्वं स्वं पदमवाप्नुयुः।।३३।।

ता ते जस सिवभगती करई। तैंसइ भगति गुरू मँह धरई।।
गुरुहि महातम कौ बल पाई। अपनहु ग्यान मते अधिकाई।।
एहि ते लिंग महातम ग्यानी। सबु ते अधिक सरोतर मानी।।
गुरु जबु भगत प्रबोधित कीन्हा। सिव कै बोध लिंग तबु चीन्हा।।
उहै लिंग सब कारन रूपा। जानिअ सांकर लिंग सरूपा।।

दोहा - **परम पवित्र बिसुद्ध अति लिंग सनातन ब्रम्ह।**
सदानन्द स्वाधीन चित सिव सरूप अघ जम्ह।।297।।

चौपाई - कारन सबुहि लोक करि भावा। जेहि कारन बेदहु जगु आवा।।
सबुहि तत्व कै पूरन माना। जनम जलधि तारन दिढ जाना।।
परम प्रकासक आपु प्रकासू। इदमित्थं कहि जाइ न जासू।।
जोगी जिन्ह कर ध्यान लगाहीं। सो सिव जोगिन्ह अन्तर माँहीं।।
कइसे जग मँह संभु जनाई। दया करइ गुरु देइ लखाई।।
ब्रम्हा बिस्नु सकल दिसि धावा। जोतिलिंग कै पार न पावा।।
पूरब कथा प्रसंग मनीसा। आदि अंत कोउ पाव न ईसा।।
थके देव पर सके न जाना। पुनि तेहि कवन जान परिमाना।।

दोहा - **बहुत बड़ाई का करौं नहिं अस कीन्हे लाभ।**
लिंग सनातन ब्रम्ह पुनि जस नरियर मँह डाभ।।298।।
जानि अनन्त अनादि सिव रहहिं जोगिजन ध्याय।
पासबंध निरमुकुत होइ तेहि मँह जाहिं समाय।।299।।

चौपाई - अरघा परम सक्ति कहि जाई। सिव परतच्छ लिंग मुनिराई।।
समाजोग सिवसक्ति अनूपा। बिस्वलिंग कहि जाइ सरूपा।।
ब्रम्हा आदि सकल सुर राया। सौनकादि मुनि ग्यान निकाया।।
सिवलिंगार्चन करि सबु काहू। कीन्हेउ तँह निज निज पद लाहू।।
इहाँ रचिउ नहिं संसय आना। बिस्वाधिप परमेस सुजाना।।
सिद्ध सुभाउज भाउ सरूपा। लिंग मूर्ति कँह अमल अनूपा।।

विश्वाधिपत्वमीशस्य लिङ्गमूर्तेः स्वभावजम्।
अनन्यदेवसादृश्यं श्रुतिराह सनातनी।।३४।।

गुरुशिष्यसमारूढलिङ्गमाहात्म्यसम्पदः ।
सर्वं चिद्रूपविज्ञानाज्जङ्गमाधिक्यमुच्यते।।३५।।

जानन्त्यतिशयाद् ये तु शिवं विश्वप्रकाशकम्।
स्वस्वरूपतया ते तु जङ्गमा इति कीर्तिताः।।३६।।

ये पश्यन्ति जगज्जालं चिद्रूपं शिवयोगतः।
निर्धूतमलसंस्पर्शास्ते स्मृताः शिवयोगिनः।।३७।।

घोरसंसारतिमिरपरिध्वंसनकारणम्।
येषामस्ति शिवज्ञानं ते मताः शिवयोगिनः।।३८।।

जितकामा जितक्रोधा मोहग्रन्थिविभेदिनः।
समलोष्टाश्मकनकाः साधवः शिवयोगिनः।।३९।।

समौ शत्रौ च मित्रे च साक्षात्कृतशिवात्मकाः।
निस्पृहा निरहंङ्कारा वर्तन्ते शिवयोगिनः।।४०।।

दुर्लभं हि शिवज्ञानं दुर्लभं शिवचिन्तनम्।
येषामेतद्द्वयं चास्ति ते हि साक्षाच्छिवात्मकाः।।४१।।

पादाग्ररेणवो यत्र पतन्ति शिवयोगिनाम्।
तदेव सदनं पुण्यं पावनं गृहमेधिनाम्।।४२।।

एहि सम नहिं कोउ जगत नियंता। बेद सास्त्र सबु फुरइ भनन्ता।।

दोहा - **लिंग महातम संपदा गुरहि सिष्य बिच बाढ़।**
तेहि ते चित बिग्यान जुत जंगम महिमा गाढ़।।300।।

चौपाई - बिस्व प्रकासक सिव जे जानहिं। अतिसय हेरि हरहि पहिचानहिं।।
पुनि तस आतम रूप बनावहिं। ते जन जंगम लिंग कहावहिं।।
जे सिवजोग दृष्टिगत कीन्हा। जगत जाल चिदरूपहि चीन्हा।।
जेहि मँह मलहु छुआती नाहीं। ते जन सिवजोगी कहि जाहीं।।
जेहि उर बसइ परम सिवग्याना। घोर तिमिर भव रूप नसाना।।
सैव सास्त्र तेहि अति सन्मानी। सिवजोगी कहि जाइ सो ग्यानी।।
अति बिसिष्ट सिवजोगी होई। धन्न भाग जो जानै सोई।।

दोहा - **काम क्रोध अति प्रबल अरि जितै ताहि जो बीर।**
मोह पास कँह गाँठि पुनि करै टूक गंभीर।।301।।
जस माटी तस पाहनउ तैसइ सोना हीर।
लोभ नाग जेहि नहिं डँसइ सो सिवजोगी धीर।।302।।

चौपाई - सत्रु मित्र जेहि एक समाना। सिव साक्षात मिलेउ ब्रत ठाना।।
सिव संकल्पमना जे आही। जेहि भौतिक जगु कछु नहिं चाही।।
जो निस्पृह अरु निरहंकारा। सरल सहज जेहि कर ब्यवहारा।।
जो न भयउ कबहूँ भवरोगी। सोइ कहावत हौ सिव जोगी।।
अति दुरलभ जानहु सिवग्याना। ताते पुनि दुर्लभ सिवध्याना।।
ई दुनहुँ जिन्ह कीन्ह सुपासा। तेहि अन्तर सिव करहिं निवासा।।

दोहा - **सिव जोगिन्ह कै चरन रज जहाँ परइ जिसु गेह।**
सदन सो पुन्य गिरहस्थ कै पावन बरसै नेह।।303।।

चौपाई - जो सिव जोगी दरसन पावै। तेहि दिग सकल सिद्धि चलि आवै।।
जेहि सिव जोगी परस सुहाई। अमित पाप तेहि छनहि नसाई।।

सर्वसिद्धिकरं पुंसां दर्शनं शिवयोगिनाम्।
स्पर्शनं पापशमनं पूजनं मुक्तिसाधनम्।।४३।।

महतां शिवतात्पर्यवेदिनामनुमोदिनाम्।
किं वा फलं न सिद्ध्येत सम्पर्काच्छिवयोगिनाम्।।४४।।

गुरोर्लिङ्गस्य माहात्म्यकथनाच्छिवयोगिनाम्।
सिद्धं भक्तस्य माहात्म्यं तथाप्येष प्रशस्यते।।४५।।

ये भजन्ति महादेवं परमात्मानमव्ययम्।
कर्मणा मनसा वाचा ते भक्ता इति कीर्तिताः।।४५।।

दुर्लभा हि शिवे भक्तिः संसारभयतारिणी।
सा यत्र वर्तते साक्षात् स भक्तः परिगीयते।।४७।।

किं वेदैः किं ततः शास्त्रैः किं यज्ञैः किं तपोव्रतैः।
नास्ति चेच्छाङ्करी भक्तिर्देहिनां जन्मरोगिणाम्।।४८।।

शिवभक्तिविहीनस्य सुकृतं चापि निष्फलम्।
विपरीतफलं च स्याद् दक्षस्यापि महाध्वरे।।४९।।

अत्यन्तपापकर्मापि शिवभक्त्या विशुद्ध्यति।
चण्डो यथा पुरा भक्त्या पितृहाऽपि शिवोऽभवत्।।५०।।

सुकृतं दृष्कृतं वापि शिवभक्तस्य नास्ति हि।
शिवभक्तिविहीनानां कर्मपाशनिबन्धनम्।।५१।।

जो सिव जोगिहि पूजन करई। मुकुत होइ भव बन्ध न परई।।
सिव रहस्य ग्याता बिग्यानी। सिव सरूप सुख रमन अमानी।।
अति महान सिवजोगी होई। तेहि संपरक सकल सिधि होई।।
का न मिलइ सिव कृपा बिलासा। पूरन होइ अखिल अभिलाषा।।

दोहा - गुरु सिव जोगी लिंग कँह महिमा किए बखान।
भगत महातम सिद्ध भा पुनरपि लीजिअ जान॥304॥

चौपाई - परमात्मा अब्यय अबिनासी। महादेव नित भजहिं उदासी।।
मन बानी अरु करम सहाई। महादेव जे भजहिं सुहाई।।
ते सिव भगत बिदित जग माँहीं। देखि देखि सबु देव सिहाहीं।।
जग दुरलभ सिव भगति पुनीता। भव भय तारन करइ सुभीता।।
सोइ भगति जाके उर आई। लच्छन सबु परतच्छ लखाई।।
सो सिव भगत न संसय कोई। नित प्रसाद जुत सोक बिगोई।।

दोहा - यहु संसार असार पुनि भगति एक बस सार।
सोउ भगति जदि संभु मँह होइ जगत निस्तार॥305॥

चौपाई - बेद सास्त्र सों बनी न बाता। जग्य बरत तप निष्फल ताता।।
जौं सिव भगति न उर मँह आनी। भवरोगिन्ह गति जाइ न जानी।।
जे मानुस सिव भगति बिहीना। तासु पुन्य निहिचय फल हीना।।
देखहु दच्छ प्रजेस प्रतापी। सोउ सिव बिमुख भयउ संतापी।।
महाजग्य भरि दर्प रचावा। निज दुष्करम बिसम फलु पावा।।
दुरगति लह सिव भगति बिहीना। जग्य बिधंस संभु गन कीना।।
सो सबु कथा सकल जग जाना। अन्त दच्छ कँह बिपति निधाना।।
जो अति पाप करम कर कोई। सोउ सिवभगति सों पावन होई।।

दोहा - चण्ड चण्डकरमा परम पितहि बधेउ बरिआइ।
पुनि अपनायउ सिव भगति जो तेहि सिवहि बनाइ॥306॥

चौपाई - पाप पुन्य सिव भगत समाना। करमलेस तेहि छुअत न आना।।
जे सिवभगति बिमुख नर मंदा। बाँधइ तेहि करम कै फंदा।।

शिवाश्रितानां जन्तूनां कर्मणा नास्ति सङ्गमः।
वाजिनां दिननाथस्य कथं तिमिरजं भयम्।।५२।।

निरोद्धुं न क्षमं कर्म शिवभक्तान् विशृङ्खलान्।
कथं मत्तगजान् रुन्धेच्छृङ्खला बिसतन्तुजा।।५३।।

ब्राह्मणः क्षत्रियो वापि वैश्यो वा शूद्र एव वा।
अन्त्यजो वा शिवे भक्तः शिववन्मान्य एव सः।।५४।।

शुद्धा नियमसंयुक्ताः शिवार्पितफलागमाः।
अर्चयन्ति शिवं लोके विज्ञेयास्ते गणेश्वराः।।५६।।

गुरुलिङ्गादिमाहात्म्यबोधान्वेषणसङ्गतः।
सर्वात्मना शिवापत्तिः शरणस्थानमुच्यते।।५७।।

ब्रह्मादिविबुधान् सर्वान् मुक्त्वा प्राकृतवैभवान्।
प्रपद्यते शिवं यत्तु शरणं तदुदाहृतम्।।५८।।

शरण्यः सर्वभूतानां शङ्करः शशिशेखरः।
सर्वात्मना प्रपन्नस्तं शरणागत उच्यते।।५९।।

विमुक्तभोगलालस्यो देवतान्तरनिस्पृहः।
शिवमभ्यर्थयन् मोक्षं शरणार्थीति गीयते।।६०।।

ये प्रपन्ना महादेवं मनोवाक्कायकर्मभिः।
तेषां तु कर्मजातेन किं वा देवादितर्पणैः।।६१।।

सिव भरोस जे रहहिं सदाई। करम रहइ तेहि जीव बिहाई।।
नहिं सिव भगत लहहिं फल भोगा। सिव भगतहि न ब्याप भवरोगा।।
कहहु कि कबहुँ तिमिर भय होई। जे दिनकर रथ धावहिं ढोई।।
रबि प्रकास घन अंध हेराहीं। सैव भगत सों करम डेराहीं।।

दोहा - **सैव भगत बंधन रहित करम न डारहिं फंद।**
बाँधि सकहिं बिसतंतु कस कबहुँ कि मत्त गयंद॥307॥

चौपाई - सूद्र होउ वा बिप्र कुलीना। खत्तिअ अथवा बनिज प्रबीना।।
अन्त्यज अथवा कोउ होउ मनई। जदि सिव भगति सदा उर धरई।।
सो सबु सिव सम संसय नाहीं। सबु आदर भाजन कहि जाहीं।।
जेहि मँह सिव कै भगति समाई। सैव सरन जाकी परिछाई।।
तेहि मँह भेद करिअ नहिं ताता। जाति कलपना केतिक बाता।।
अगिनि जराइ करइ जिन्ह छारा। तिन्ह इंधन मँह कवन बिचारा।।

दोहा - **दीच्छा सों परिसुद्ध नित संजम नियम समेत।**
अर्चन ते जो फल लहै सिव अर्पित बिनु हेत॥308॥
अइसे जन इहलोकु मँह अर्चहिं सिव निहकाम।
ताहि गनेस्वर जानिअत बसहिं सदा सिवधाम॥309॥

चौपाई - गुरु लिंगादि महातम ग्याना। सतत खोजि कर सरबस जाना।।
सहित ग्यान सिव सरन जवाई। पुन्य सरन थल सो कहि जाई।।
ब्रम्हा बिस्नु आदि सुर जेते। सहित प्रकृति बैभव तजि ते ते।।
जे आवइ महेस सरनाई। सैव मते सो सरन कहाई।।
महादेव ससिमौलि सुहावा। देहिं अभय जो सरनहिं आवा।।
जीव सरन जावै सबु भाँती। सरनागत गति तासु कहाती।।

दोहा - **भोगलालसा रहित जो इतरदेव नहिं प्रीति।**
सिव सों माँगत मुकुति नर आरत भव कँह भीति॥310॥

चौपाई - सरनारथी सो जीव कहावा। सिव कृपालु निज धाम पठावा।।
जे सुचि मनहिं बचन अरु करमा। सिव सरनागत होंहिं सुधरमा।।
तिन्ह जागादि करम का कीन्हें। देव पितर तरपन जल दीन्हें।।

सर्वेषामपि यज्ञानां क्षयः स्वर्गः फलायते।
अक्षयं फलमाप्नोति प्रपन्नः परमेश्वरम्।।६२।।

प्रपन्नपारिजातस्य भवस्य परमात्मनः।
प्रपत्त्या किं न जायेत पापिनामपि देहिनाम्।।६३।।

प्रपन्नानां महादेवं परिपक्वान्तरात्मनाम्।
जन्मैव जन्म नान्येषां वृथा जननसङ्गिनाम्।।६४।।

दुर्लभं मानुषं प्राप्य जननं ज्ञानसाधनम्।
ये न जानन्ति देवेशं तेषामात्मा निरर्थकः।।६५।।

तत्कुलं हि सदा शुद्धं सफलं तस्य जीवितम्।
यस्य चित्तं शिवे साक्षाद् विलीनमबहिर्मुखम्।।६६।।

गुरुलिङ्गादिमाहात्म्यविशेषानुभवस्थितिः।
यस्माच्छिवप्रसादात् स्यात्तदस्य महिमोच्यते।।६७।।

सदा लिङ्गैकनिष्ठानां गुरुपूजानुषङ्गिणाम्।
प्रपन्नानां विशुद्धानां प्रसीदति महेश्वरः।।६८।।

प्रसादोऽपि महेशस्य दुर्लभः परिकीर्त्यते।
घोरसंसारसन्तापनिवृत्तिर्येन जायते।।६९।।

यज्ञास्तपांसि मन्त्राणां जपश्चिन्ता प्रबोधनम्।
प्रसादार्थं महेशस्य कीर्तितानि न संशयः।।७०।।

सरग कामु सबु जग्य कराहीं। तेहि फल जीव सरग पद जाहीं।।
जथा जग्य फल संचित गोई। भोग किए तस खीनहु होई।।
जग्य सरग फल नित छयसीला। पुनि आवइ नर करि सुरलीला।।
जो परमेस्वर सरनहि गहई। पाइ अछय फल निरभय रहई।।
संभु कलपतरु ताहि समाना। जाइ सरन सिव जो तजि माना।।

दोहा - **पापिहु होइ प्रपन्न जौ आरत सिव पद कंजु।**
का न मिलइ तेहि जीव कौ सकल अजाचित मंजु॥311॥

चौपाई - सुद्ध हृदय अति निहछल भावा। जो महेस कँह सरनहि आवा।।
तेहि कर जनम जनम कहि जाई। अउर जनम नर बृथा गँवाई।।
साधन भूत ग्यान कँह द्वारा। दुरलभ पाइ जनम संसारा।।
जे नर नहिं जानहिं देवेसा। जनम अकारथ भवन कलेसा।।
धन्न धन्न कुल बंस बड़ाई। सो कुटुंब अति सुद्ध कहाई।।
जनम सुआरथ तेहि नर माना। जीवन सफल अचिन्त प्रमाना।।

दोहा - **चित्त जासु साच्छात नित सिव सरूप मँह लीन।**
अनत देव रति करन कहुँ नहिं बाहेरमुँह कीन॥312॥

चौपाई - सिव प्रसाद कारन अनुभूता। गुरु लिंगादि महातम पूता।।
सिव प्रसाद कँह महिमा सोई। एहि अमान्य करि सकै न कोई।।
करि निष्ठा लिंगाश्रय रहहीं। गुरुपूजा तत्पर अनुसरहीं।।
सिव सरनागत परम बिसुद्धा। तेहि पर रुद्र कबहुँ नहिं क्रुद्धा।।
सैव सुपंथ भगति रुचि आनी। सदा प्रसन्न महेस भवानी।।
सिव प्रसाद दुर्लभ कहि जाई। जेहि ते भव संताप नसाई।।

दोहा - **प्रबल जगत परिताप त्रय जेहि बिनु होइ न नास।**
सो प्रसन्नता संभु कै नहिं बिनु कठिन प्रयास॥313॥

चौपाई - सिव सेवा लगि नर तनु पाई। करु प्रसन्न तेहि कोटि उपाई।।
तिन्हहिं प्रसादन साधन नाना। बेद सास्त्र सबु भूरि बखाना।।
मंत्र जाप तप जग्य बिधाना। चिंतन ध्यान प्रबोधन ग्याना।।
एहि सबु सों प्रसन्न सिव होऊ। इहाँ करउ नहिं संसय कोऊ।।

प्रसादमूला सर्वेषां भक्तिरव्यभिचारिणी।
शिवप्रसादहीनस्य भक्तिश्चापि न सिद्ध्यति।।७१।।

गर्भस्थो जायमानो वा जातो वा ब्राह्मणोऽथवा।
अन्त्यजो वापि मुच्येत प्रसादे सति शाङ्करे।।७२।।

ब्रह्माद्या विबुधाः सर्वे स्वस्वस्थाननिवासिनः।
नित्यसिद्धा भवन्त्येव प्रसादात् पारमेश्वरात्।।७३।।

प्रसादे शाम्भवे सिद्धे परमानन्दकारणे।
सर्वं शिवमयं विश्वं दृश्यते नात्र संशयः।।७४।।

संसारचक्रनिर्वाहनिमित्तं कर्म केवलम्।
प्रसादेन विना शम्भोर्न कस्यापि निवर्तते।।७५।।

बहुनात्र किमुक्तेन नास्ति नास्ति जगत्त्रये।
समानमधिकं चापि प्रसादस्य महेशितुः।।७६।।

शिवप्रसादे सति योगभाजि
सर्वं शिवैकात्मतया विभाति।
स्वकर्ममुक्तः शिवभावितात्मा
स प्राणलिङ्गीति निगद्यतेऽसौ।।७७।।

ॐ तत्सदिति श्रीशिवगीतेषु सिद्धान्तागमेषु शिवाद्वैतविद्यायां शिवयोगशास्त्रे श्रीरेणुकागस्त्यसंवादे वीरशैवधर्मनिर्णये श्रीशिवयोगिशिवाचार्यविरचिते श्रीसिद्धान्तशिखामणौ प्रसादिस्थले प्रसादिस्थलादिसप्तविधस्थलप्रसङ्गो नामैकादशः परिच्छेदः ।।११।।

जदि महेस परसन्न न होंहीं। भगति आपनी कबहुँ न देहीं।।
एक निष्ठ जो भगति कहाई। निहिचय सिव प्रसाद सो आई।।

दोहा - **सिव प्रसाद बिनु जगत मँह भगति न पावइ कोउ।**
जबुहि संभु किरिपा मिलै भगति सिद्ध तबु होउ।।314।।

चौपाई - गरभ रहै सिसु निज महतारी। अथवा प्रसव होउ अबिकारी।।
जनम लेइ नर जीवन धरई। बाभन होउ अन्त्यज वा मनई।।
जदि तेहि पै प्रसन्न सिव होई। मुकुत होइ संसय नहिं कोई।।
ब्रम्हा आदि सकल सुरजूथा। बसहिं थान निज सहित बरूथा।।
परमेस्वर प्रसाद बल भारी। नित्य सिद्ध तेहि करहिं पुरारी।।
परमानन्द सकल सुख मूला। संभु प्रसाद सिद्ध अनुकूला।।

दोहा - **परइ दिखाई बिस्व यहु सिवमय ओरहि छोर।**
सिद्ध भए सिव कृपा कँह संसय गयउ पछोर।।315।।

चौपाई - करम निमित्त मात्र कहलाई। जेहि संसार चक्क घुमराई।।
बिना करम कइसे निरबाहा। भवसागर कौ केतिक थाहा।।
काहू कऽ करम टरइ नहिं टारे। केवल संभु प्रसाद निबारे।।
बहुत कहौं का करौं बड़ाई। एहि ते कवन लाभु अधिकाई।।
एतना कहब बहुत करि जाना। नहि कछु संभु प्रसाद समाना।।
तीनउँ भुवन मध्य कछु नाहीं। सिव प्रसादु सों जे अधिकाहीं।।

छन्द - लहि संभु प्रसादा गत अवसादा बिगत मोह मद सूला।
सबु सिवमय भावा बिस्व बनावा सकल ताप दुःख भूला।।
जे सिवसंकल्पा रहित बिकल्पा करम बंध छुटि जाई।
तेहि कर सिव अंगी सो प्रानलिंगी प्रनत प्रपन्न कहाई।।

दोहा - **एहि बिधि बरनेउँ सैवमत थल प्रसादि कँह सात।**
कहत सुनत समुझत भगत करम मुकुत ह्वै जात।।316।।

।।श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस मँह ग्यारहवाँ परिच्छेद समाप्त।।

अथ

श्रीसिद्धान्तशिखामणिः

द्वादशः परिच्छेदः

अगस्त्य उवाच —

भक्तो माहेश्वरश्चेति प्रसादीति निबोधितः।
एक एव कथं चैव प्राणलिङ्गीति कथ्यते।।१।।

रेणुक उवाच —

भक्तो माहेश्वरश्चैष प्रसादीति च कीर्तितः।
कर्मप्राधान्ययोगेन ज्ञानयोगोऽस्य कथ्यते।।२।।

लिङ्गं चिदात्मकं ब्रह्म तच्छक्तिः प्राणरूपिणी।
तद्रूपलिङ्गविज्ञानी प्राणलिङ्गीति कथ्यते।।३।।

प्राणलिङ्गिस्थलं चैतत् पञ्चस्थलसमन्वितम्।
प्राणलिङ्गिस्थलं चादौ प्राणलिङ्गार्चनं ततः।।४।।

शिवयोगसमाधिश्च ततो लिङ्गनिजस्थलम्।
अङ्गलिङ्गिस्थलं चाथ क्रमादेषां भिदोच्यते।।५।।

प्राणापानसमाघातात् कन्दमध्याद्यदुत्थितम्।
प्राणलिङ्गं तदाख्यातं प्राणापाननिरोधिभिः।।६।।

प्राणो यत्र लयं याति भास्करे तुहिनं यथा।
तत्प्राणलिङ्गमुद्दिष्टं तद्धारी स्यात् तदाकृतिः।।७।।

।।ॐ नमः शिवाय।।

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस

बारहवाँ परिच्छेद

चौपाई - एतना सुनि बोलेउ मुनिराया। मो पर करहु गनेस्वर दाया।।
संका एकु चित्त मँह आई। गननायक मोंहि कहहु बुझाई।।
भगत माहेस्वर एकु कहावा। सोइ परसादी यहु समुझावा।।
पुनि सोइ प्रानलिंगि कहि जाई। कइसे एकहि कहहु सुझाई।।
रेनुक बोलेउ गिरा गँभीरा। सुनहु महा रिसि उर धरि धीरा।।
जोइ माहेस्वर सोइ प्रसादी। नहिं प्रसंगु यहु कतहुँ बिबादी।।
इहाँ न कोऊ अंतर राखा। करम प्रधान जोग सों भाखा।।

दोहा - करम जोग प्राधान्य ते ऊपर दूनहुँ नाउँ।
ग्यान जोग अबु सुनहु मुनि जेहि ते तीसर नाउँ।।317।।

चौपाई - लिंग चिदात्मक ब्रम्ह कहाई। सक्ति जासु पुनि प्रान रूपाई।।
रूप बिसेस लिंग जो जाना। प्रानलिंगि तेहि सास्त्र बखाना।।
प्रानलिंगि थल कहहिं सुजाना। इहाँ पाँच थल सामिल माना।।
पहिला प्रानलिंगि थल तत्पर। प्रानलिंग अरचन थल दूसर।।
तीसर कह सिवजोग समाधी। चउथा लिंग नैज थल साधी।।
पाँचवँ अंगलिंगि थल माना। एहि क्रम इन्ह कर भेद बखाना।।

दोहा - प्रानापान दुहूँ मिलि करहिं मध्य आघात।
तेहि कारन उठि कन्द ते जोति फुरइ आपात।।318।।

चौपाई - प्रानापान निरोध प्रवीना। जोगी जन महेस मँह लीना।।
अन्तरनयन जोति तेहि गहहीं। प्रानलिंग पुनि संग्या करहीं।।
पाला जस दिनकरहि समाई। परम ब्रम्हमय सिवलिंग आई।।

ज्ञानिनां योगयुक्तानामन्तः स्फुरति दीपवत्।
चिदाकारं परब्रह्मलिङ्गमज्ञैर्न भाव्यते।।८।।

अन्तःस्थितं परं लिङ्गं ज्योतीरूपं शिवात्मकम्।
विहाय बाह्यलिङ्गस्था विमूढा इति कीर्तिताः।।९।।

संविल्लिङ्गपरामर्शी बाह्यवस्तुपराङ्मुखः।
यः सदा वर्तते योगी प्राणलिङ्गी स उच्यते।।१०।।

मायाविकल्पजं विश्वं हेयं सञ्चिन्त्य नित्यशः।
चिदानन्दमये लिङ्गे विलीनः प्राणलिङ्गवान्।।११।।

सत्ता प्राणमयी शक्तिः सद्रूपं प्राणलिङ्गकम्।
तत्सामरस्यविज्ञानात् प्राणलिङ्गीति कथ्यते।।१२।।

अन्तर्गतं चिदाकारं लिङ्गं शिवमयं परम्।
पूज्यते भावपुष्पैर्यत् प्राणलिङ्गार्चनं हि तत्।।१३।।

अन्तःपवनसंस्पृष्टे सुसूक्ष्माम्बरशोभिते।
मूर्धन्यचंद्रविगलत्सुधासेकातिशीतले ।।१४।।

बद्धेन्द्रियनवद्वारे बोधदीपे हृदालये।
पद्मपीठे समासीनं चिल्लिङ्गं शिवविग्रहम्।।
भावयित्वा सदाकालं पूजयेद् भाववस्तुभिः।।१५।।

जासु प्रान तँह सहज समाना। प्रानलिंग तेहि कहहिं सुजाना।।
प्रानलिंग धारन जो करई। प्रानलिंगि तेहि सबु जन कहई।।
बिना तेल दीया अरु बाती। प्रानलिंग दियना दिन राती।।

दोहा - फुरइ निरंतर जोगिजन ग्यानी गुहा प्रकास।
परब्रम्ह चिद्रूप सो मूरख नहिं आभास॥319॥

चौपाई - अंतर थित सो जोति सुहाई। परम लिंग सिवरूप बिहाई।।
बाह्य लिंग दिढ़ आस्था करहिं। ते अति मूढ़ सास्त्र सबु कहहीं।।
संबित् लिंग धरइ नित ध्याना। बाहिर बस्तु देइ नहिं काना।।
निसपरपंच करइ ब्यौहारा। प्रानलिंगि सो जोगि उदारा।।
माया कँह गुन भेद अपारा। तेहि ते प्रगट सकल संसारा।।
अइसन समुझि हेय तेहि ग्यानी। नित्य बिचार करइ जो प्रानी।।

दोहा - चिदानन्दमय लिंग मँह रहइ निरंतर लीन।
प्रानलिंगि तेहि जानिए जोगी परम प्रबीन॥320॥

चौपाई - सत्ता जो अस्तित्व समानी। प्रान मयी सो सक्ति बखानी।।
प्रानलिंग सो सिव सद्रूपा। अमल अनंत अखंड अनूपा।।
दुहुँ सुठि समरसता जो जानी। प्रानलिंगि सोई बिग्यानी।।
हिरदै पुण्डरीक सुभ साजा। तेहि मँह चिन्मय जोति बिराजा।।
प्रानलिंग सिवमय सोइ सोहा। बाह्य लिंग सबु कीन्ह अपोहा।।
भावकुसुम पूजै तेहि जोई। प्रानलिंग अरचन कह सोई।।

दोहा - प्रानवायु कर ब्यजन नित भाव सुरभि अनुकूल।
सोभित अंबर पट धरे अति तनु मृदुल दुकूल॥321॥
मौलिचन्द अमरित झरत होत सदा अभिसेक।
तुहिन किरन सीतल करत भूषन लसत अनेक॥322॥

चौपाई - इंद्रिन्ह सों नौ बन्हा दुआरा। बोध दिया हिरदै उजिआरा।।
पदुम पीठ तँह सोहइ कैसे। रतन दीप जगमग नभ जैसे।।
तेहि पर चिन्मय लिंग बिराजा। महाजोति जोतिन्ह कर राजा।।

क्षमाऽभिषेकसलिलं विवेको वस्त्रमुच्यते।
सत्यमाभरणं प्रोक्तं वैराग्यं पुष्पमालिका।।१६।।

गन्धः समाधिसम्पत्तिरक्षता निरहङ्कृतिः।
श्रद्धा धूपो महाज्ञानं जगद्भासि प्रदीपिका।।१७।।

भ्रान्तिमूलप्रपञ्चस्य निवेद्यं तन्निवेदनम्।
मौनं घण्टापरिस्पन्दस्ताम्बूलं विषयार्पणम्।।१८।।

विषयभ्रान्तिराहित्यं तत्प्रदक्षिणकल्पना।
बुद्धेस्तदात्मिका शक्तिर्नमस्कारक्रिया मता।।१९।।

एवंविधैर्भावशुद्धैरुपचारैरदूषितैः ।
प्रत्युन्मुखमना भूत्वा पूजयेल्लिङ्गमान्तरम्।।२०।।

अन्तःक्रियारतस्यास्य प्राणलिङ्गार्चनक्रमैः।
शिवात्मध्यानसम्पत्तिः समाधिरिति कथ्यते।।२१।।

सर्वतत्त्वोपरि गतं सच्चिानन्दभासुरम्।
स्वप्रकाशमनिर्देश्यमवाङ्मानसगोचरम्।।२२।।

उमाख्यया महाशक्त्या दीपितं चित्स्वरूपया।
हंसरूपं परात्मानं सोहंभावेन भावयेत्।।
तदेकतानतासिद्धिः समाधिः परमो मतः।।२३।।

सो सिव मूरति दिब्य अनूपा। कहि न सकहिं कबि कवनिउ रूपा।।
अस भावना करहिं सिव जोगी। सोचि न सकहिं कबहुँ भवरोगी।।
सुमिरि परम छबि ध्यान लगाई। भगत हृदय आवै अधिकाई।।

दोहा - **एहि बिधि नित करि भावना पूजइ लगन लगाइ।**
भावबस्तु सुचि सोधि कै अस्तुति माथ नवाइ।।323।।

चौपाई - छमा बिमल जल सों अभिसेका। बस्त्र रुचिर पुनि बनेउ बिबेका।।
आभूषन नित सत्य कहावा। पुहुपमाल बैराग्य बनावा।।
गंधद्रब्य संपत्ति समाधी। अच्छत निरहंकार सुसाधी।।
श्रद्धा धूप अनूप सुहावा। महाग्यान सुभ दीप जरावा।।
जो नित करै जगत उजियारा। अन्तःकरन प्रकास अपारा।।
मूल प्रपंचहि भरम निवेदन। सो सुस्वादु नैवेद्य समरपन।।
घंटानाद अउर अनुरनना। भगत मौन पूजा मँह बरना।।
जो मुखसुद्धि पूगफल पाना। बिसयार्पन कामादिक नाना।।

दोहा - **बिसयभरम कँह बारना लिंग प्रदच्छिन कल्प।**
बुद्धिलीनता लिंग मँह सबिधि प्रनाम अनल्प।।324।।

चौपाई - ए सबु भाव सुद्ध उपचारा। दूषनरहित अनेक प्रकारा।।
एहिबिधि गहि सबु पूजा साधन। अंतरमुख बनाइ आपन मन।।
पूजा करइ छाँड़ि आडम्बर। प्रानलिंग ज्योतिर्मय आन्तर।।
प्रानलिंग अरचन कँह करमा। आभ्यन्तर पूजा रत धरमा।।
आतमध्यान सिवात्मक सारा। मिलइ जो नित सम्पत्ति अपारा।।
सो समाधि सबु बिधि कहि जाई। प्रानलिंगि कै सदा सहाई।।
सबुहि परे जे तत्व छतीसा। सच्चिदादि भासुर जे ईसा।।
स्वयं प्रकास बिलच्छन धारा। मन बानी सीमा ते पारा।।

सोरठा - **उमा नाम बड़ सक्ति चित्स्वरूप जो कहि गई।**
करउ भगत अनुरक्ति जो दीपित ह्वै ताहि सों।।325।।

परब्रह्म महालिङ्गं प्राणो जीवः प्रकीर्तितः।
तदेकभावमननात् समाधिस्थः प्रकीर्तितः।।२४।।

अन्तः षट्चक्ररूढानि पङ्कजानि विभावयेत्।
ब्रह्मादिस्थानभूतानि भ्रूमध्यान्तानि मूलतः।।२५।।

भ्रूमध्यादूर्ध्वभागे तु सहस्रदलमम्बुजम्।
भावयेत्तत्र विमलं चन्द्रबिम्बं तदन्तरे।।२६।।

सूक्ष्मरन्ध्रं विजानीयात् तत्कैलासपदं विदुः।
तत्रस्थं भावयेच्छम्भुं सर्वकारणकारणम्।।२७।।

बहिर्वासनया विश्वं विकल्पार्थं प्रकाशते।
अन्तर्वासितचित्तानामात्मानन्दः प्रकाशते।।२८।।

आत्मारणिसमुत्थेन प्रमोदमथनात्सुधीः।
ज्ञानाग्निना दहेत्सर्वं पाशजालं जगन्मयम्।।२९।।

संसारविषवृक्षस्य पञ्चक्लेशपलाशिनः।
छेदने कर्ममूलस्य परशुः शिवभावना।।३०।।

अज्ञानराक्षसोन्मेषकारिणः संहृतात्मनः।
शिवध्यानं तु संसारतमसश्चण्डभास्करः।।३१।।

स्वान्तस्थशिवलिङ्गस्य प्रत्यक्षानुभवस्थितिः।
यस्यैव परलिङ्गस्य निजमित्युच्यते बुधैः।।३२।।

दोहा - हंसरूप परमातमा सोहं इति करि भाउ।
करै भावना ताहि सन निसिदिन थिरइ सुभाउ॥326॥
एकतानता सिद्ध करि बैठइ ध्यान लगाइ।
जोगी कँह थिति अचलु यहु परम समाधि कहाइ॥327॥

चौपाई - महालिंग परब्रम्ह कहावा। प्रान जीव मँह भेद न गावा।।
दूनहुँ एकु भाव जो माना। सो समाधि रत भगत सुजाना।।
जो साधक निज अन्तर भावइ। छह चक्रन पै पदुम सजावइ।।
मूलाधार भौंह बिच सोहैं। ब्रम्हा बिस्नु आदि तिन्ह रोहैं।।
भौंह बीच ऊपर थल पारा। करइ भावना कमल हजारा।।
तेहि भीतर ध्यावइ ससिमंडल। सीतल किरन मनोहर निरमल।।

दोहा - करै भावना छेद कँह तँह सूछम ससि बीच।
रंध्र बिन्दु कैलास पद लेत ध्यान जो खींच॥328॥
छिद्र बिन्दु कैलास पर संभु सदा आसीन।
जो कारन सबु कारनहु अस भावइ मतिलीन॥329॥

चौपाई - जे बाहेर बासना बिकासइ। तेहि बिकल्पजुत बिस्व प्रकासइ।।
अन्तर बासित चित्त लगाई। सिवानन्द मँह रहे लुभाई।।
सिवानन्द मंथन बुध करई। आतम अरनि निरन्तर मथई।।
तेहि ते ग्यान अगिनि प्रगटाई। जाल फंद भव देइ जराई।।
जगत जाल बिस बिरिछ समाना। पँच कलेस एहि पत्ता नाना।।
रागद्वेष अस्मिता अविद्या। अभिनिवेस पाँचहुँ नहिं हृद्या।।
करम मूल बिस बिरिछ कटाई। सिव भावना कुठार बनाई।।

दोहा - ढाँकि छिपावै आतमहि जो राच्छस अज्ञान।
आतुर ताहि बढ़ावन संसृति तमस महान॥330॥
ताहि निवारन हेतु अति प्रबल सतत सिवध्यान।
जो प्रचंड परतापजुत राजत सुरुज समान॥331॥

ब्रह्मविष्ण्वादयो देवाः सर्वे वेदादयस्तथा।
लीयन्ते यत्र गम्यन्ते तल्लिङ्गं ब्रह्म शाश्वतम्।।३३।।

चिदानन्दमयः साक्षच्छिव एव निरञ्जनः।
लिङ्गमित्युच्यते नान्यद् यतः स्याद्विश्वसंभवः।।३४।।

बहुनात्र किमुक्तेन लिङ्गमित्युच्यते बुधैः।
शिवाभिदं परं ब्रह्म चिद्रूपं जगदास्पदम्।।३५।।

वेदान्तवाक्यजां विद्यां लिङ्गमाहुस्तथापरे।
तदसज्ज्ञेयरूपत्वाल्लिङ्गस्य ब्रह्मरूपिणः।।३६।।

अव्यक्तं लिङ्गमित्याहुर्जगतां मूलकारणम्।
लिङ्गी महेश्वरश्चेति मतमेतदसङ्गतम्।।३७।।

न सूर्यो भाति तत्रेन्दुर्न विद्युन्न च पावकः।
न तारका महालिङ्गे द्योतमाने परत्मनि।।३८।।

ज्योतिर्मयं परं लिङ्गं श्रुतिराह शिवात्मकम्।
तस्य भासा सर्वमिदं प्रतिभाति न संशयः।।३९।।

लिङ्गान्नास्ति परं तत्त्वं यदस्माज्जायते जगत्।
यदेतद्रूपतां धत्ते यदत्र लयमश्नुते।।४०।।

तस्माल्लिङ्गं परं ब्रह्म सच्चिदानन्दलक्षणम्।
निजरूपमिति ध्यानात् तदवस्था प्रजायते।।४१।।

चौपाई - निज अन्तर सिवलिंग जे रहई। अनुभव स्वयं सतत जे करई।।
स्वात्मरूप अनुभव परलिंगा। प्रानलिंग बुध कह निजलिंगा।।
ब्रम्हा बिस्नु आदि सबु देवा। बेदादिक सद्ग्रंथहु जे बा।।
लीन भये जेहि मँह उपजाए। उहै लिंग बसि ब्रम्ह कहाये।।
चित् आनन्दस्वरूप निरंजन। सिव साच्छात् लिंग भवभंजन।।
सिवहि ब्रम्ह कोउ दूसर नाहीं। उपजै बिस्व लीन एहि माँही।।

दोहा - बहुत कहौं का इहाँ पुनि लिंग कहहिं बुध तेहि।
जो चिद्रूप सिवात्मक पर ब्रम्ह जग ठेहि।।332।।

चौपाई - अहइँ जे सैवेतर मतवादी। कहहिं बचन अस इहाँ प्रमादी।।
महावाक्य जे चार कहाहीं। बिसद प्रसिद्ध उपनिषद् माहीं।।
तिन्ह ते बोध होइ जो ज्ञाना। सोई लिंग बेदान्ती माना।।
पर तिन्ह कथन असङ्गत होई। ब्रम्ह तहाँ मन बानी गोई।।
इहाँ ब्रम्ह जो लिंग सरूपा। ग्येय सदा प्रत्यच्छ निरूपा।।
एहि बिधि ब्रम्ह अगोचर नाहीं। लिंग ब्रम्ह भ्रम भेद नसाहीं।।

दोहा - मूल हेतु संसार कँह लिंग एक अव्यक्त।
लिंगी नाम महेस्वर कहहिं ते ग्यानि असक्त।।333।।

चौपाई - मत यहु सदा असंगत होई। जड़ पुनि प्रकृति जान सबु कोई।।
सक्ति महेस्वर चेतन रूपा। सत्य सैव सिद्धान्त निरूपा।।
महालिंग जबु द्योतित होई। भुवन तमस सबु आपु बिगोई।।
नहिं तँह सूरज चंद प्रकासा। तारा अगिनि न तड़ित बिकासा।।
ज्योतिर्मय परलिंग कहावा। सोपि सिवात्मक अस श्रुति गावा।।
तेहि कँह दुति द्योतित संसारा। एहि मँह नहिं संदेह कबारा।।

दोहा - लिंग समान न बढ़ि कहूँ दूसर तत्व कि होउ।
एहि ते जग उद्भव सकल रूप धरइ लय सोउ।।334।।

चौपाई - एहि कारन सत चित आनन्दा। ब्रम्ह होइ परलिंग अमन्दा।।

ज्ञानमङ्गमिति प्राहुर्ज्ञेयं लिङ्गं सनातनम्।
विद्यते तद्द्वयं यस्य सोऽङ्गलिङ्गीति कीर्तितः।।४२।।

अङ्गे लिङ्गं समारूढं लिङ्गे चाङ्गमुपस्थितम्।
एतदस्ति द्वयं यस्य स भवेदङ्गलिङ्गवान्।।४३।।

ज्ञात्वा यः सततं लिङ्गं स्वान्तःस्थं ज्योतिरात्मकम्।
पूजयेद्भावयन्नित्यं तं विद्यादङ्गलिङ्गिनम्।।४४।।

ज्ञायते लिङ्गमेवैकं सर्वैः शास्त्रैः सनातनैः।
ब्रह्मेति विश्वधामेति विमुक्तेः पदमित्यपि।।४५।।

मुक्तिरूपमिदं लिङ्गमिति यस्य मनःस्थितिः।
स मुक्तो देहयोगेऽपि स ज्ञानी स महागुरुः।।४६।।

अनादिनिधनं लिङ्गं कारणं जगतामिह।
ये न जानन्ति ते मूढा मोक्षमार्गबहिष्कृताः।।४७।।

यः प्राणलिङ्गार्चनभावपूर्वैर्धर्मैरुपेतः शिवभावितात्मा।
स एव तुर्यः परिकीर्तितोऽसौ संविद्विपाकाच्छरणाभिधानः।।४८।।

ॐ तत्सदिति श्रीशिवगीतेषु सिद्धान्तागमेषु शिवाद्वैतविद्यायां
शिवयोगशास्त्रे श्रीरेणुकागस्त्यसंवादे वीरशैवधर्मनिर्णये
श्रीशिवयोगिशिवाचार्यविरचिते श्रीसिद्धान्तशिखामणौ
प्राणलिङ्गिस्थले प्राणलिङ्गिस्थलादिपञ्चविधस्थलप्रसङ्गो
नाम द्वादशः परिच्छेदः ।।१२।।

'सोइ निज रूप' ध्यान नित धरई। निजलिंगावस्था अनुसरई।।
ग्यानहिं आपनु अंग बनावा। ग्येय सनातन लिंग कहावा।।
एहि दूनउँ जानइ जे मनई। अंगलिंगि तेहि कँह सबु कहई।।
अंगहि लिंग लिंग मँह अंगा। जेहि कै होइ यहु ग्यान अभंगा।।
बीजांकुर निभ ग्यान जो पावै। अंगलिंग जुत सो हरषावै।।
सास्त्र महागुरु अनुभवद्वारा। जो नर निज अन्तर पैठारा।।
तँह ज्योतिर्मय लिंग निहारी। पूजइ करइ भावना भारी।।

दोहा - अंगिलिंगि श्रद्धा सहित तेहि कहैं सबु लोग।
परम सिद्ध सो सिव भगत करइ सुफल सबु भोग।।335।।

चौपाई - सकल सनातन सास्त्र सयाने। एकहि लिंग बिबिध बिधि माने।।
कोउ कह ब्रम्ह सच्चिदानन्दा। बिस्वधाम कोउ कहइ अमन्दा।।
कोउ कह परम मुकुति पद एहा। जेहि जस भावइ सहित सनेहा।।
मुकुतिसरूप लिंग यहु माना। अनुभव सहित दिढ़इ अनुमाना।।
जो यहु समुझइ धरे सरीरा। तेहि मुकुत मानहिं मतिधीरा।।
सोइ बड़ ग्यानी सतत सुजाना। महागुरू संजुत बिग्याना।।

दोहा - लिंग हेतु संसार कँह आदि अंत ते हीन।
मूढ़ जे अस नहिं जानहीं मोच्छ पंथ बहि खीन।।336।।

छन्द - जो भाव बनावा अरचि सुहावा प्रान लिंग नित पूजा।
अस धरम समेता भवभय जेता आतम सिव नहिं दूजा।।
जो नित अस भावइ तुरिअ कहावइ सगरों तासु बड़ाई।
संवित् परिपाका धरम पताका सो थल सरन कहाई।।

दोहा - प्रानलिंगि थल पाँचहूँ कहेउ इहाँ समुझाइ।
अन्त ग्यानपरिपाक ते थल सो सरन कहाइ।।337।।

।।श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस मँह बारहवाँ परिच्छेद समाप्त।।

अथ

श्रीसिद्धान्तशिखामणिः

त्रयोदशः परिच्छेदः

अगस्त्य उवाच —

माहेश्वरः प्रसादीति प्राणलिङ्गीति बोधितः।
कथमेष समादिष्टः पुनः शरणसंज्ञकः।।१।।

रेणुक उवाच —

अङ्गलिङ्गी ज्ञानरूपः सती ज्ञेयः शिवः पतिः।
यत्सौख्यं तत्समावेशे तद्वान् शरणनामवान्।।२।।

स्थलमेतत्समाख्यातं चतुर्धा धर्मभेदतः।
आदौ शरणमाख्यातं ततस्तामसवर्जनम्।।३।।

ततो निर्देशमुद्दिष्टं शीलसम्पादनं ततः।
क्रमाल्लक्षणमेतेषां कथयामि निशाम्यताम्।।४।।

सतीव रमणे यस्तु शिवे शक्तिं विभावयन्।
तदन्यविमुखः सोऽयं ज्ञातः शरणनामवान्।।५।।

परिज्ञाते शिवे साक्षात् को वाऽन्यमभिकाङ्क्षति।
निधाने महति प्रप्ते कः काचं याचतेऽन्यतः।।६।।

शिवानन्दं समासाद्य को वाऽन्यमुपतिष्ठते।
गङ्गामृतं परित्यज्य कः काङ्क्षेन्मृगतृष्णिकाम्।।७।।

॥ॐ नमः शिवाय॥

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस

तेरहवाँ परिच्छेद

चौपाई - प्रानलिंगि थल पाँचहु सुनेऊ। पुनि घटजोनि बचनु यहु कहेऊ।।
प्रानलिंगि माहेस्वर होई। सोइ परसादी कहु सबु कोई।।
ई दूनहुँ सरूप मोंहि भावा। सहित सनेहु आपु समझावा।।
केहि कारन सो सरन कहाई। रेनुक कहहु मोहिं समुझाई।।
तब रेनुक मन महुँ मुसकाना। रिसि अगस्ति चाहत सबु जाना।।
बोलेउ प्रगट सुधासम बानी। सुनहु महामुनि आतमग्यानी।।
सती अंगलिंगी सुभ ग्याना। तासु पती सिव ग्येय बखाना।।

दोहा - दूनहुँ मिलि समरस भये सौख्य परम जो होय।
अनुभव करै जो ताहि कौ सोइ सरन थल होय॥338॥

चौपाई - धरम भेद थल चार प्रकारा। बुधजन कहहिं सास्त्र अनुसारा।।
पहिल सरल पुनि तामस निरसन। पुनि निरदेस सील संपादन।।
लच्छन कहउँ जथाक्रम एहा। सुनिअ मुनीस जाइ संदेहा।।
पतिब्रता निज पति अनुसरई। तेहि मँह प्रीति भाव जस करई।।
तस जो प्रीति करइ सिव पाहीं। स्वयं सक्ति बनि कै मन माँहीं।।
अन्य देवता चित्त न धरई। बुध जन सरनवान तेहि कहई।।
सिव जेहि नित परतच्छ लखाई। सो कस आन देव ललचाई।।
जो पायो भरपूर खजाना। सो क्यों माँगे काँच कँचाना।।

संसारतिमिरच्छेदे विना शङ्करभास्करम्।
प्रभवन्ति कथं देवाः खद्योता इव देहिनाम्।।८।।

संसारार्तः शिवं यायाद् ब्रह्माद्यैः किं फलं सुरैः।
चकोरस्तृषितः पश्येच्चन्द्रं किं तारका अपि।।९।।

शिव एव समस्तानां शरण्यः शरणार्थिनाम्।
संसारोरगदष्टानां सर्वज्ञः सर्वदोषहा।।१०।।

शिवज्ञाने समुत्पन्ने परानन्दः प्रकाशते।
तदासक्तमना योगी नान्यत्र रमते सुधीः।।११।।

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन शङ्करं शरणं गतः।
तदनन्तसुखं प्राप्य मोदते नान्यचिन्तया।।१२।।

शिवासक्तपरानन्दमोदिना गुरुणा यतः।
निरस्यन्ते तमोभावाः स तामसनिरासकः।।१३।।

यस्य ज्ञानं तमोमिश्रं न तस्य गतिरिष्यते।
सत्त्वं हि ज्ञानयोगस्य नैर्मल्यं विदुरुत्तमाः।।१४।।

शमो दमो विवेकश्च वैराग्यं पूर्णभावना।
क्षान्तिः कारुण्यसम्पत्तिः श्रद्धा सत्यसमुद्भवा।।१५।।

दोहा - सिवानन्द कौ पाइ नर काहे अनत लुभाइ।
को चाहै मिगतृस्निका गंगामिरित बिहाइ॥339॥

चौपाई - जुगनू सरिस देव गन आहीं। तिन्ह बस भवतम छेदन नाहीं।।
प्रानिन्ह कर भव तिमिर बिनासा। को करि सक बिनु सिव रबि भासा।।
भवभय पीड़ित आरत प्रानी। संकर सरन जाउ हित मानी।।
ब्रम्हा आदि देव सरनाई। को फल लाभु न कछु समुझाई।।
चितव चकोर ससिहि जेहि भाँती। कबहुँ कि देखिअ तारक पाँती।।
सिव सर्वग्य दोसु सबु हन्ता। महादेव भरि भुवन नियन्ता।।

दोहा - एकहि संभु सरन्य तेहि डँसइ जेहि भव ब्याल।
जाहिं सरन संकर चरन किरपा पाइ निहाल॥340॥

चौपाई - पैदा होइ जबुहि सिवग्याना। परमानन्द प्रकास अमाना।।
तेहि मँह चित्त लगावइ जोगी। रमइ न अनत कहाइ न भोगी।।
तेहि ते बुध करि सकल प्रयासा। संकर सरन करहिं नित बासा।।
रह प्रसन्न सुख पाइ अनन्ता। आन देव कछु करइ न चिन्ता।।
सिव रति निरत अनन्द निधाना। जो गुरु लोक सास्त्र सन्माना।।
दूर करइ तम भाव अपारा। गुरु सोई तामस निस्तारा।।
तमस सबल जेहि कर श्रुत ग्याना। नहिं ताकर सद्गति निर्बाना।।
ग्यान जोग निरमलता हेतू। सत्व कहहिं सबु बुधजन केतू।।

दोहा - सम दम ध्यान अखंड नित बिसय विवेक विचार।
छमा सतत करुना विपुल श्रद्धा सत्य अधार॥341॥

शिवभक्तिः परो धर्मः शिवज्ञानस्य बान्धवाः।
एतैर्युक्तो महायोगी सत्त्विकः परिकीर्तितः।।१६।।

कामक्रोधमहामोहमदमात्सर्यवारणाः ।
शिवज्ञानमृगेन्द्रस्य कथं तिष्ठन्ति सन्निधौ।।१७।।

यत्र कुत्रापि वा द्वेष्टि प्रपञ्चे शिवरूपिणि।
शिवद्वेषी स विज्ञेयो रजसाविष्टमानसः।।१८।।

यो द्वेष्टि सकलान् लोकान् यो वाऽहङ्कुरुते सदा।
योऽसत्यभावानायुक्तः स तामस इति स्मृतः।।१९।।

तमोमूला हि सञ्जाता रागद्वेषादिपादपाः।
शिवज्ञानकुठारेण छेद्यन्ते हि निरन्तरम्।।२०।।

शिवज्ञाने समुत्पन्ने सहस्रादित्यसन्निभे।
कुतस्तमोविकाराः स्युर्महतां शिवयोगिनाम्।।२१।।

निराकृत्य तमोभागं संसारस्य प्रवर्तकम्।
निर्दिश्यते तु यज्ज्ञानं स निर्देश इति स्मृतः।।२२।।

गुरुदेव परं तत्त्वं प्रकाशयति देहिनाम्।
को वा सूर्यं विना लोके तमसो विनिवर्तकः।।२३।।

परम धरम सिव भगति पुनि ए साधन सिवग्यान।
महाजोगि इन दस गुनन परथित सत्व निधान॥342॥

चौपाई - काम कोह मद मोह अपारा। इरिषा डाह हस्ति परिवारा।।
इन्ह कर कतहुँ गन्ध नहिं होई। जँह सिवग्यान सिंह रह कोई।।
जँह सिवरूप प्रपंच देखाई। तँह कोउ द्वेष करइ हठि धाई।।
तेहि कर चित्त रजोगुन साना। सो सिव द्वेषी अधम कहाना।।
सबु लोगन्ह ते द्वेष जे करई। अहंकारबिष नित फुफकरई।।
जाहि झूठ अति लगइ पिआरा। तेहि जानहु तामस अन्हिआरा।।

दोहा - राग द्वेष आदिक बिरिछ तम सों उग चहुँ ओर।
कहहिं सदा सिवग्यान ते जो कुठार अति घोर॥343॥

चौपाई - जबु उतपन्न होइ सिवग्याना। जोति सहस मारतंड समाना।।
तबु सिवजोगि महा जे अहईं। तम बिकार तिन्ह कर कँह रहई।।
जेहि ते यहु संसार छछाई। प्रगट होइ पुनि आपु नसाई।।
सो तम मूल बिदित संसारा। करि तम भाग निराकृत सारा।।
पुनि निर्दिष्ट होइ जो ग्याना। बुध कह तेहि निर्देस सुजाना।।
परमतत्व ग्यानी गुरु होई। रहइ लोक चिंता मँह खोई।।
परम तत्व सो करइ प्रकासा। देइ ग्यान नर सहित हुलासा।।

दोहा - एहि असार संसार मँह गहन तिमिर चहुँ ओर।
सूरज बिनु कस तम कटै को जग करै अँजोर॥344॥

अन्तरेण गुरुं सिद्धं कथं संसारनिष्कृतिः।
निदानज्ञं विना वैद्यं किं वा रोगो निवर्तते।।२४।।

अज्ञानमलिनं चित्तदर्पणं यो विशोधयेत्।
प्रज्ञाविभूतियोगेन तमाहुर्गुरुसत्तमम्।।२५।।

अपरोक्षिततत्त्वस्य जीवन्मुक्तस्वभाविनः।
गुरोः कटाक्षे संसिद्धे को वा लोकेषु दुर्लभः।।२६।।

कैवल्यकल्पतरवो गुरवः करुणालयाः।
दुर्लभा हि जगत्यस्मिन् शिवाद्वैतपरायणाः।।२७।।

क्षीराब्धिरिव सिन्धूनां सुमेरुरिव भूभृताम्।
ग्रहाणामिव तिग्मांशुर्मणीनामिव कौस्तुभः।।२८।।

द्रुमाणामिव भद्रश्रीर्देवानामिव शङ्करः।
गुरुः शिवः परः श्लाघ्यो गुरूणां प्राकृतात्मनाम्।।२९।।

जिज्ञासा शिवतत्त्वस्य शीलमित्युच्यते बुधैः।
निर्देश्ययोगादार्याणां तद्वान् शीलीति कथ्यते।।३०।।

प्रपन्नार्तिहरे देवे परमात्मनि शङ्करे।
भावस्य स्थिरतायोगः शीलमित्युच्यते बुधैः।।३१।।

चौपाई - बिनु गुरु सिद्ध न जगत निकित्ती। जस बिनु बैद न रोग निवृत्ती।।
होइ निदान बैद के हाथे। भव छूटइ सद्गुरु के साथे।।
जो अज्ञानमलिन चितदर्पन। भसम लगाइ करइ नित घरसन।।
प्रग्या भसम सो निरमल करई। चित्तहु दर्पन बिसद चमकई।।
सो उत्तम गुरु सबु जग कहई। कीरति बिमल लोक तिहुँ लहई।।
तत्व लखइ परतच्छ दुरावा। जीवनमुकुत सुभाउ सुहावा।।
अस गुरु कृपा दृष्टि जे पाई। तेहि नहिं जग कछु दुर्लभताई।।

दोहा - देन मोच्छफल कलपतरु करुनासिंधु अपार।
सिवाद्वैत मँह लीन गुरु दुर्लभ एहि संसार॥345॥

चौपाई - छीरसिंधु सबु सागर माहीं। जस सुमेरु सबु भूधर माहीं।।
सबुइ ग्रहन मँह सुरुज समाना। कौस्तुभ जस बिच मनिगन नाना।।
सकल द्रुमन्ह मँह चंदन जइसे। सबु देवन्ह मँह संकर जइसे।।
तैइसइँ प्राकृत गुरुजन नाना। तँह सिवगुरु अति श्रेष्ठ बखाना।।
उत्तम गुरु उपदेस लगाई। होइ सतत सिवतत्व बड़ाई।।
सो सिवतत्व ग्यान अभिलाषा। बुधजन ताहि सील कहि राखा।।
जाके सील सतत संग रहई। अखिल लोक तेहि सीली कहई।।
अपर सील लच्छन बुध कहहीं। जे परमारथ रत नित अहहीं।।

दोहा - सरनागत आरति हरन सरन सुखद गलनील।
सिव मँह श्रद्धा भाव थिर अतिसय उत्तम सील॥346॥

चौपाई - सिव कँह एकमात्र बिज्ञाना। सिव कँह अचल निरन्तर ध्याना।।
सील सिवहि पावन उत्कंठा। सीलवान तँह निरत अकुंठा।।

शीलं शिवैकविज्ञानं शिवध्यानैकतानता।
शिवप्राप्तिसमुत्कण्ठा तद्योगी शीलवान् स्मृतः।।३२।।

शिवादन्यत्र विज्ञाने वैमुख्यं यस्य सुस्थिरम्।
तदासक्तमनोवृत्तिस्तमाहुः शीलभाजनम्।।३३।।

पतिव्रताया यच्छीलं पतिरागात् प्रशस्यते।
तथा शिवानुरागेण सुशीलोऽभक्त उच्यते।।३४।।

पतिं विना यथा स्त्रीणां सेवान्यस्य तु गर्हणा।
शिवं विना तथान्येषां सेवा निन्द्या कृतात्मनाम्।।३५।।

बहुनात्र किमुक्तेन शिवज्ञानैकनिष्ठता।
शीलमित्युच्यते सद्भिः शीलवांस्तत्परो मतः।।३६।।

शिवात्मबोधैकरतः स्थिराशयः शिवं प्रपन्नो जगतामधीशम्।
शिवैकनिष्ठाहितशीलभूषणः शिवैक्यवानेष हि कथ्यते बुधैः।।३७।।

ॐ तत्सदिति श्रीशिवगीतेषु सिद्धान्तागमेषु शिवाद्वैतविद्यायां शिवयोगशास्त्रे श्रीरेणुकागस्त्यसंवादे वीरशैवधर्मनिर्णये श्रीशिवयोगिशिवाचार्यविरचिते श्रीसिद्धान्तशिखामणौ शरणस्थले शरणस्थलादिचतुर्विधस्थलप्रसङ्गो नाम त्रयोदशः परिच्छेदः ।।१३।।

सिव ते अनत ग्यान नहिं चाही। थिर अस भाव सदा निर्बाही।।
मन कै बृत्ति सदा सिवसक्ता। भगति छाँड़ि नहिं कहुँ अनुरक्ता।।
सबु प्रपंचु ते बिरति दिढ़ाई। सो नर सीलवान कहि जाई।।
पतिबरता कँह सील सुहावा। पति अनुराग प्रसंसा पावा।।
तैंसइँ सिव अनुराग प्रभाऊ। नहिं सिवरतिहि सुसील बटाऊ।।
निज पति छाँड़ि सेव जो नारी। अन्य पुरुस अघ निन्दा भारी।।
तैसइ सिव तजि दूसर देवा। निन्दनीय जदि नर कर सेवा।।

दोहा - **बहुत कहे का लाभ इह एकनिष्ठ सिवग्यान।**
सील कहावै संत सों तत्पर सीली मान॥347॥

छन्द - केवल सिव बोधा जन अबिरोधा थिर आसय दिढ आना।
जो जगत नियन्ता पाप निहन्ता तेहि सिव सरन पयाना।।
निज सील बनावा साज सुहावा सिव प्रति प्रीति निहाई।
बुध सकल बिचारा सास्त्र दुआरा सो सिव एक कहाई।।

दोहा - **एकनिष्ठता ग्यान कँह सिव कै कह बुध लोग।**
जेहि जन मँह सो सील जुत तेहि न ब्याप भवरोग॥348॥

।।श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस मँह तेरहवाँ परिच्छेद समाप्त।।

अथ
श्रीसिद्धान्तशिखामणिः
चतुर्दशः परिच्छेदः

अगस्त्य उवाच —

तामसत्यागसम्बन्धान्निर्देशाच्छीलतस्तथा।
शरणाख्यस्य भूयोऽस्य कथमैक्यनिरूपणम्।।१।।

रेणुक उवाच —

प्राणलिङ्गादियोगेन सुखातिशयमेयिवान्।
शरणाख्यः शिवेनैक्यभावनादैक्यवान् भवेत्।।२।।

ऐक्यस्थलमिदं प्रोक्तं चतुर्धा मुनिपुङ्गव।
ऐक्यमाचारसम्पत्तिरेकभाजनमेव च।।
सहभोजनमित्येषां क्रमाल्लक्षणमुच्यते।।३।।

विषयानन्दकणिकानिःस्पृहो निर्मलाशयः।
शिवानन्दमहासिन्धुमज्जनादैक्यमुच्यते।।४।।

निर्धूतमलसम्बन्धो निष्कलङ्कमनोगतः।
शिवोऽहमिति भावेन निरूढो हि शिवैक्यताम्।।५।।

शिवेनैक्यं समापन्नश्चिदानन्दस्वरूपिणा।
न पश्यति जगज्जालं मायाकल्पितवैभवम्।।६।।

ब्रह्माण्डबुद्बुदोद्भेदविजृम्भी तत्त्ववीचिमान्।
मायासिन्धुर्लयं याति शिवैक्यवडवानले।।७।।

।।ॐ नमः शिवाय।।

श्रीसिद्धान्तसिखामनिमानस
चौदहवाँ परिच्छेद

चौपाई - पुनि जिग्यासु भयेउ घटजोनी। पूछेउ ऐक्य कवनबिधि होनी।।
तामस गुन कै कीन्हे त्यागा। ग्यान जोग निरदेस बिभागा।।
अबहिं जो सील कहेउ तेहि लागे। साधक सरन ऐक्य कस आगे।।
कीन्ह जो कुंभज प्रस्न सुहावा। सो रेनुक अतिसय मन भावा।।
बोलेउ गननायक सुचि बानी। सहित सनेह सैवमत ग्यानी।।
कुंभज जो उत्तर तुम्ह माँगा। प्रस्न तुम्हार मोंहि प्रिय लागा।।
रिसिबर सुनहु चित्त मन लाई। कहहुँ जथामति सकल बुझाई।।

दोहा - प्रानलिंग कँह ध्यान ते साधक अति सुख पाइ।
सरन सिवात्मक ऐक्य ते ऐक्यवान कहि जाइ।।349।।

चौपाई - हे मुनिबर यहु चार प्रकारा। ऐक्य थलहु बुध कीन्ह बिचारा।।
ऐक्य प्रथम दूसर आचारा। तीसर एकपात्रता सारा।।
सहभोजन यहु चउथ कहाई। क्रम सों लच्छन कहब बुझाई।।
बिसय बिलास भोग सुख लागी। लघु किनकिउ नहिं इच्छा जागी।।
निरमल चित्त सदा एक रूपा। कबहुँ कतहुँ नहिं होइ बिरूपा।।
सिवानन्दसागर अवगाही। साधक सोइ ऐक्य थल आही।।

दोहा - मलि मलि मैल छुड़ाइ पुनि निष्कलंक मन होइ।
बान्हि सिवोहं भावना पाव सिवैक्यहि सोइ।।350।।

चौपाई - संभु सच्चिदानन्द सरूपा। सकल जगत कारन सुरभूपा।।
तेहि मिलि एकभाव जो पावा। सो नर साधक सिद्ध कहावा।।

मायाशाक्तितिरोधानाच्छिवे भेदविकल्पना।
आत्मनस्तद्विनाशे तु नाद्वैतात्किञ्चिदिष्यते।।८।।

पशुत्वं च पतित्वं च मायामोहविकल्पितम्।
तस्मिन् प्रलयमापन्ने कः पशुः को नु वा पतिः।।९।।

घोरसंसारसर्पस्य भेदवल्मीकशायिनः।
बाधकं परमाद्वैतभावना परमौषधम्।।१०।।

भेदबुद्धिसमुत्पन्नमहासंसारसागरम् ।
अद्वैतबुद्धिपोतेन समुत्तरति देशिकः।।११।।

अज्ञानतिमिरोद्रिक्ता कामरक्षःक्रियाकरी।
संसारकालरात्रिस्तु नश्येदद्वैतभानुना।।१२।।

तस्मादद्वैतभावस्य सदृशो नास्ति योगिनाम्।
उपायो घोरसंसारमहातापनिवृत्तये।।१३।।

अद्वैतभावनाजातं क्षणमात्रेऽपि यत्सुखम्।
तत्सुखं कोटिवर्षेण प्राप्यते नैव भोगिभिः।।१४।।

चित्तवृत्तिसमालीनजगतः शिवयोगिनः।
शिवानन्दपरिस्फूर्तिर्मुक्तिरित्यभिधीयते।।१५।।

कबहुँ न सो देखइ जग जाला। माया कल्पित बिभव बिसाला।।
लहि ब्रम्हांड बुलबुला उद्भव। जेहि मँह बाढ़ होइ कछु संभव।।
जेहि कर पता न चल गहराई। छत्तीस तत्व लहर लहराई।।
माया रूप समुद्र अपारा। भय उपजै नहिं जाइ निहारा।।

दोहा - जो माया सागर अकथ जेहि लखि जीव डेराइ।
सो सिवैक्य बड़वाग्नि ते छन मँह जाइ सुखाइ॥351॥

चौपाई - माया जबहीं संभु समाई। सिव ते जीव भाग बिलगाई।।
जबु बिनसइ सो भाव असेषा। नहिं अद्वैत छाँड़ि अवसेषा।।
जो पसुभाव अउर पतिभावा। माया मोह बिकल्प बनावा।।
जबहीं माया मोह नसाई। कँह पसु कँह पुनि पति रहि जाई।।
बिसम बिसय बिस यहु संसारा। महा भयावन उरग पसारा।।
भेद रूप बिल करइ निवासा। छिन छिन छाँड़इ गरल उसाँसा।।

दोहा - ताहि बिनासन औषधी उत्तम अतिसय सोइ।
परमाद्वैतभावना सिद्ध प्रबल जो होइ॥352॥

चौपाई - भेद बुद्धि उत्पन्न अपारा। जगत जलधि दुर्गम दुस्तारा।।
मति अद्वैत सुदिढ़ करि नावा। देसिक चतुर पार होइ जावा।।
अति अज्ञान तिमिर अन्हिआरी। कामरच्छ करतूति करारी।।
यह संसार कालनिसि भारी। सिवाद्वैत रबि देइ बिदारी।।
एहि कारन जोगिन्ह नहिं काऊ। सिवाद्वैत सम आन उपाऊ।।
महाताप संसार सुघोरा। जेहि बल छनहिं नसाइ न थोरा।।
छनहि मात्र सुख जोगि जो पावा। जेहि अद्वैतभाव उपजावा।।
कोटि बरस लगि जतन करावइ। भोगी कबहुँ न सो सुख पावइ।।

दोहा - चित्तबृत्ति मँह लय करइ सिवजोगी संसार।
सिवानन्द परिफुरित ही मुकुति ताहि यहु सार॥353॥

शिवैकभावनापन्नशिवत्वे देहवानपि।
देशिको हि न लिप्येत स्वाचारैः सूतकादिभिः।।१६।।

